RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 10
नई दिल्ली, शनिवार, 12 नवंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





खिलाड़ियों को अनुभव के लिए विदेशी लीग खेलने की अनुमति दे
स्पोर्ट्स-12


# राजीव हत्याकांड के सभी दोषी रिहा

## सुप्रीम कोर्ट ने दिया आदेश, तमिलनाडु सरकार की सजा में छूट देने की सिफारिश व सजा काटने के दौरान दोषियों के संतोषजनक आचरण पर शीर्ष अदालत ने गौर किया

- कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद-142 के तहत प्रदत्त शक्ति का किया इस्तेमाल
- पीठ के अनुसार ए. जी. पेरारिवलन की रिहाई के कारण बाकियों पर भी समान रूप से लागू होते हैं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पूर्व** प्रधानमंत्री राजीव गांधी के हत्यारे अब जेल की चारदिवारी से बाहर आजाद जिंदगी जिएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को इस मामले में छह दोषियों- नलिनी श्रीहरन, आरपी रविचंद्रन, संतन, मुरुगन, रॉबर्ट पायस तथा जयकुमार को समय से पहले रिहा करने का आदेश दिया। ये सभी राजीव गांधी हत्याकांड में उम्रकैद की सजा काट रहे थे।

अदालत ने इन्हें दो मुद्दों पर राहत दी: तमिलनाडु सरकार ने दोषियों की सजा में छूट देने सिफारिश की थी तथा सजा काटने के दौरान इनका आचरण संतोषजनक था। न्यायाधीश बी.आर. गवई और न्यायाधीश बी.वी. नागरत्ना की पीठ ने कहा कि मामले के दोषियों में से एक ए. जी. पेरारिवलन के मामले में शीर्ष अदालत का पहले दिया गया फैसला इनके मामले में भी लागू होता है। संविधान के अनुच्छेद-142 के तहत प्रदत्त शक्ति का इस्तेमाल करते हुए, उच्चतम न्यायालय ने 18 मई को पेरारिवलन को रिहा करने का आदेश दिया था, जिसने जेल में 30 साल से अधिक की सज़ा पूरी कर ली थी। अनुच्छेद-142 के तहत, शीर्ष अदालत पूर्ण ( शेष पेज 9 )


श्रीहरन उर्फ मुरुगन


नलिनी श्रीहरन


संथन

### सीएम स्टालिन ने किया स्वागत राज्यपाल पर साधा निशाना

**पायनियर समाचार सेवा।** चेन्नई

**तमिलनाडु** के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने शुक्रवार को कहा कि राजीव गांधी हत्याकांड में उच्चतम न्यायालय के फैसले ने दिखाया है कि राज्यपालों को चुनी हुई सरकारों के फैसलों को ठंडे बस्ते में नहीं डालना चाहिए। राजीव गांधी हत्याकांड में छह दोषियों की रिहाई के न्यायालय के आदेश का स्वागत करते हुए स्टालिन ने कहा कि उच्चतम न्यायालय का यह फैसला इस बात को रेखांकित करता है कि राज्यपालों को चुनी हुई सरकारों के फैसलों और प्रस्तावों को ( शेष पेज 9 )

### कांग्रेस ने फैसले पर जताई नाखुशी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राजीव** गांधी हत्याकांड के मामले में उम्रकैद की सजा काट रही नलिनी श्रीहरन और आर. पी. रविचंद्रन को समय से पहले रिहाई पर कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति की है। पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पूरी तरह अस्वीकार्य और गलत बताया। पार्टी कानूनी राय लेकर अगला कदम उठाएगी। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि शीर्ष अदालत ने भारत की भावना के अनुरूप कार्य नहीं किया है।कांग्रेस पार्टी इसकी स्पष्ट शब्दों में निंदा करती है और इसे पूरी तरह अमान्य मानती है। इस बीच, पार्टी प्रवक्ता और वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने संवाददाताओं ( शेष पेज 9 )

### मामले की सुनवाई का घटनाक्रम

**28 जनवरी 1998:** पूनामल्ली निचली अदालत ने राजीव गांधी की हत्या के मामले में नलिनी श्रीहरन सहित 26 आरोपियों को दोषी करार दिया और उन सभी को मौत की सजा सुनाई।

**11 मई 1999:** उच्चतम न्यायालय ने चार दोषियों की मौत की सजा की पुष्टि की, जिनमें वी श्रीहरन उर्फ मुरुगन की पत्नी नलिनी, टी संथन उर्फ सुतंतीराराज, अरीवु उर्फ ए जी पेरारिवलन शामिल थे। साथ ही, शीर्ष न्यायालय ने तीन दोषियों--के. रॉबर्ट पायस, एस जयकुमार और पी रवि उर्फ रविचंद्रन की मौत की सजा को उम्र कैद में बदल दिया। इसके अलावा, 19 अन्य को सुनाई गई मौत की सजा निरस्त कर दी।

**19 अप्रैल 2000:** (तत्कालीन) मुख्यमंत्री एम करूणानिधि की अध्यक्षता में तमिलनाडु मंत्रिमंडल ने नलिनी की मौत की सजा को उम्र कैद में तब्दील करने की सिफारिश की। तीन अन्य की दया याचिका खारिज कर दी। राज्यपाल ने फैसले को मंजूरी दे दी।

**26 अप्रैल 2000:** वी श्रीहरन, टी संथन, ए जी पेरारिवलन ने राष्ट्रपति को दया याचिका दी।

**12 अगस्त 2011:** राष्ट्रपति ने केंद्र की सिफारिश पर तीनों की दया याचिकाएं खारिज कर दी।

**29 अगस्त 2011:** तमिलनाडु की (दिवंगत) मुख्यमंत्री जे जयललिता ने विधानसभा में एक प्रस्ताव पेश कर राष्ट्रपति से मौत की सजा को उम्र कैद में तब्दील करने का अनुरोध किया। प्रस्ताव पारित कर दिया गया और केंद्र सरकार के विचारार्थ भेजा गया।

**18 फरवरी 2014:** इन दोषियों की दया याचिकाओं में अत्यधिक विलंब होने का जिक्र करते हुए उच्चतम न्यायालय ने श्रीहरन, संथन और पेरारिवलन की मौत की सजा को उम्र कैद में तब्दील कर दिया।

**नौ सितंबर 2018:** मुख्यमंत्री के. पलानीस्वामी की अध्यक्षता में तमिलनाडु मंत्रिमंडल ने राज्यपाल से सभी सात दोषियों को संविधान के अनुच्छेद 161 के तहत रिहा करने की सिफारिश की।

**18 मई 2022:** उच्चतम न्यायालय ने पेरारिवलन की रिहाई का आदेश दिया। आरोप पत्र में कुल 41 लोगों को नामजद किया गया था और 26 पर मुकदमा चला, जबकि अन्य की मृत्यु हो गई। कुछ आरोपियों की मौत मुकदमा लंबित रहने के दौरान हुई, जबकि अब निष्क्रिय हो चुके श्रीलंका के संगठन लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) के वेलुपिल्लई प्रभाकरण सहित अन्य की बाद में मृत्यु हो गई।

# हिमाचल व गुजरात में चुनाव से पूर्व रिकॉर्ड नकदी व शराब जब्त

- वर्ष 2017 के चुनाव के मुकाबले इस बार पांच गुना अधिक सामग्री पकड़ी गईः आयोग
- हिमाचल में 12 नवंबर तो गुजरात में एक व पांच दिसंबर को होगा मतदान

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**गुजरात** और हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले भारी मात्रा में नकदी, शराब और मुफ्त उपहार जब्त किए गए हैं। विशेष यह कि अकेले गुजरात से ही एक लाख लीटर शराब पकड़ी गई है, जहां शराबबंदी की नीति लागू है। हिमाचल प्रदेश में एक चरण में 12 नवंबर तथा गुजरात में दो चरणों में एक और पांच दिसंबर को चुनाव होंगे। दोनों राज्यों में मतों की गिनती आठ दिसंबर को होगी। निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को बताया कि गुजरात और हिमाचल प्रदेश में चुनाव में बांटने के लिए लाई गई 11 लाख लीटर शराब, 65 करोड़ रुपये के उपहार और 17.84 करोड़ रुपये नकद जब्त किए गए हैं।

गुजरात में चुनावों की घोषणा के कुछ ही दिनों बाद कुल 71.88 करोड़ रुपए की नकदी और अन्य मुफ्त उपहार जब्त किए गए, जो 2017 के विधानसभा चुनावों में आदर्श आचार संहिता लागू करने की पूरी अवधि में जब्त की गई नकदी से दोगुने से भी बहुत अधिक है। उस समय 27.21 करोड़ रुपए की नकदी और अन्य सामग्री पकड़ी गई थी। इसी प्रकार 2017 के विधानसभा चुनावों की तुलना में हिमाचल प्रदेश में जब्त नकदी व अन्य सामग्री पांच गुना अधिक है। निर्वाचन आयोग के अनुसार हिमाचल प्रदेश में पिछले विधानसभा चुनाव 2017 के समय कुल जब्त नकदी व सामग्री 9.03 करोड़ रुपए की थी। इस बार यह 50.28 करोड़ रुपए से अधिक की है। आयोग ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में 10 नवंबर तक 17.18 करोड़ रुपए की नकदी, 17.5 करोड़ रुपए की शराब, 1.2 करोड़ रुपए की प्रतिबंधित दवाएं और 41 लाख रुपए के मुफ्त उपहार जब्त किए गए हैं।

इसी तरह, बृहस्पतिवार तक गुजरात में, 66 लाख रुपए की नकदी, 3.86 करोड़ रुपए की शराब, 94 लाख रुपए की प्रतिबंधित दवाएं, 64.56 करोड़ रुपए के मुफ्त उपहार जब्त किए गए। निर्वाचन आयोग ने कहा कि हाल ही में बिहार, ओडिशा, महाराष्ट्र, तेलंगाना, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के सात विधानसभा क्षेत्रों में हुए उपचुनावों के दौरान भी 9.35 करोड़ रुपए की महत्वपूर्ण जब्ती की गई थी। तेलंगाना के मुनुगोड़े विधानसभा क्षेत्र में हजारों लीटर शराब और 1.78 करोड़ रुपए की कीमती धातुओं के साथ-साथ 6.6 करोड़ रुपए की नकद राशि जब्त ( शेष पेज 9 )

# भारत में चीन की घुसपैठ आकस्मिक नहीं

- एक अध्ययन के मुताबिक पड़ोसी देश ने अपनी सुनियोजित विस्तारवादी रणनीति के चलते अक्साई चिन और अरुणाचल में किया अतिक्रमण

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/न्यूयार्क

**एक** अध्ययन के मुताबिक अक्साई चिन क्षेत्र तथा अरुणाचल प्रदेश में चीन की घुसपैठ दरअसल सुनियोजित थी जो उसके 'विस्तारवादी रणनीति' का हिस्सा है। यह अध्ययन नीदरलैंड के एक ग्रुप जिसमें उसकी रक्षा अकादमी भी शामिल है, ने किया है।

भारत और चीन के सैनिकों के पूर्वी लद्दाख के हॉट स्प्रिंग-गोगरा (पेट्रोलिंग प्वाइंट-15) से पीछे हटने के हफ्तों बाद यह अध्ययन सामने आया है। नीदरलैंड में नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी, टेक्निकल यूनिवर्सिटी



ऑफ डेल्फ्ट तथा नीदरलैंड डिफेंस एकेडमी ने हिमालय क्षेत्र में बढ़ता तनाव: भारत में चीनी सीमा अतिक्रमण का भू-स्थानिक विश्लेषण विषयक अध्ययन किया। उन्होंने पिछले 15 साल के मौलिक आंकड़ों का इस्तेमाल करते हुए अतिक्रमण का भू-स्थानिक विश्लेषण किया।

बृहस्पतिवार को जारी अध्ययन में कहा गया, हम देखते हैं कि संघर्ष को दो स्वतंत्र संघर्षों- पश्चिम और पूर्व में अलग-अलग किया जा सकता है जो अक्साई चिन तथा अरुणाचल प्रदेश के प्रमुख विवादित इलाकों के इर्दगिर्द है। अध्ययनकर्ताओं ने कहा, हमारा निष्कर्ष है कि पश्चिम में चीनी अतिक्रमण रणनीतिक रूप से नियोजित हैं जिनका उद्देश्य स्थाई नियंत्रण पाना है, या कम से कम विवादित क्षेत्रों की स्पष्ट यथास्थिति बनाकर रखना है। अध्ययन करने वाले दल ने घुसपैठ (इन्कर्जन) को भारत के क्षेत्र के रूप में अंतरराष्ट्रीय स्वीकार्य इलाकों में सीमा के आसपास चीनी सैनिकों की पैदल या वाहनों से किसी तरह की गतिविधि के रूप में परिभाषित किया है। उन्होंने एक मानचित्र पर 13 ऐसे स्थान चिह्नित किए हैं जहां बार-बार घुसपैठ होती है। अनुसंधानकर्ताओं ने 15 साल के आंकड़ों में प्रत्येक वर्ष घुसपैठ की औसतन 7.8 घटनाएं देखीं। हालांकि भारत सरकार का आकलन इससे बहुत अधिक है। भारत और चीन के बीच 3,488 किलोमीटर लंबी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) को लेकर सीमा विवाद है। चीन, अरुणाचल प्रदेश को दक्षिण तिब्बत का हिस्सा बताता है, वहीं भारत इसका विरोध करता है।

अक्साई चिन लद्दाख का बड़ा इलाका है जो इस समय चीन के कब्जे में है। भारत सरकार के 2019 के आंकड़ों के अनुसार चीन की सेना ने 2016 से 2018 के बीच 1,025 बार भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ की। तत्कालीन रक्षा राज्य मंत्री श्रीपद एसो नाइक ने ( शेष पेज 9 )

# भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे



**भाषा।** हिंगोली(महाराष्ट्र)

**शिवसेना** (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता एवं महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे हिंगोली के कलमनुरी में शुक्रवार को कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए। आदित्य ने राहुल गांधी के साथ पदयात्रा भी की। भारत जोड़ो यात्रा दिन में पड़ोसी नांदेड़ जिले से यहां पहुंची।

आदित्य ठाकरे पार्टी के सहकर्मी अंबादास दानवे और पूर्व विधायक सचिन अहीर के साथ यात्रा में शामिल हुए। दवे राज्य विधानपरिषद में विपक्ष के नेता हैं। उन्होंने कांग्रेस सांसद राहुल के साथ पदयात्रा की। यात्रा का आज 65वां दिन था। राहुल और आदित्य ने पदयात्रा के दौरान मार्ग में एकत्र लोगों का अभिवादन किया। यात्रा में शामिल लोगों पर नांदेड़ में अर्धापुर तालुका के सेनी गांव में फूल बरसाए गए, जिसके बाद यात्रा चोरम्बा फाटा पर हिंगोली जिले में प्रवेश कर गई।

यात्रा का उत्साह बढ़ाने के लिए लोगों का एक समूह हिंगोली पहुंचा था, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे शामिल थे। वे अपने साथ एक हाथी भी लाए थे। मार्ग के दोनों ओर खड़े लोगों ने यात्रा के समर्थन में और पूर्व सैन्य कर्मियों के लिए एक रैंक एक पेंशन लागू करने की मांग करते हुए नारे लगाए। पूर्व सैनिक साहेबराव होणे ने कहा, हमें लगता है कि कांग्रेस इस मांग को पूरा कर सकती है। राहुल ने यात्रा के मार्ग में खड़े लोगों से बातचीत भी की। बृहस्पतिवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की नेता सुप्रिया सुले और जितेंद्र आव्हाड ने यात्रा में हिस्सा लिया ( शेष पेज 9 )

# अगले आदेश तक जारी रहेगा शिवलिंग का संरक्षण

- हिंदू और मुस्लिम पक्ष के सहमति जताने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने यथास्थिति बरककरार रखने को कहा
- इलाहाबाद उच्च न्यायालय में ज्ञानवापी मस्जिद मामले में अब सुनवाई 28 नवंबर को

**भाषा।** नई दिल्ली

**वाराणसी** के ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी परिसर में जिस स्थान पर शिवलिंग मिलने की बात की गई थी, उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को अगले आदेश तक उस क्षेत्र की सुरक्षा बढ़ा दी। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा की पीठ ने ज्ञानवापी विवाद से संबंधित सभी वाद को एक साथ करने के लिए वाराणसी जिला न्यायाधीश के समक्ष आवेदन करने की हिंदू पक्षों को अनुमति दे दी। पीठ ने सर्वेक्षण आयुक्त की नियुक्ति के संबंध में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली अंजुमन इंतजामिया मस्जिद की प्रबंधन समिति द्वारा ( शेष पेज 9 )



### श्रृंगार गौरी मामले की अगली सुनवाई 5 दिसंबर को

**पायनियर ससमाचार सेवा।** वाराणसी

**वाराणसी** के जिला न्यायाधीश ए के विश्वेश ने ज्ञानवापी मां श्रृंगार गौरी मामले में उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में सुनवाई की अगली तारीख पांच दिसंबर तय की है। जिला शासकीय अधिवक्ता महेंद्र पांडेय ने बताया कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय में ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी मामले में चल रही सुनवाई को देखते हुए वाराणसी के जिला न्यायाधीश ए के विश्वेश ने अगली सुनवाई के लिए पांच दिसंबर की तिथि तय की है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति जे जे मुनीर ने संबंधित पक्षों के संयुक्त अनुरोध पर इस मामले पर अगली सुनवाई की तारीख 22 नवंबर, 2022 तय की है। अंजुमन इंतेजामिया ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,795 | ↑ 1181 |
| निफ्टी | 18,349 | ↑ 321 |
| सोना | 52,669 | ↑ 294 /10g |
| चांदी | 62,858 | ↑ 638 /kg |

## क्विक न्यूज

### संसद के शीतकालीन सत्र के दिसंबर के पहले हफ्ते पुराने भवन में शुरू होने की संभावना

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र के दिसंबर के पहले हफ्ते पुराने भवन में शुरू होने तथा महीने के अंत तक चलने की संभावना है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सात से 29 दिसंबर के बीच सत्र आयोजित करने का प्रस्ताव है और तारीखों के संबंध में अंतिम फैसला संसदीय मामलों की कैबिनेट समिति करेगी। सूत्रों ने कहा कि सत्र के पुराने भवन में आयोजित किए जाने की संभावना है, वहीं सरकार करीब।,200 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से तैयार हो रहे नए भवन के इस महीने के अंत या दिसंबर की शुरुआत में प्रतीकात्मक उद्घाटन पर भी विचार कर रही है।

# जजों की नियुक्ति में देरी पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने शुक्रवार को शीर्ष अदालत की कॉलेजियम द्वारा दोबारा भेजे गए नामों सहित उच्चतर न्यायपालिका में न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए अनुशंसित नामों को केंद्र द्वारा लंबित रखने पर नाराजगी जताई और इस प्रवृति को अस्वीकार्य बताया। शीर्ष अदालत ने कहा कि नामों पर कोई निर्णय न लेना ऐसा तरीका बनता जा रहा है कि उन लोगों को अपनी सहमति वापस लेने को मजबूर किया जाए, जिनके नामों की सिफारिश उच्चतर न्यायपालिका में बतौर न्यायाधीश नियुक्ति के लिए की गई है।

न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति अभय एस. ओका की पीठ ने कहा कि नामों को बेवजह लंबित रखना स्वीकार्य नहीं है। पीठ ने केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के सचिव (न्याय) को नोटिस जारी कर शीर्ष अदालत के 20 अप्रैल 2021 के आदेश के अनुरूप समय पर नियुक्ति के लिए निर्धारित समय सीमा की



जानबूझ कर अवज्ञा करने के आरोप वाली याचिका पर जवाब मांगा। एडवोकेट्स एसोसिएशन, बेंगलुरु द्वारा अधिवक्ता पई अमित के माध्यम से दायर याचिका में उच्चतर न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति में असाधारण देरी का मुद्दा उठाया गया है। इसने 11 नामों का उल्लेख किया है, जिनकी सिफारिश की गई थी और बाद में ये नाम दोबारा भी भेजे जा चुके हैं। पीठ ने कहा कि अगर हम विचार के लिए लंबित मामलों की स्थिति को देखें, तो सरकार के पास ऐसे 11 मामले लंबित हैं, जिन्हें कॉलेजियम ने मंजूरी दे दी थी और अभी तक उनकी नियुक्ति की प्रतीक्षा की जा रही है। पीठ ने कहा कि कॉलेजियम द्वारा दोबारा भेजे गए नामों सहित अनुशंसित नामों को मंजूरी देने में देरी के कारण कुछ लोगों ने अपनी सहमति वापस ले ली है और (न्यायिक) तंत्र ने पीठ में एक प्रतिष्ठित व्यक्ति के शामिल होने का अवसर खो दिया है।


शीर्ष अदालत ने कहा कि हम पाते हैं कि नामों को रोककर रखने की प्रवृति इन लोगों को अपना नाम वापस लेने के लिए मजबूर करने का एक तरीका बन गया है, ऐसा हुआ भी है। याचिकाकर्ता के वकील की इस बात का भी संज्ञान लिया गया कि जिन व्यक्तियों का नाम दोबारा भेजे जाने के बाद भी लंबित था, उनमें से एक का निधन हो गया है। पीठ ने इस बात का भी संज्ञान लिया कि सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने शीर्ष अदालत के समक्ष दलील दी है कि शीर्ष अदालत में नियुक्ति के लिए पांच सप्ताह से अधिक समय पहले की गई सिफारिश आज भी लंबित है। पीठ ने कहा कि हम वास्तव ( शेष पेज 9 )

# नहीं रहे अभिनेता सिद्धांत, जिम में पड़ा दिल का दौरा

**भाषा।** मुंबई

**कुसुम**, कसौटी जिंदगी की और जिद्दी दिल माने ना जैसे धारावाहिकों के कारण लोकप्रिय टेलीविजन अभिनेता सिद्धांत सूर्यवंशी की यहां शुक्रवार को एक जिम में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। वह 46 वर्ष के थे। अभिनेता फिटनेस को लेकर काफी सजग थे। उन्हें अपराह्न साढ़े बारह बजे कोकिलाबेन धीरुभाई अंबानी हॉस्पिटल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

अस्पताल के एक सूत्र ने यह जानकारी दी। सूत्र ने पीटीआई-भाषा से कहा, उन्होंने अभिनेता को बचाने का हर तरह से प्रयास किया। लेकिन आशंका है कि जिम में रहते हुए ही उन्हें दिल का दौरा पड़ा था। अस्पताल ने परिजनों को यह बात कही। सिद्धांत की मृत्यु मनोरंजन जगत में हाल ही में होने वाली मौत की श्रृंखला में नवीनतम है। ऐसे सभी अभिनेताओं की उम्र 40 वर्ष के आसपास थी और


सिद्धांत सूर्यवंशी का फाइल चित्र

सभी अपने करियर के प्रमुख दौर में थे। उनमें से कुछ को जिम में कसरत करते समय दिल का दौरा पड़ा। इस सूची में, दक्षिण सिनेमा के स्टार पुनीत राजकुमार, टेलिविजन अभिनेता सिद्धार्थ शुक्ला, ब्रह्म स्वरूप मिश्रा, दीपेश भान और सलमान खान के बॉडी डबल सागर पांडे शामिल हैं। मशहूर हास्य-अभिनेता राजू श्रीवास्तव (58) को कसरत के दौरान दिल का दौरा पड़ा और एक महीने से अधिक समय तक वेंटिलेटर पर रहने के बाद उनका निधन हो गया।

सूर्यवंशी को पहले आनंद सूर्यवंशी के नाम से जाना जाता था। वह 2001 के शो कुसुम से टेलीविजन की दुनिया में आए और चर्चित सितारे बन गए। उन्होंने ममता , गृहस्थी और वारिस जैसे कार्यक्रम भी किए। टीवी पर वह आखिरी बार इस साल सोनी सब के जिद्दी दिल माने ना में दिखे थे। अभिनेता के अचानक निधन से टेलीविजन उद्योग में शोक की लहर व्याप्त हो गई। उनकी सह कलाकार रहीं उर्वशी ढोलकिया, गौतम रोडे और जय भानुशाली सहित कई कलाकारों ने सूर्यवंशी की मौत पर दुख जताया है। ढोलकिया ने कहा कि उन्हें अब भी यकीन नहीं हो रहा है।

अभिनेत्री ने कहा, मैं उनसे एक साल पहले मिली थी और वह हर तरह से ठीक नजर आ रहे थे। वह फिटनेस प्रेमी थे और उनके बारे में जानकर हैरान हूं। मैं उनसे कसौटी जिंदगी की के सेट पर मिली थी। रोडे ने ट्वीट किया, सिद्धांत की मौत के बारे में सुनकर वाकई में स्तब्ध हूं। उनके परिवार और दोस्तों को मेरी संवेदनाएं। ओम शांति। भानुशाली ने इंस्टाग्राम पर सूर्यवंशी की एक तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा, बहुत जल्दी चले गए। फिल्म ( शेष पेज 9 )

# नगर निगम में सत्ता मिली तो दस मोर्चों पर करेंगे विकासः केजरीवाल

● मुख्यमंत्री ने गारंटी कार्ड में किया दिल्ली को विश्वस्तरीय शहर बनाने का वादा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली नगर निगम चुनाव के लिए शुक्रवार को आप का घोषणापत्र जारी कर दिया। उन्होंने 4 दिसंबर को होने वाले एमसीडी चुनावों के लिए आप की 10 गारंटी का ऐलान किया है। जिसमें तीनों लैंडफिल साइटों को खत्म करना, निगम में भ्रष्टाचार खत्म करना और कर्मियों को समय पर वेतन का भुगतान करना, अस्थायी कर्मचारियों को स्थायी करना, शानदार सड़कें व गलियां, स्तरीय शिक्षा व्यवस्ता, सुंदर पार्क, व्यापारियों को समस्याओं से मुक्ति, वेंडिंग जोन बनाने, पार्किंग की समस्या को समाधान करना और आवारा पशुओं से छुटकारा दिलाना जैसी गारंटियां शामिल है। साथ ही दावा किया वह जो कहते हैं, वह करते हैं।

अरविंद केजरीवाल ने संवाददाता सम्मेलन में नाम लिया बिना भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भगवा पार्टी पहले संकल्प पत्र लेकर आई थी। फिर उसे कूडे में फेंक दिया। अब वचन पत्र लेकर आई है। इसे भी 7 दिसंबर को नतीजों के बाद कूड़े में फेंक देगी। पहले भाजपा ने कहा था कि कचरे के पहाड़ को खत्म कर देंगे। अब कह रहे हैं कि ये तो हर शहर में होते हैं। केजरीवाल ने सवाल पूछा कि क्या लंदन, टोक्यो, न्यूयार्क, वाशिंगटन, पेरिस में कूड़े के पहाड़ हैं। केजरीवाल ने दिल्ली वालों से अपील करते हुए कहा कि योग रोकने, लड़ाई झगड़ा करने और विकास कार्यो को रोकने वालों को वोट मत देना, बल्कि योग करवाने, स्कूल बनवाने और दिल्ली को चलाने वालों को वोट देना। लोग बेसब्री से एमसीडी के चुनाव का इंतजार रहे हैं। क्योंकि 15 साल से जनता के साथ धोखा हो रहा है।




## आम आदमी पार्टी की 10 गारंटी

दिल्ली को को सुंदर बनाएंगे। तीनों कूड़े के पहाड़ खत्म करेंगे। भविष्य में कोई नया पहाड़ा नहीं बनने देंगे। सड़कों और गलियों को साफ करेंगे। एमसीडी को भ्रष्टाचार से मुक्त करना। भवन बिभाग में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार होता है। लेंटर जो उगाही होती है उसको खत्म करेंगे। पार्किंग की समस्या पर लगाम लगाना। आवारा पशुओं की समस्या से निजात दिलाएंगे। निगम की गलियों और सड़कों सुदंर और साफ-सुथरा बनाना। निगम के स्कूल और अस्पताल को दुरुस्त करेंगे। पार्कों को शानदार बनाना। सभी अस्थायी कर्मचारियों को स्थायी करके समय पर वेतन सुनिश्चित किया जाएगा। व्यापारियों के लिए लाइसेंस प्रणाली को सरल बनाना और रेहड़ी और पटरी वालों के लिए वेंडिंग जोन बताएंगे।

## आप की गारंटी खोखला श्वेत पत्र : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के 10 गांरटी को खोखला स्वेत पत्र करार दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी दिल्ली की सफाई व्यवस्था को विश्वस्तरीय बनाएगी और नई दिल्ली नगरपालिका परिषद और दिल्ली छावनी की सफाई व्यवस्था की तर्ज पर पूरी राजधानी में सफाई के लिए अभियान की शुरुआत करेंगे।

## जिनके नाम वारंट हैं, वे नहीं दे सकते है गारंटी : भाजपा

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के दिल्ली नगर निगम चुनावों के लिए 10 वादों की घोषणा के बाद उस पर निशाना साधते हुए भाजपा नेता ने कहा कि जिनके नाम पर वारंट जारी हैं, वे गारंटी नहीं दे सकते। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि दिल्ली में ईमानदार सरकार का वादा करने वालों ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े सबूतों को नष्ट करने के लिए 1.2 करोड़ रुपए के 140 मोबाइल फोन बदल दिए।

संबित पात्रा ने कहा कि रद्द की जा चुकी नई आबकारी नीति में कथित अनियमितताओं की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय ने बृहस्पतिवार को एक विशेष धनशोधन रोकथाम अधिनियम अदालत से कहा कि एक जांच में पता चला कि उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया समेत तीन दर्जन वीआईपी लोगों ने डिजिटल सबूतों को नष्ट करने की मंशा से करीब 140 मोबाइल फोन बदल डाले। मामले में सिसोदिया आरोपी हैं।

पात्रा ने आरोप लगाया, सिसोदिया ने यह सब मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निर्देशों पर किया। ऐसे में आबकारी नीति में भ्रष्टाचार के स्तर की कल्पना कर सकते हैं। भाजपा नेता ने कहा कि सिसोदिया ने आबकारी नीति के मसौदे और निविदा दस्तावेजों से संबंधित फाइलों की सॉफ्ट प्रतियां एक पैन ड्राइव में अपने ही विभाग से मांगी।

# आप ने जारी की 134 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट

● पार्टी ने 90 फीसदी पुराने चेहरों पर जताया भरोसा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

एमसीडी चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने शुक्रवार देरा रात 134 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। ये वो नाम है जिनपर किसी को आपत्ति नहीं है। इस संबंध में आप के एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक का कहना है कि पार्टी को करीब 20 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं। इन सभी आवेदनों पर विचार किया जा रहा है।

पार्टी जल्द ही अन्य उम्मीदवारों की सूची जारी करेंगी। उन्होंने कहा कि उम्मीदवार के चयन के लिए तीन तरह से काम किया जा रहा है। इसमें उम्मीदवार को लेकर क्षेत्र में सर्वे, संगठन के माध्यम से जानकारी जुटाना और लोगों से बात कर क्षेत्र में उक्त उम्मीदवार की छवि की जानकारी जुटाई गई है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार हुई पॉलिटिकल अफेयर्स कमिटी (पीएसी) की मैराथन बैठक में उम्मीदवारों की सूची को अंतिम रूप दिया गया। पीएसी ने सर्व सम्मति से आम आदमी पार्टी से जुड़कर जमीनी स्तर पर जनहित के लिए काम करने वाले 90 फीसद पुराने कार्यकर्ताओं को टिकट देने का निर्णय लिया। केजरीवाल ने पीएसी के सभी सदस्यों के साथ दिल्ली नगर निगम चुनाव में आम आदमी पार्टी की तरफ से चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों पर गंभीरता पूर्वक विचार-विमर्श किया।

इस दौरान केजरीवाल ने पीएसी के सदस्यों के विचारों को भी जाना और सबकी सहमति के बाद प्रत्याशियों की पहली सूची जारी करने का ऐलान किया। आम आदमी पार्टी ने प्रत्याशियों के चयन में, जनता के बीच अपनी पहचान रखने वाले और लोगों की सेवा में लगातार अग्रणी रहने वाले पार्टी कार्यकर्ताओं को महत्व दिया है। पार्टी का मानना है कि जनता से सरोकार रखने वाले लोग ही चुनकर आएंगे तभी जनता की समस्याओं का समय से समाधान हो सकेगा और दिल्ली को साफ सुथरा और विश्व स्तरीय शहर बनाने में सबका सहयोग मिल सकेगा। पार्टी के टिकट पर निगम का चुनाव लड़ने वाले कार्यकर्ताओं की भारी संख्या को देखते हुए योग्य प्रत्याशियों के चयन में कई पहलुओं को ध्यान रखा है। आम आदमी पार्टी नेचुनाव लड़ने के इच्छुक कार्यकर्ताओं से काफी पहले ही आवेदन पत्र मांग लिए थे।

## मुख्यमंत्री का दावा, 20 सीटों पर सिमट जाएगी भाजपा

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दावा किया है कि भाजपा निगम चुनाव में सिर्फ 20 सीटों पर सिमट जाएगी। कहो तो लिखकर दे दूं। उन्होंने यह भी कहा कि आम आदमी पार्टी एमसीडी चुनाव जीतेंगे और भाजपा हारेगी।

# डीयू दाखिला : स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए तीसरा लिस्ट होगी जारी

● 70,000 सीटों में से 61,500 से अधिक पर दाखिले हो चुके

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के पंजीयक विकास गुप्ता ने कहा कि स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए तीसरे चरण के सीट आवंटन की घोषणा रविवार को की जाएगी।

सामान्य सीट आवंटन प्रणाली (सीएसएएस) के तीसरे चरण में पाठ्एत्तर गतिविधियां (ईसीए), खेल, सीडब्ल्यू (सशस्त्र बल के सैनिकों के बच्चे तथा विधवा) और कश्मीरी शरणार्थी समेत सभी अतिरिक्त कोटे में दाखिले दिए जाएंगे। सीट आवंटन का तीसरा चरण बृहस्पतिवार को शुरू होना था लेकिन विश्वविद्यालय ने बुधवार को घोषणा की कि इसका कार्यक्रम बदल दिया गया है। अब यह चरण रविवार शाम पांच बजे शुरू होगा और 20 नवंबर को खत्म होगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि तीसरे चरण में देरी इसलिए की गई क्योंकि विश्वविद्यालय को सभी अतिरिक्त सीटों जैसे कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के तहत दाखिले के लिए सूची तैयार करने में थोड़ा समय चाहिए था। अभी तक दो चरणों में सीट आवंटन पूरा हो गया है। विश्वविद्यालय की स्नातक पाठ्यक्रमों की 70,000 सीटों में से 61,500 से अधिक पर दाखिले हो चुके हैं।

# जेएनयू के छात्रों में हाथापाई दोनों पक्षों की प्राथमिकी दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय परिसर में छात्रों के गुटों में हाथापाई के मामले में दिल्ल पुलिस ने दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कीं। गत बृहस्पतिवार को हुई इस घटना में दो छात्र घायल हो गए थे जबकि विश्वविद्यालय के सूत्रों ने एक ही छात्र के घायल होने का दावा किया। बुधवार को नर्मदा छात्रावास के पास जन्मदिन की पार्टी के दौरान हाथापाई की घटना हुई थी। पुलिस उपायुक्त मनोज सी ने कहा कि जेएनयू छात्र निशांत नागर की शिकायत पर भारतीय दंड संहिता की धारा 323 (जानबूझकर चोट पहुंचाना), 341 (गलत तरीके से रोकना) और 34 (साझा मंशा) के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि जेएनयू के एक अन्य छात्र कार्तिक की शिकायत पर वसंत कुंज (उत्तर) पुलिस स्टेशन में इसी तरह की धाराओं के तहत दूसरी प्राथमिकी दर्ज की गई है और आगे की जांच जारी है। सोशल मीडिया पर कुछ कथित वीडियो क्लिप प्रसारित किए गए, जिसमें दिख रहा है कि कुछ छात्र परिसर में हाथ में लाठियां लिए भाग रहे हैं।

## डेरा प्रेमी हत्याकांड में गोल्डी बराड़ गैंग के तीन शूटर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पंजाब के फरीदकोट में गुरुवार को हुए डेरा प्रेमी प्रदीप कुमार कटारिया उर्फ राजू हत्याकांड मामले में दिल्ली पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। इस हत्याकांड के एक दिन बाद ही स्पेशल सेल ने गोल्डी बरार गैंग तीन शूटर को पकड़ा है।

इनमें दो नाबालिग हैं। आरोपी लगातार गोल्डी के संपर्क में थे। दिल्ली पुलिस के अनुसार, स्पेशल सेल ने शुक्रवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे खुफिया जानकारी के आधार पर छह हमलावरों में से तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया। बरगाड़ी बेअदबी मामले में आरोपित डेरा प्रेमी प्रदीप सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या की जिम्मेदारी गैंगस्टर गोल्डी बरार ने ली है। कुल 6 हमलावर 3 मोटरसाइकिलों पर आए और ताबड़तोड़ 60 गोलियां चलाई।

## सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित

नई दिल्ली। धन शोधन के एक मामले में आम आदमी पार्टी के नेता सत्येंद्र जैन और अन्य की जमानत याचिकाओं पर दिल्ली की एक अदालतन ने फैसला 16 नवंबर तक के लिए सुरक्षित रख लिया। जैन ने अदालत से उन्हें जमानत देने का आग्रह करते हुए यह दलील दी कि अब उन्हें और हिरासत में रखने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा।

## प्रदूषण बेहद गंभीर, ग्रेप तीसरे चरण के तहत जारी रहेंगे प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण बढ़ने के मद्देनजर ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) के तीसरे चरण के तहत प्रतिबंध जारी रहेगा। केंद्र के वायु गुणवत्ता पैनल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। दिल्ली में 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक शुक्रवार को शाम रात आठ बजे 339 दर्ज किया गया जबकि बृहस्पतिवार को यह 295 था।

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में पिछले दो दिन से वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) बढ़ रहा है। हवा की स्थिति बहुत अनुकूल नहीं रही है, इसलिए वायु प्रदूषकों का फैलाव बहुत प्रभावी नहीं रहा है।

ग्रेप संबंधी उप-समिति ने वायु गुणवत्ता को और खराब होने से रोकने के लिए कदमों को जारी रखने की समीक्षा के बाद निर्णय लिया है कि ग्रेप के तीसरे चरण के तहत लागू किए गए प्रतिबंध जारी रहेंगे और इसे इस समय वापस नहीं लिया जाना चाहिए। ग्रेप के तीसरे चरण के तहत दिल्ली-एनसीआर में आवश्यक परियोजनाओं को छोड़कर सभी निर्माण और विध्वंस कार्य प्रतिबंधित हैं।

AXIS BANK

## स्वर्ण आभूषणों के रूप में बंधक आस्तियों की ई-नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना

कर्जदारों को विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण को एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि एक्सिस बैंक द्वारा नीचे वर्णित खातों में बंधक स्वर्ण आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी नीचे वर्णित शाखाओं में की जानी प्रस्तावित है। नीचे वर्णित कर्जदारों ने बैंक के पक्ष में स्वर्ण आभूषण बतौर प्रतिभूति बंधक रखकर एक्सिस बैंक से क्रेडिट सुविधा ("स्वर्ण ऋण सुविधा") प्राप्त की है। कर्जदारों/गारंटरों को मांग सूचनाएं जारी की गई थीं, जिनमें कर्जदारों/गारंटरों से उनके द्वारा प्राप्त की गई स्वर्ण ऋण सुविधा के संबंध में बकाया राशि चुकाने की मांग की गई थी। जबकि कर्जदार/गारंटर बकाया ऋण राशि चुकाने में असफल रहे हैं, बैंक बंधक का आह्वान करने हेतु बाध्य है तथा बंधक स्वर्ण आभूषणों, जिनका अधिक विशिष्ट वर्णन यहां नीचे सम्पत्ति की अनुसूची में किया गया है, की ई-नीलामी दिनांक 21-11-2022 को अप. 12.30 बजे से अप. 3.30 बजे तक "जैसा है जहां है", जो है जैसा है", जो है वहां है" और "कोई उपाय नहीं आधार" पर संचालित की जानी प्रस्तावित है।

कर्जदारों और बकाया राशि का विस्तृत विवरण

| क्र. सं. | शाखा का नाम | ग्राहक का नाम | ऋण खाता संख्या | बकाया राशि | प्रत्याह्वान की तिथि | सकल भार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | आरती | XXXXXXXXXXX9011 | 428744.00 | 22-07-22 | 137.70 |
| 2 | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | कंगना मल्ला | XXXXXXXXXXX7745 | 388047.00 | 11-08-22 | 185.00 |
| 3 | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | पृथ्वी सिंह चौहान | XXXXXXXXXXX1180 | 319497.00 | 03-12-21 | 110.10 |
| 4 | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | सन्नी दयाल | XXXXXXXXXXX3043 | 52772.00 | 26-07-22 | 28.80 |
| 5 | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | नीरज कुमार | XXXXXXXXXXX9946 | 39250.00 | 24-03-22 | 16.30 |
| 6 | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | ममता | XXXXXXXXXXX2961 | 441255.78 | 03-09-22 | 184.90 |
| 7 | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | उमेश सिंह | XXXXXXXXXXX9003 | 255603.40 | 28-02-22 | 201.20 |
| 8 | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | धनराज खन्ना | XXXXXXXXXXX5842 | 204722.70 | 06-06-22 | 74.00 |
| 9 | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | वसी अहमद | XXXXXXXXXXX3648 | 69933.00 | 18-06-22 | 23.80 |
| 10 | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | संजय चौधरी | XXXXXXXXXXX4679 | 57872.00 | 28-07-22 | 22.40 |
| 11 | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | अमित जैन | XXXXXXXXXXX4197 | 49148.00 | 17-05-22 | 14.80 |
| 12 | बाली नगर, नई दिल्ली (डीएल) | मानवेन्द्र यादव | XXXXXXXXXXX7903 | 516514.00 | 18-07-22 | 170.50 |
| 13 | बाली नगर, नई दिल्ली (डीएल) | आशीष कुमार मिश्रा | XXXXXXXXXXX5363 | 195981.00 | 05-02-22 | 71.00 |
| 14 | बाली नगर, नई दिल्ली (डीएल) | रणवीर कुमार | XXXXXXXXXXX3835 | 78376.50 | 03-09-22 | 36.70 |
| 15 | दरियागंज, दिल्ली (डीएल) | सुरिन्दर कौर | XXXXXXXXXXX2169 | 846762.00 | 26-07-22 | 263.69 |
| 16 | फरीदाबाद (एचआर) | अजय नरूला | XXXXXXXXXXX8760 | 671861.00 | 22-06-22 | 228.40 |
| 17 | फरीदाबाद (एचआर) | मनीष गुप्ता | XXXXXXXXXXX9551 | 259190.00 | 06-06-22 | 87.80 |
| 18 | फरीदाबाद (एचआर) | लोकेश | XXXXXXXXXXX4270 | 258750.00 | 22-06-22 | 85.70 |
| 19 | फरीदाबाद (एचआर) | जितेन्द्र अग्रवाल | XXXXXXXXXXX0620 | 156853.00 | 03-09-22 | 57.50 |
| 20 | फरीदाबाद (एचआर) | अमरजीत सिंह | XXXXXXXXXXX7341 | 100318.00 | 18-06-22 | 32.10 |
| 21 | फरीदाबाद (एचआर) | कंचन कुमारी | XXXXXXXXXXX9321 | 94396.00 | 18-07-22 | 33.10 |
| 22 | फरीदाबाद (एचआर) | परमानंद सिंह | XXXXXXXXXXX6771 | 103440.00 | 18-06-22 | 35.00 |
| 23 | फरीदाबाद (एचआर) | गौरव | XXXXXXXXXXX3237 | 56800.00 | 17-05-22 | 18.50 |
| 24 | फरीदाबाद (एचआर) | अशोक कुमार | XXXXXXXXXXX3152 | 49244.90 | 22-06-22 | 15.80 |
| 25 | गाजियाबाद (यूपी) | मोहम्मद शाहिद | XXXXXXXXXXX9929 | 202614.00 | 07-01-22 | 67.30 |
| 26 | गाजियाबाद (यूपी) | हकीकत अली | XXXXXXXXXXX9608 | 62809.00 | 28-02-22 | 20.80 |
| 27 | ज्योति नगर दिल्ली डीएल | हैदर अली | XXXXXXXXXXX9794 | 370218.00 | 05-09-22 | 129.70 |
| 28 | ज्योति नगर दिल्ली डीएल | मनीष शर्मा | XXXXXXXXXXX5595 | 343762.00 | 22-07-22 | 135.00 |
| 29 | ज्योति नगर दिल्ली डीएल | शुभम गर्ग | XXXXXXXXXXX1760 | 83195.00 | 03-09-22 | 32.80 |
| 30 | ज्योति नगर दिल्ली डीएल | मोहित | XXXXXXXXXXX7592 | 128349.00 | 18-06-22 | 54.90 |
| 31 | ज्योति नगर दिल्ली डीएल | मोहित | XXXXXXXXXXX7494 | 54839.00 | 18-06-22 | 19.20 |
| 32 | काल्काजी, नई दिल्ली (डीएल) | अगम्य झा | XXXXXXXXXXX1894 | 559530.00 | 13-04-22 | 208.90 |
| 33 | काल्काजी, नई दिल्ली (डीएल) | ममता | XXXXXXXXXXX5189 | 70310.80 | 18-06-22 | 36.70 |
| 34 | किशन गंज ओडी डीएल | अजीत कुमार | XXXXXXXXXXX4400 | 59359.00 | 18-06-22 | 22.80 |
| 35 | किशन गंज ओडी डीएल | मोहम्मद शाहिद अंसारी | XXXXXXXXXXX2402 | 126090.80 | 22-07-22 | 43.80 |
| 36 | किशन गंज ओडी डीएल | अजय कुमार शर्मा | XXXXXXXXXXX6135 | 113847.00 | 28-07-22 | 33.40 |
| 37 | किशन गंज ओडी डीएल | सतीश कुमार पांडे | XXXXXXXXXXX3598 | 27637.90 | 18-07-22 | 10.50 |
| 38 | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | अरूण शर्मा | XXXXXXXXXXX2397 | 530636.00 | 24-03-22 | 204.80 |
| 39 | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | संजय कुमार तेवतिया | XXXXXXXXXXX2401 | 380694.00 | 22-07-22 | 126.60 |
| 40 | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | अरविंद | XXXXXXXXXXX9432 | 320731.00 | 18-07-22 | 128.90 |
| 41 | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | विजय सिंह | XXXXXXXXXXX8603 | 291690.00 | 14-07-22 | 96.30 |
| 42 | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | जय प्रकाश अडवानी | XXXXXXXXXXX4359 | 221654.00 | 06-06-22 | 75.30 |
| 43 | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | कौसर अली | XXXXXXXXXXX7503 | 158916.00 | 26-07-22 | 84.00 |
| 44 | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | जय प्रकाश अडवानी | XXXXXXXXXXX2261 | 108148.00 | 30-04-21 | 39.70 |
| 45 | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | रागिनी सिन्हा | XXXXXXXXXXX0746 | 88403.00 | 13-09-22 | 30.80 |
| 46 | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | हिमांशु भाटिया | XXXXXXXXXXX0413 | 11090.00 | 18-07-22 | 73.30 |
| 47 | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | मोहम्मद शाजिद खान | XXXXXXXXXXX3009 | 94678.00 | 03-09-22 | 31.50 |
| 48 | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | विजय चौधरी | XXXXXXXXXXX9433 | 65367.20 | 07-01-22 | 20.10 |
| 49 | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | अंकुश शर्मा | XXXXXXXXXXX7898 | 35113.00 | 30-03-22 | 7.50 |
| 50 | मालवीय नगर, नई दिल्ली (डीएल) | इरशाद | XXXXXXXXXXX4565 | 722246.00 | 22-07-22 | 279.70 |
| 51 | मालवीय नगर, नई दिल्ली (डीएल) | गीतांजलि सिंह | XXXXXXXXXXX3735 | 283421.00 | 24-03-22 | 115.90 |
| 52 | मालवीय नगर, नई दिल्ली (डीएल) | राकेश कुमार | XXXXXXXXXXX0972 | 65478.00 | 03-09-22 | 29.50 |
| 53 | मयूर विहार, नई दिल्ली (डीएल) | हितिश लाम्बा | XXXXXXXXXXX2310 | 1609580.00 | 26-07-22 | 610.30 |
| 54 | मयूर विहार, नई दिल्ली (डीएल | अनिल कुमार लाम्बा | XXXXXXXXXXX7387 | 1274333.00 | 06-08-22 | 788.30 |
| 55 | मयूर विहार, नई दिल्ली (डीएल | मोनिका अग्रवाल | XXXXXXXXXXX0129 | 423090.00 | 05-09-22 | 156.00 |
| 56 | मयूर विहार, नई दिल्ली (डीएल | हितिश लाम्बा | XXXXXXXXXXX1856 | 394570.00 | 22-07-22 | 123.40 |
| 57 | मयूर विहार, नई दिल्ली (डीएल | अरूण कुमार | XXXXXXXXXXX0782 | 81453.00 | 03-09-22 | 30.50 |
| 58 | मयूर विहार, नई दिल्ली (डीएल | प्रियंका यादव | XXXXXXXXXXX5554 | 163194.00 | 30-03-22 | 60.20 |
| 59 | मयूर विहार, नई दिल्ली (डीएल | अजयवीर सिंह | XXXXXXXXXXX9853 | 67894.00 | 17-05-22 | 27.60 |
| 60 | मीरा बाग, नई दिल्ली (डीएल) | बिलाल रियाज | XXXXXXXXXXX1682 | 399364.00 | 22-07-22 | 149.50 |
| 61 | मीरा बाग, नई दिल्ली (डीएल) | अमित कुमार तिवारी | XXXXXXXXXXX7643 | 41111.80 | 18-07-22 | 15.90 |
| 62 | नांगलोई, दिल्ली (डीएल) | आरती | XXXXXXXXXXX3220 | 239142.00 | 22-07-22 | 76.20 |
| 63 | नजफगढ़, नई दिल्ली (डीएल) | गुलाब | XXXXXXXXXXX0039 | 908728.00 | 06-06-22 | 390.50 |
| 64 | नजफगढ़, नई दिल्ली (डीएल) | राहुल | XXXXXXXXXXX3685 | 84748.00 | 17-05-22 | 36.20 |
| 65 | न्यू फ्रेंड्स कालोनी, नई दिल्ली (डीएल) | सचिन गुप्ता | XXXXXXXXXXX6135 | 52930.00 | 03-09-22 | 19.00 |
| 66 | नांगलोई, दिल्ली (डीएल) | इब्राहीम खान | XXXXXXXXXXX6896 | 128990.80 | 17-05-22 | 43.00 |
| 67 | नजफगढ़, नई दिल्ली (डीएल) | मोहम्मद साजिद खान | XXXXXXXXXXX7348 | 106970.00 | 21-04-22 | 36.14 |
| 68 | नजफगढ़, नई दिल्ली (डीएल) | शहनाज | XXXXXXXXXXX2723 | 37397.80 | 26-07-22 | 13.90 |
| 69 | नोएडा (यूपी) | धीरज सहरावत | XXXXXXXXXXX6110 | 767701.00 | 03-09-22 | 264.70 |
| 70 | नोएडा (यूपी) | राजेश यादव | XXXXXXXXXXX3145 | 559992.00 | 11-08-22 | 197.00 |
| 71 | नोएडा (यूपी) | किशोर कुणाल | XXXXXXXXXXX8216 | 330970.00 | 22-06-22 | 108.80 |
| 72 | नोएडा (यूपी) | रतन चन्द्रा | XXXXXXXXXXX5279 | 148369.00 | 22-06-22 | 80.40 |
| 73 | नोएडा (यूपी) | अमित कुमार | XXXXXXXXXXX0984 | 44579.00 | 12-09-22 | 16.40 |
| 74 | नोएडा (यूपी) | प्रदीप अवाना | XXXXXXXXXXX4021 | 289357.00 | 18-07-22 | 93.50 |
| 75 | नोएडा (यूपी) | अरविंद कुमार सिंह | XXXXXXXXXXX9468 | 284060.00 | 22-07-22 | 92.40 |
| 76 | नोएडा (यूपी) | प्रोमिश कुमार | XXXXXXXXXXX6958 | 190528.70 | 22-07-22 | 84.50 |
| 77 | नोएडा (यूपी) | संतोष कुमार भारद्वाज | XXXXXXXXXXX0011 | 96336.70 | 26-07-22 | 37.20 |
| 78 | नोएडा (यूपी) | आकाश यादव | XXXXXXXXXXX8768 | 72756.00 | 17-05-22 | 24.40 |
| 79 | नोएडा (यूपी) | सुधीर कुमार | XXXXXXXXXXX2631 | 47056.00 | 12-09-22 | 25.20 |
| 80 | नोएडा (यूपी) | रजनी कांत कुमार | XXXXXXXXXXX0656 | 47880.00 | 24-03-22 | 15.20 |
| 81 | नोएडा (यूपी) | संतोष कुमार भारद्वाज | XXXXXXXXXXX1861 | 37778.00 | 28-07-22 | 11.80 |
| 82 | पालम विहार, गुरूग्राम (एचआर) | सिद्धार्थ शर्मा | XXXXXXXXXXX8810 | 277275.00 | 03-09-22 | 90.80 |
| 83 | पालम विहार, गुरूग्राम (एचआर) | सिद्धार्थ शर्मा | XXXXXXXXXXX8420 | 248474.00 | 13-09-22 | 88.70 |
| 84 | पालम विहार, गुरूग्राम (एचआर) | प्रियंका सचदेवा | XXXXXXXXXXX9323 | 919.00 | 24-07-22 | 322.20 |
| 85 | पालम विहार, गुरूग्राम (एचआर) | पूजा बराला | XXXXXXXXXXX6441 | 307967.00 | 22-07-22 | 98.00 |
| 86 | पालम विहार, गुरूग्राम (एचआर) | संजय संजय | XXXXXXXXXXX9947 | 34093.00 | 03-09-22 | 9.80 |
| 87 | पालम दिल्ली (डीएल) | रश्मि महेन्द्रू | XXXXXXXXXXX0845 | 80747.00 | 03-09-22 | 29.90 |
| 88 | पालम दिल्ली (डीएल) | रश्मि महेन्द्रू | XXXXXXXXXXX7063 | 57551.66 | 03-09-22 | 24.50 |
| 89 | पालम दिल्ली (डीएल) | रश्मि महेन्द्रू | XXXXXXXXXXX5776 | 51075.04 | 03-09-22 | 19.10 |
| 90 | पैराडाइज मॉल एस गुर एचआर | हीरा लाल | XXXXXXXXXXX6863 | 195529.00 | 03-09-22 | 64.89 |
| 91 | पैराडाइज मॉल एस गुर एचआर | मनोरंजन संधिबिग्रह | XXXXXXXXXXX6371 | 120980.00 | 22-07-22 | 40.22 |
| 92 | पैराडाइज मॉल एस गुर एचआर | सुनीता | XXXXXXXXXXX9032 | 86133.25 | 24-03-22 | 31.50 |
| 93 | पुष्प विहार दिल्ली डीएल | सोनम सिंह | XXXXXXXXXXX5265 | 102965.00 | 03-09-22 | 31.90 |
| 94 | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | विश्व देव | XXXXXXXXXXX5190 | 1388862.00 | 13-04-22 | 511.10 |
| 95 | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | चंद्र प्रकाश पांडे | XXXXXXXXXXX0043 | 445920.00 | 30-04-21 | 145.70 |
| 96 | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | अनिल कुमार मिश्रा | XXXXXXXXXXX6436 | 343358.00 | 22-06-21 | 137.10 |
| 97 | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | भूपिन्दर सिंह रंधावा | XXXXXXXXXXX5213 | 273789.00 | 09-06-22 | 91.80 |
| 98 | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | संदीप कुमार | XXXXXXXXXXX4134 | 259296.00 | 03-09-22 | 81.40 |
| 99 | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | रवि रंजन तिवारी | XXXXXXXXXXX7086 | 257166.00 | 22-06-21 | 102.40 |
| 100 | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | भूपिन्दर सिंह रंधावा | XXXXXXXXXXX3453 | 236120.00 | 09-06-22 | 81.50 |
| 101 | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | संजय कुमार | XXXXXXXXXXX0390 | 225241.00 | 17-05-22 | 81.90 |
| 102 | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | सचिन कुमार | XXXXXXXXXXX2458 | 111220.00 | 18-06-22 | 46.30 |
| 103 | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | दिनेश | XXXXXXXXXXX5666 | 104885.00 | 18-07-22 | 34.90 |
| 104 | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | आशीष हंस | XXXXXXXXXXX2618 | 94501.00 | 18-07-22 | 31.10 |
| 105 | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | सुशील कुमार | XXXXXXXXXXX3764 | 97501.00 | 18-07-22 | 33.70 |
| 106 | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | भूपेन्द्र कुमार | XXXXXXXXXXX5761 | 36727.00 | 17-05-22 | 13.40 |
| 107 | सेक्टर 10ए, गुरूग्राम (एचआर) | आलम | XXXXXXXXXXX4797 | 122117.00 | 28-07-22 | 45.50 |
| 108 | सेक्टर 10ए, गुरूग्राम (एचआर) | हरिओम मिश्रा | XXXXXXXXXXX4133 | 59964.80 | 17-05-22 | 21.34 |
| 109 | सेक्टर 10ए, गुरूग्राम (एचआर) | उषा देवी | XXXXXXXXXXX2142 | 26711.03 | 03-09-22 | 9.80 |
| 110 | सेक्टर 14, गुरूग्राम (एचआर) | जतिन सेठ | XXXXXXXXXXX6527 | 1151339.00 | 22-07-22 | 721.40 |
| 111 | सेक्टर 14 गुरूग्राम (एचआर) | जतिन सेठ | XXXXXXXXXXX2949 | 422329.00 | 22-07-22 | 240.50 |
| 112 | सेक्टर 14, गुरूग्राम (एचआर) | सूरज | XXXXXXXXXXX5138 | 228529.00 | 05-09-22 | 70.10 |
| 113 | सेक्टर 14 गुरूग्राम (एचआर) | कामिनी | XXXXXXXXXXX4371 | 142360.00 | 05-09-22 | 47.90 |
| 114 | सेक्टर 14 गुरूग्राम (एचआर) | प्रियंका सिंह | XXXXXXXXXXX0334 | 112285.00 | 17-05-22 | 42.80 |
| 115 | सेक्टर 14, गुरूग्राम (एचआर) | विवेक कुमार मिश्रा | XXXXXXXXXXX6488 | 111816.00 | 05-09-22 | 36.20 |
| 116 | सेक्टर 14 गुरूग्राम (एचआर) | श्रुति वर्मा | XXXXXXXXXXX7254 | 361477.00 | 22-09-22 | 136.50 |
| 117 | सेक्टर 14, गुरूग्राम (एचआर) | पिंकी | XXXXXXXXXXX4678 | 240113.10 | 21-04-22 | 83.90 |
| 118 | सेक्टर 14 गुरूग्राम (एचआर) | सुरेन्द्र कुमार | XXXXXXXXXXX6697 | 154659.00 | 11-08-22 | 55.10 |
| 119 | सेक्टर 14 गुरूग्राम (एचआर) | सुमैया अहमद | XXXXXXXXXXX9582 | 157346.60 | 22-06-21 | 78.00 |
| 120 | सेक्टर 14, गुरूग्राम (एचआर) | राम बहादुर सिह | XXXXXXXXXXX6013 | 152455.00 | 17-05-22 | 52.60 |
| 121 | सेक्टर 14 गुरूग्राम (एचआर) | रब्बी देवी | XXXXXXXXXXX6965 | 109180.00 | 18-07-22 | 38.90 |
| 122 | सेक्टर 14 गुरूग्राम (एचआर) | लोकेश सिंह | XXXXXXXXXXX3539 | 50310.00 | 28-07-22 | 20.70 |
| 123 | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | अमित बहल | XXXXXXXXXXX5344 | 697726.00 | 07-01-22 | 255.30 |
| 124 | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | पूनम सिंह | XXXXXXXXXXX0753 | 700527.00 | 22-06-21 | 210.10 |
| 125 | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | धर्मेन्द्र सिंह | XXXXXXXXXXX9415 | 471298.00 | 18-07-22 | 170.80 |
| 126 | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | दुर्गेश कुमार | XXXXXXXXXXX7756 | 204228.00 | 24-03-22 | 75.25 |
| 127 | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | प्रशांत कुमार | XXXXXXXXXXX7578 | 180324.00 | 09-06-22 | 64.10 |
| 128 | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | भोला प्रसाद गुप्ता | XXXXXXXXXXX1908 | 52851.00 | 28-07-22 | 17.20 |
| 129 | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | विनोद कुमार | XXXXXXXXXXX3778 | 217156.90 | 17-05-22 | 68.50 |
| 130 | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | दीपक | XXXXXXXXXXX3254 | 126537.30 | 29-01-22 | 62.40 |
| 131 | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | प्रमोद गुप्ता | XXXXXXXXXXX5808 | 77622.60 | 24-03-22 | 28.20 |
| 132 | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | गिरराज शर्मा | XXXXXXXXXXX5567 | 56598.00 | 20-06-22 | 27.70 |
| 133 | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | विजय | XXXXXXXXXXX4048 | 55394.00 | 05-09-22 | 19.00 |
| 134 | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | मुकेश चौहान | XXXXXXXXXXX6771 | 36928.10 | 28-07-22 | 25.00 |
| 135 | सेक्टर 24 रोहिणी, नई दिल्ली (डीएल) | सचिन कुमार | XXXXXXXXXXX8879 | 106136.55 | 25-08-22 | 39.40 |
| 136 | शालीमार बाग, दिल्ली (डीएल) | मन्नू कुमार | XXXXXXXXXXX2064 | 65709.30 | 07-01-22 | 23.90 |
| 137 | स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | रवि पाल | XXXXXXXXXXX7236 | 244493.00 | 25-03-21 | 81.90 |
| 138 | स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | अरूण कुमार | XXXXXXXXXXX3925 | 151720.00 | 18-07-22 | 58.10 |
| 139 | स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | नीलम तिवारी | XXXXXXXXXXX2189 | 94999.00 | 30-04-21 | 32.30 |
| 140 | स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | कुंदन कुमार झा | XXXXXXXXXXX4908 | 84123.00 | 21-04-22 | 29.90 |
| 141 | स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | अरविंद कुमार सिंह | XXXXXXXXXXX6441 | 82706.00 | 24-03-21 | 28.20 |
| 142 | स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | शुभव | XXXXXXXXXXX2456 | 71954.00 | 18-07-22 | 26.80 |
| 143 | स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | अलीशा अलीशा | XXXXXXXXXXX1005 | 21782.00 | 15-09-22 | 10.10 |
| 144 | स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | आदित्य मोराल | XXXXXXXXXXX9937 | 317768.40 | 18-07-22 | 141.40 |
| 145 | स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | रीना सिंह | XXXXXXXXXXX5984 | 186840.50 | 18-06-22 | 69.10 |
| 146 | स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | आरती अग्रवाल | XXXXXXXXXXX8175 | 138187.00 | 18-06-22 | 37.40 |
| 147 | स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | सुजाता कुमारी | XXXXXXXXXXX0260 | 107933.00 | 25-08-22 | 38.30 |
| 148 | तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | पिंकी पिंकी | XXXXXXXXXXX3017 | 508391.00 | 18-07-22 | 171.30 |
| 149 | तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | बंटी लाल | XXXXXXXXXXX2900 | 474636.00 | 22-07-22 | 176.30 |
| 150 | तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | परवीन कुमार पांडे | XXXXXXXXXXX9522 | 310636.00 | 16-04-21 | 112.90 |
| 151 | तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | मुजामिल | XXXXXXXXXXX5442 | 123153.00 | 22-07-22 | 40.80 |
| 152 | तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | रानी देवी | XXXXXXXXXXX0166 | 128118.00 | 17-05-22 | 44.70 |
| 153 | तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | रूद्रदेव पांडे | XXXXXXXXXXX4102 | 84723.30 | 22-06-21 | 24.10 |
| 154 | तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | मुजामिल | XXXXXXXXXXX2117 | 62292.50 | 28-07-22 | 22.10 |
| 155 | उत्तम नगर, नई दिल्ली (डीएल) | इमरान खान | XXXXXXXXXXX8087 | 382669.00 | 18-07-22 | 132.60 |
| 156 | उत्तम नगर, नई दिल्ली (डीएल) | रोहित सोढी | XXXXXXXXXXX6656 | 268102.70 | 18-06-22 | 97.30 |
| 157 | विकास पुरी, नई दिल्ली (डीएल) | नम्रता झा | XXXXXXXXXXX9856 | 409048.00 | 30-04-21 | 130.30 |
| 158 | विकास पुरी, नई दिल्ली (डीएल) | नम्रता झा | XXXXXXXXXXX3152 | 86670.00 | 03-09-22 | 29.80 |
| 159 | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | विक्रम प्रताप सिंह | XXXXXXXXXXX0668 | 623925.00 | 18-07-22 | 234.00 |
| 160 | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | प्रदीप कुमार त्यागी | XXXXXXXXXXX0727 | 256446.00 | 12-09-22 | 92.00 |
| 161 | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | देबाशीस बिस्वाल | XXXXXXXXXXX3079 | 184203.00 | 25-08-22 | 59.60 |
| 162 | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | देबाशीस बिस्वाल | XXXXXXXXXXX3922 | 72380.00 | 03-09-22 | 33.40 |
| 163 | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | साहबे आलम | XXXXXXXXXXX8504 | 57568.00 | 03-09-22 | 28.60 |
| 164 | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | राजीव मेहता | XXXXXXXXXXX2548 | 147241.00 | 24-03-22 | 50.50 |
| 165 | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | राजीव मेहता | XXXXXXXXXXX8837 | 139211.80 | 24-03-22 | 49.20 |
| 166 | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | मोहम्मद अखलाक | XXXXXXXXXXX6740 | 106708.00 | 22-06-21 | 35.00 |
| 167 | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | विशाल सागर | XXXXXXXXXXX9862 | 73562.80 | 30-03-22 | 20.70 |
| 168 | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | विपिन टोड | XXXXXXXXXXX3762 | 50858.00 | 03-09-22 | 15.40 |

स्थान : दिल्ली एवं एनसीआर
तिथि : 12-11-2022

एक्सिस बैंक लिमिटेड को बिना कोई पूर्व सूचना दिए खाता हटाने/नीलामी की तिथि परिवर्तित करने का अधिकार है। नीलामी https://gold.samil.in पर अप. 12.30 बजे से अप. 03.30 बजे के बीच ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट https://gold.samil.in पर लॉगइन करें।

हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी
एक्सिस बैंक लिमिटेड

# दुहाई से साहिबाबाद तक रैपिड रेल का ट्रायल दिसंबर से

## आरआरटीएस का पहला चरण अगले साल मार्च तक चालू होने की उम्मीद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस गलियारे के 17 किलोमीटर लंबे दुहाई-साहिबाबाद प्राथमिकता खंड के संचालन के लिए मुख्य लाइन पर ट्रायल दिसंबर के पहले सप्ताह में शुरू होगा। दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस गलियारे के 17 किलोमीटर लंबे दुहाई-साहिबाबाद के बीच ट्रायल दिसंबर के पहले सप्ताह में शुरू होगा।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) के प्रबंध निदेशक विनय कुमार सिंह ने कहा कि दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस गलियारे का प्राथमिकता खंड अगले साल मार्च तक चालू होने की उम्मीद है।

उन्होंने कहा कि डिपो में ट्रायल रन पहले ही शुरू कर दिया गया है और ट्रेनें उम्मीद के मुताबिक चल रही हैं , जैसा कि योजना और डिजाइन तैयार किया गया था। एनसीआरटीसी दिल्ली और मेरठ के बीच भारत के पहले क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) को लागू कर रहा है। उन्होंने 82 किलोमीटर लंबे दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस पर निर्माणाधीन आनंद विहार स्टेशन की साइट पर संवाददाताओं के साथ बातचीत के दौरान कहा, अगला खंड जो हम खोलेंगे, वह दुहाई-मेरठ दक्षिण खंड होगा और अगले साल दिसंबर तक इसे चालू करने की योजना है। पूरे दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस को 2025 तक चालू करने का लक्ष्य है। एनसीआरटीसी ने पहले कहा था कि उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में इसका दुहाई-साहिबाबाद प्राथमिकता खंड 2023 की शुरुआत तक चालू होने की उम्मीद है।



फोटो: रंजन डिमरी

दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर के सबसे बड़े स्टेशनों में से एक आनंद विहार स्टेशन का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इस स्टेशन के बेस स्लैब और कॉनकोर्स लेवल का कार्य पूरा कर लिया गया है। जल्द ही प्लेटफॉर्म लेवल पर ट्रैक बिछाने के कार्य भी शुरू कर दिया जाएगा।

इस स्टेशन का निर्माण टॉप-डाउन विधि द्वारा किया जा रहा है। स्टेशन के नजदीक कॉरिडोर के लिए 4 सुदर्शन टनलों के निर्माण चल रहा हैं। इनमें से 3 किमी लंबी दो टनल आनंद विहार से न्यू अशोक नगर की ओर निर्मित की जा रही हैं और 2 किमी लंबी दो टनल आनंद विहार से साहिबाबाद की ओर।

न्यू अशोक नगर की दिशा में पहली टीबीएम सुदर्शन 4.1 ने करीब 1.5 किमी टनल का निर्माण पूर्ण कर लिया है। वहीं दूसरी टीबीएम, सुदर्शन 4.2 ने इसकी समानांतर टनल का निर्माण लगभग 1.2 किमी तक पूरा हो गया है।

इसके साथ ही साहिबाबाद की दिशा में तीसरी टीबीएम सुदर्शन 4.3 ने लगभग 700 मीटर टनल निर्माण कर लिया है और इसके समानान्तर टनल बनाने के लिए चौथी टीबीएम सुदर्शन 4.4 ने हाल में टनलिंग का कार्य प्रारम्भ किया है। इन चारों टीबीएम ने दोनों दिशा में कुल लगभग 4 किमी टनल निर्माण पूर्ण कर लिया है। यात्रियों की सुगम और निर्बाध यात्रा के लिए आरआरटीएस स्टेशनों को इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि इन्हें जहां संभव हो पहले से मौजूद सार्वजनिक परिवहन के साधनो के जितना करीब संभव हो बनाया जाए और उनसे जोड़ा जाए। आनंद विहार आरआरटीएस स्टेशन की लोकेशन को रणनीतिक रूप से इस प्रकार डिज़ाइन किया गया है कि यह यहां मौजूद सार्वजनिक परिवहन कई सुविधाओं को प्रदान करेगा। आनंद विहार आरआरटीएस स्टेशन से 150 मीटर की दूरी पर स्थित अंतर्राज्यीय बस अड्डा, 150 मीटर की दूरी पर स्थित सिटी बस अड्डा, 100 मीटर की दूरी पर कौशांबी स्थित उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम का बस अड्डा, 50 मीटर की दूरी पर मेट्रो के दो कॉरिडोर, पिंक और ब्लू लाइन और 200 मीटर की दूरी परस्थित आनंद विहार रेलवे स्टेशन शामिल हैं।

### रविवार को ब्लू लाइन मेट्रो रहेगी प्रभावित

नई दिल्ली। मोती नगर और कीर्ति नगर मेट्रो स्टेशनों पर मरम्मत का कार्य रविवार को किया जाएगा। इस दौरान कुछ समय के लिए ब्लू लाइन सेवा प्रभावित रहेगी। मेट्रो प्रवक्ता के अनुसार सुबह सात बजे तक रमेश नगर से कीर्ति नगर के बीच मेट्रो सेवा बंद रहेगी। मरम्मत कार्य के दौरान मोती नगर मेट्रो स्टेशन पूरी तरह से बंद रहेंगी।

## एक ही स्थान पर मिलेंगे परिवहन के सभी साधन


आरआरटीएस के प्रबंध निदेशक विनय सिंह

*नई दिल्ली। मल्टी-मॉडल इंटीग्रेशन के तहत आरआरटीएस स्टेशनों को सार्वजनिक परिवहन के मौजूदा साधनों के साथ जोड़ने के लिए, इन्हें इनके जितना करीब संभव हो बनाया जाता है। इसके लिए एनसीआरटीसी को निर्माण एवं सिविल इंजीनियरिंग संबंधी कई जटिलताओं से दो-चार भी होना पड़ता है। इसका एक उदाहरण आनंद विहार स्टेशन में भी देखा जा सकता है, जहाँ इस भूमिगत स्टेशन के निर्माण की योजना इस प्रकार बनाई गई है कि इसे आनंद विहार पर मौजूदा सभी परिवहन साधनों से सुगम बनाया जा सके। प्रारंभिक डीटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट में इस स्टेशन का कॉनकोर्स लेवल भूमि से 8 मीटर नीचे और रेल लेवल भूमि से 16 मीटर नीचे बनाए जाने की योजना थी। हालांकि ऐसा करने पर मौजूदा मेट्रो की संरचना आरआरटीएस कॉरिडोर के निर्माण के रास्ते में आ रही थी। इसके अलावा, स्टेशन की गहराई अधिक होने के कारण इसे अन्य परिवहन साधनों से जोड़ने के लिए सब वे और अतिरिक्त लिफ्ट, सीढ़ियां एवं एस्केलेटर बनाने की आवश्यकता पड़ती। साथ ही, इतने प्रावधानों के बावजूद यात्रियों को एक साधन से दूसरे साधन तक जाने के लिए बहुत चलना पड़ता और बहुत सी सीढ़ियाँ चढ़नी-उतरनी पड़तीं। इसमें सबसे ज़्यादा कठिनाई बुज़ुर्गों, बच्चों, दिव्यांगों या उन यात्रियों को होती जो रेलवे स्टेशन या आईएसबीटी से भारी सामान के साथ यात्रा कर रहे होते।*

# जीएमडीए के सीईओ ने की चौथी अंतर-विभागीय समन्वय बैठक


गुरुग्राम स्थित जीएमडीए कार्यालय में अंतर-विभाग समन्वय बैठक लेते सीईओ सुधीर राजपाल।

## कहा, बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं के काम में तेजी लाएं

## सीईओ ने बाधाओं को दूर करने के लिए जारी किए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**गुरुग्राम** महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुधीर राजपाल की अध्यक्षता में स्थानीय अधिकारियों की समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों से संबंधित मुद्दों की समीक्षा की गई। आगे की कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

इस बैठक में गुरुग्राम के उपायुक्त निशांत यादव, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) की प्रशासक जसप्रीत कौर, नगर निगम गुरुग्राम (एमसीजी), नगर निगम मानेसर (एमसीएम), यातायात पुलिस, पीडब्ल्यूडी (बीएंडआर), हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं बुनियादी ढांचा विकास निगम (एचएसआईआईडीसी), राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी), हरियाणा दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) और सिंचाई विभाग सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। सीईओ सुधीर राजपाल ने ग्वाल पहाड़ी के लाइसेंस प्राप्त क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति के लिए एचएसवीपी द्वारा लगभग 2100 मीटर लंबी शेष जल पाइपलाइन बिछाने की स्थिति की समीक्षा की। प्रशासक एचएसवीपी ने कहा कि इस संबंध में निविदा जल्द ही आमंत्रित की जाएगी। जीएमडीए ने इस कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

जीएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने सभी स्थानीय अधिकारियों को लंबित बाधाओं को दूर करने और नागरिकों के लाभ के लिए किए गए विभिन्न कार्यों को पूरा करने के लिए समयबद्ध तरीके से परियोजनाओं पर काम करने के निर्देश दिए। संबंधित विभागों को बिजली के खंभों, किसी भी भौतिक संरचनाओं, पेड़, अतिक्रमणों और किसी भी अन्य प्रतिबंधात्मक कारकों के अपेक्षित स्थानांतरण पर ध्यान देना चाहिए जो बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं।गार्डन एस्टेट के निवासियों द्वारा उठाई गई शिकायतों के समाधान के लिए बैठक में सोसायटी के आरडब्ल्यूए के सदस्य भी मौजूद थे। जीएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने एमसीजी अधिकारियों को गार्डन एस्टेट और विद्या स्कूल के सामने कचरे के अनधिकृत डंप को साफ करने का निर्देश दिया, जिसे निवासियों ने उजागर किया था। उन्होंने गार्डन एस्टेट के सामने ग्रीन बेल्ट क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के भी निर्देश दिए।

# हाईकोर्ट ने 'डीएएसएस कैडर' के पुनर्गठन का दिया आदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने अपने आदेश में दिल्ली एडमिनिस्ट्रेटिव सर्बाडिनेट सर्विस (डीएएसएस) के पुर्नगठन का आदेश दिया है। इसके साथ अदालत ने आशा व्यक्त की है कि सक्षम प्राधिकरण इस मामले में जल्द कार्रवाई करेगा।

हाईकोर्ट ने डीएएसएस सर्विस के पुर्नगठन के संबंध में 4 नवंबर को आदेश दिया था। इस आदेश की प्रतिलिपि डीएएसएस कैडर को 11 नवंबर को प्राप्त हुई। हाईकोर्ट ने डीएएसएस कैडर के पुर्नगठन के आदेश देने के साथ आशा व्यक्त की है कि सक्षम प्राधिकरण इस मामले में सहाय कमेटी और कुट्टी कमेटी की अनुशंसा के आधार पर जल्द कार्रवाई की उम्मीद जताई है। न्यायालय ने इस संबंध में आगे की सुनवाई के लिए 3 महीने बाद की अगली तारीख दिया है। डीएएसएस कैडर पुर्नगठन की अपनी मांग को लेकर पिछले कई वर्षो से संघर्ष करने के साथ ही विभिन्न मंचों पर अपनी आवाज उठाता रहा है, ताकि उनको अपना हक मिल सके। इससे पहले डीएएसएस कैडर के पदाधिकारी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलकर अपनी बात रखी थी। उस समय मुख्यमंत्री ने कैडर के पुर्नगठन का आश्वासन दिया था।

### मुख्य सचिव को दिया ज्ञापन

डीएएसएस कैडर ने हाईकोर्ट के आदेश के बाद एक बार फिर से दिल्ली के मुख्य सचिव से मिलने के लिए ज्ञापन दिया है। डीएएसएस कैडर के एसोसिएशन इससे पहले भी मुख्य सचिव के समक्ष अपनी बात रख चुका है।

## नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के मौजपुर इलाके में नाबालिग लड़की से कथित तौर पर मस्जिद के अंदर छेड़खानी का मामला सामने आया है। मामले में आरोपी मोहम्मद इमरान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 354 (महिला की लज्जा भंग करने) और 341 (सदोष अवरोध) और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की धारा 10 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी इमरान बिहार के किशनगंज का निवासी है। वह छात्रों को मस्जिद में पढ़ाता था।

पिछले महीने, उत्तर पूर्वी दिल्ली के करावल नगर इलाके में एक मदरसे में 11 साल के लड़के के साथ कथित तौर पर कुकर्म करने के मामले में एक मौलवी को गिरफ्तार किया गया था। मामले की जांच जारी है।

# आत्ममंथन युवाओं के जीवन का हिस्सा बनेः अमोघ

## नई शिक्षा नीति में भारतीय कला, संस्कृति और भारतीय भाषाओं को महत्ता दी गईः कोठारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




भारतीयता का सच्चा अर्थ अपने सांस्कृतिक और ऐतिहासिक अंतर्बोध का होना है। आत्ममंथन युवाओं के जीवन का हिस्सा होना चाहिए। आत्मविकास और आत्मसंधान से ही स्व का रास्ता होकर जाता है।

दिल्ली विश्वविद्यालय के खेल परिसर के बहुउद्देशीय हॉल में युवा (यूथ यूनाइटेड फॉर विजन एंड एक्शन) संगठन द्वारा आयोजित बौद्धिक विमर्श में द्वारका इस्कॉन के उपाध्यक्ष प्रभु अमोघ लीला ने ये बातें कहीं। वह बौद्धिक विमर्श की थीम 'स्वाधीनता स्वतंत्रता स्वराज-यात्रा भारत के स्व की' पर बोल रहे थे। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव अतुल कोठारी ने कहा कि इस नई शिक्षा नीति में भारतीय कला, संस्कृति और भारतीय भाषाओं को महत्ता दी गई है।

झारखंड के पूर्व डीजीपी और रिटायर्ड आईपीएस निर्मल कौर ने आंतरिक सुरक्षा के समक्ष मौजूद चुनौतियों के प्रति आगाह किया। चंद्रचूड़ घोष और प्रोफेसर कपिल कुमार, अंशुल सक्सेना, प्रोफेसर मिलाप पूनिया ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में दिल्ली विश्विद्यालय के डीन ऑफ़ कॉलेज डॉ. बलराम पाणी, युवा दिल्ली के संयोजक रजनीश जिंदल और विमर्श के सह संयोजक आकाश सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस पर प्रज्ञा प्रवाह के संयोजक जे. नंद कुमार, अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा और अंतिम दिन आरएसएस के संयुक्त महासचिवअरुण कुमार, डीयू के कुलपति प्रो. योगेश सिंह आदि उपस्थित रहेगे।

# कम पानी लागत से बेहतर उत्पादन को सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली अपनाएं

## डीसी अजय कुमार ने कहा, सूक्ष्म सिंचाई योजना में 85 प्रतिशत तक सब्सिडी का है प्रावधान

**मेवात।** प्रदेश में किसानों की आय बढ़ाने व फसल उत्पादन के दौरान होने वाले जोखिमों को कम करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा विभिन्न स्तर पर गंभीरता से प्रयास किए जा रहे हैं। इसके साथ ही किसान हित में जो निर्णय लिए जा रहे हैं, उनको भी पूरी ईमानदारी के साथ धरातल पर क्रियान्वित किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से किसानों को कम पानी लागत से बेहतर व ज्यादा पैदावार लेने के लिए सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत 85 प्रतिशत तक सब्सिडी प्रदान की जा रही है।

डीसी अजय कुमार ने जिला के किसानों से सूक्ष्म सिंचाई योजना का लाभ उठाने का आह्वान करते हुए कहा कि इस योजना के माध्यम से किसान खेत में पानी खड़ा होने, खेत में पानी के असमान वितरण, उर्वरक उपयोग दक्षता को कम करने जैसे नुकसानों से अपनी फसल को बचाकर अधिक से अधिक पैदावार ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार ने किसानों को कृषि से संबन्धित सिंचाई के नए आधुनिक तकनीकी साधन प्राप्त करने के लिए सूक्ष्म सिंचाई योजना शुरू की है। इसमे मिनी स्प्रिंकल पर 85 प्रतिशत तक सब्सिडी का प्रावधान भी है। उपायुक्त ने कहा कि इस विधि के माध्यम से रासायनिक उर्वरकों को घोल के रूप में पानी के साथ फसल में डाला जा सकता है। इसके साथ ही इस प्रणाली से पौधों या फसलों को जरूरत के हिसाब से पानी देने के साथ ही 70 प्रतिशत पानी की बचत भी की जा सकती है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त योजना के तहत पुराने कुओं का जीर्णोद्धार, टिब्बे पर सूक्ष्म सिंचाई व्यवस्था भी की जा सकती है।

**कैसे आवेदन करें किसान :** जानकारी देते हुए अधिकारी ने बताया कि सूक्ष्म सिंचाई योजना का लाभ लेने के इच्छुक किसान को कैडहरियाणा.एनआईसी.इन पर जाकर किसान लॉग इन कर विकल्प पर क्लिक करना होगा।

# वंचित छात्रों को मिली वित्तीय सहायता

**पायनियर समाचार सेवा।** औरंगाबाद/मथुरा

**क्यूब** रूट्स फाउंडेशन (Cube Roots Foundation) और डीएटीआरपीएल - DATR-PL (क्यूब हाईवे का एक एसपीवी) ने हाल ही में छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया।

ये आयोजन बैंक्वेटहॉल, द ललिता ग्रैंड एंड रिसॉर्ट्स, औरंगाबाद, मथुरा में किया गया। बता दें कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य शहरी/ग्रामीण खंड (catchment section) के साथ सरकारी हाई स्कूल के वंचित मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। क्यूब रूट्स फाउंडेशन के कम्युनिटी डेवलप प्रोग्राम के तहत 41 छात्रों में से प्रत्येक को 10,000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

जिससे उन्हें आगे बढ़ने के साथ अपनी शिक्षा जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान पुलकित खरे डीएम, मथुरा, धर्मेंद्र चौहान, सीओ ट्रैफिक, मथुरा, शौर्य कुमार, यातायात निरीक्षक, जनार्दन शर्मा, संचार, क्यूब हाईवे इस कार्यक्रम का हिस्सा बने।

# तीन दिवसीय टेक्नो फेस्ट सिनर्जी 2022 का शुभारंभ

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**एसजीटी** यूनिवर्सिटी में तीन दिवसीय टेक्नो फेस्ट सिनर्जी 2022 का गुरुवार से शुभारम्भ बड़ी धूम धाम से हुआ। टेक्नो फेस्ट का उद्घघाटन जम्मू और कश्मीर के उच्च शिक्षा उपाध्यक्ष प्रो दिनेश सिंह ने किया। राजीव यदुवंशी, अतिरिक्त मुख्य सचिव, दिल्ली सरकार विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम में दिल्ली और एनसीआर के बड़ी संख्या में स्कूली छात्रों को एसजीटी विवि में आमंत्रित किया गया था। एक अनुमान के अनुसार आज लगभग बीस हज़ार स्कूली बच्चों और उनके शिक्षकों ने भाग लिया। छात्रों ने आयोजन की भव्यता की सराहना की। अपने भाषण में प्रो दिनेश सिंह ने कहा की जीवन में सफलता के लिए अच्छी शिक्षा अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने कुछ सफल हस्तियों जैसे की अमिताभ बच्चन, सचिन तेंदुलकर व नारायण कृष्णा मूर्ति का उदाहरण देते हुए कहा की इन सब में एक गुण सामान्य है ये सभी लोग अपने जीवन में कड़ी मेहनत से आगे बढे है।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्रबंध न्यासी मनमोहन सिंह चावला, अध्यक्ष, मधुप्रीत कौर चावला, और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान छात्रों द्वारा प्रदर्शित अभिनव परियोजनाओं आगंतुकों को आकर्षित किया।

# सभी भारतीयों को समान अधिकार दिलाने के लिए प्रयासरत रहती है भाजपा : नवीन गोयल

## बीजेपी एक मात्र पार्टी जिसने उत्तराखंड के साथियों के लिए उत्तराखंड प्रकोष्ठ गठित किया

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम


गुरुग्राम भाजपा कार्यालय में उत्तराखंड दिवस कार्यक्रम में दीप प्रज्जवलित करते अतिथि।

**एक** भारत, श्रेष्ठ भारत के तहत भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय गुरुकमल में उत्तराखंड का 22वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर उत्तराखंड के लोगों ने अपनी संस्कृति से रूबरू कराया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने शिरकत की। अध्यक्षता भाजपा प्रदेश सचिव समय सिंह भाटी ने की।

उत्तराखंड के लोगों को उत्तराखंड दिवस की शुभकामनाएं देते हुए नवीन गोयल ने कहा कि भाजपा हमेशा ही एक भारत, श्रेष्ठ भारत के मार्ग पर चलते हुए अलग-अलग जगह से आए सभी भारतीयों को समान अधिकार दिलाने के लिए प्रयासरत रहती है। भाजपा एकमात्र पार्टी है, जहां उत्तराखंड के साथियों के लिए उत्तराखंड प्रकोष्ठ गठित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के निर्देशानुसार उन्होंने भाजपा प्रदेश कार्यालय में उत्तराखंड के भाइयों के साथ 22वें उत्तराखंड स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। उत्तराखण्ड देवभूमि है और वहां सभी पर्यावरण प्रेमी हैं। हरियाणा का पर्यावरण भी सही करना हम सबका कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष धनखड़ के निर्देशों पर चलते हुए लाखों पौधे प्रदेश में लगाए हैं ताकि हरियाणा का पर्यावरण स्वच्छ हो सके। गोयल ने बताया कि अब प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने उन्हें पर्यावरण के अलावा एक भारत, श्रेष्ठ भारत के कार्यक्रमों के लिए बनाई गई कमेटी में शामिल कर नया दायित्व सौंपा है। इस अवसर पर गुरुकमल कार्यालय के प्रदेश सचिव सुनील कोहली, प्रदेश संयोजक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के सुनील राव, पूर्व आईटी प्रदेश संयोजक अरुण यादव, जिला उपाध्यक्ष राजेश अरोड़ा, उत्तराखंड प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक ओम प्रकाश भट्ट, प्रदेश सह संयोजक देवेंद्र सिंह नेगी, सुरेश काला प्रधान कुमाऊं भ्रातृ मंडल संरक्षक केशव दत्त शर्मा, महासचिव कर्ण सिंह बिष्ट, कुमाऊं भ्रातृ मंडल, नारायण सिंह रावत उपप्रधान गढ़वाल सभा, पुष्कर सिंह बिष्ट प्रधान उत्तराखण्ड सांस्कृतिक समिति, मनोज शर्मा, जिला संयोजक गंगा सिंह नेगी, सह संयोजक किशन सिंह बिष्ट, नंदन सिंह बिष्ट, देवभूमि जागृति मंच के प्रधान मोहन चंद तिवारी, महासचिव मानसिंह मनराल, अखिल भारतीय देवभूमि महासभा के प्रधान गोपाल रावत, राजेंद्र पाटनी व अन्य लोग मौजूद रहे।

# जिले में अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई : एडीसी आनंद कुमार


करवा खंड फिरोजपुर-झिरका शहर में अतिक्रमण वाले क्षेत्रों निरीक्षण करते एडीसी आनन्द कुमार शर्मा व एसडीएम दीपक बाबूलाल।

**पायनियर समाचार सेवा।** मेवात

**अतिरिक्त** उपायुक्त आनन्द कुमार ने कहा कि जिले में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण सहन नहीं किया जाएगा। जो भी व्यक्ति अतिक्रमण करे या करवाए उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस कड़ी में वीरवार को अतिक्रमण को हटाने के लिए उपमंडल फिरोजपुर-झिरका शहर का एडीसी आनन्द कुमार व एसडीएम दीपक बाबूलाल ने दौरा किया। एडीसी ने सभी दुकानदारों को निर्देश दिए है कि मार्केट के अंदर गंदगी न फैलाए और डस्टबिन का प्रयोग करें।

उन्होंने कहा कि दुकानदारों को चेतावनी दी कि शहर में अतिक्रमण ने बढ़ाए। एडीसी ने अतिक्रमण को लेकर खंड फिरोजपुर-झिरका का दौरा किया। उन्होंने शहर में जगह-जगह रेहड़ी लगाने वालों को निर्देश दिए कि शहर में अतिक्रमण न करें और अपनी रेहड़ी के साथ डस्टबीन का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि शहर को साफ रखने का जिम्मेदारी हम सभी की बनती है, इसलिए जगह-जगह गंदगी न फैलाए और इकट्ठा होने वाले कूड़े को नगरपालिका की गाड़ी में गीला कूड़ा और सूखा कूड़ा के लिए अलग-अलग बॉक्स बनाए गए है। उन्होंने निर्देश दिए कि नालों की सफाई का काम हर हाल में पूरा करें। उन्होंने कहा कि बड़े नालों के अलावा दुकानदारों के सामने की नालियों की भी अच्छी तरह से सफाई की जाए। उन्होंने दुकानदारों को भी निर्देश दिए कि वे सफाई करते समय नगर परिषद का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि दुकानदार दुकानों के सामने बनी नालियों पर अतिक्रमण न करें। उन्होंने लाल कुंआ चौक से तुरंत अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए। उन्होंने सख्त चेतावनी दी कि अगर कोई दुकानदार सड़क पर सामान रखता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाही की जाएगी।

वहीं उन्होंने नागरिकों से भी आह्वान किया कि वे इस तरह से सड़कों पर कूड़ा न डालें। शहर में निर्धारित स्थानों पर कूड़ेदान रखे गए हैं। वहीं पर कूड़ा डालें। इसके अलावा कालोनियों में हर रोज कूड़ा गाड़ी आने के बाद उसी में कूड़ा डालें। शहर की सफाई में नागरिकों का सहयोग जरूरी है। नागरिक भी अपनी जिम्मेदारी को समझें।

# दरिंदों के रहते कैसे बढ़ेगी बेटी, कैसे पढ़ेगी बेटी

### शहर में हुई दो खौफनाक घटनाओं ने लोगों को झिझौड़ा

कविता। फरीदाबाद

**26 दिसंबर** 2012 में निर्भया कांड के बाद दुष्कर्म पीड़िताओं के लिए बने कानून को सख्त बनाया गया। वहीं सरकार ने भी 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान के अंतर्गत बेटी को पढ़ाने के साथ उन्हें अपनी सुरक्षा और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। महिलाओं के विरूद्ध होने वाले अपराधों की रोकथाम के लिए जहां पुलिस की तरफ से सख्ती बरती जा रही है, वहीं महिलाओं और बच्चियों को जागरुक करने के प्रयास भी किये जा रहे हैं। लेकिन हाल में हुई दो महिलाओं की दर्दनाक हत्या ने शहर के लोगों को सोचने के लिए मजबूर कर दिया है। दोनों घटनाओं ने एक बार फिर लोगों को निर्भया कांड की याद दिला दी है।



**पहली महिला :** आठ नवंबर की रात को सेक्टर-सात के पार्क में एक महिला का शव मिला था। जिसके गले पर दबाने के निशान थे। साथ ही चेहरे को नुकसान पहुंचने तक की कोशिश आरोपी द्वारा की गई थी। सबसे बड़ी बात यह सामने आई कि महिला के शरीर से एक रॉड निकली, जोकि चौकाने वाली बात थी। पुलिस द्वारा इसे पहले साधारण हत्या का मामला मान जा रहा।, पुलिस का कहना था कि रेप की पुष्टि नहीं हुई है। यदि रेप की पुष्टि नहीं हुई, तो जो रॉड महिला के शरीर में मिली, वह क्या है? हालांकि रॉड महिला के शरीर के कुछ ही अंदर थी, जिसे पॉस्टमॉर्टम में निकाला गया है। पुलिस द्वारा स्वैप सैम्पल लेकर जांच के लिए भेजा गया, क्योंकि महिला की उम्र अधिक होने के कारण पहली नजर में रेप की पुष्टि कर पाना मुमकिन नहीं था।

**मौत के बाद भी ब्लीडिंग :** 19 वर्षीय युवती को उसके दोस्त ने बंधक बना मारपीट करके घायलावस्था में सड़क किनारे फैंक दिया था। अगले दिन सुबह 10 नवंबर को परिजनों ने सूचना मिलने पर युवती को बीके अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान पाया गया कि उसे शरीर के नीचले हिस्से से हैवी ब्लीडिंग हो रही थी। लगातार ब्लीडिंग होने के कारण उसे चिकित्सक नहीं बचा सके। उसके शरीर के नीचे के हिस्से से हो रही ब्लीडिंग से अंदाजा लगाया जा सकता था कि उसके साथ किस तरह की दरिंदगी का प्रयास आरोपी द्वारा किया गया था।

# युवती के गिरफ्तार कातिल ने कोर्ट की छठी मंजिला से कूद कर जान दी

### बृहस्पतिवार की सुबह हुई युवती की हत्या के मामले में पुलिस ने किया था गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



हत्या के आरोप में गिरफ्तार युवक महेन्द्र।



कोर्ट परिसर में घटना स्थल पर छानबीन करते पुलिस अधिकारी।

**युवती** को बेरहमी से घायल करने के बाद सोहना मोड पर फेंकने वाले आरोपी महेंद्र को पुलिस ने घटना के 24 घंटे बाद ही गिरफ्तार कर लिया। इस घटना में युवती ने अस्पताल पहुंच कर दम तोड़ दिया था। शुक्रवार की शाम को पुलिस आरोपी अदालत में पेश करने के लिए सेक्टर-12 ले गई थी। पेश करते समय आरोपी कोर्ट रूम से भाग निकला और उसने छठी मंजिल से छलांग लगा दी। इस घटना में आरोपी की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी का शव पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल भेज दिया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि सेक्टर 23ए निवासी आरोपी महेंद्र को पुलिस ने बल्लभगढ़ बस स्टैंड से गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ 10 नवंबर को मुजेसर थाना में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी ने अपनी दोस्त 19 वर्षीय युवती की हत्या की थी। युवती के भाई ने पुलिस को बताया था कि वह सुबह घर से ड्यूटी गई थी, लेकिन लौटकर नहीं आई। 10 नवंबर की सुबह किसी अंजान व्यक्ति ने फोन करके बताया कि उसकी बहन संजय कॉलोनी में सोहना मोड़ पर गंभीर हालत में पड़ी हुई है। परिजनों के पहुंचते ही युवती ने बताया कि महेंद्र ने उसे चोट मारी है। बीके अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि नौ नवंबर की रात को वह युवती को अपने कमरे पर ले गया था जहां पर उसने युवती के साथ मारपीट की। उसने युवती और अपना मोबाइल फोन तोड़ दिया था। ताकि इसकी सूचना किसी के पास न पहुंचे। संजय कॉलोनी में स्थित फ्रेंड्स कॉम्प्लेक्स वाली गली में ले जाकर उसने पत्थर से युवती पर कई वार कर बुरी तरह घायल कर दिया।

आरोपी की मुलाकात युवती से तीन साल पहले प्राइवेट कंपनी में हुई थी। जहां दोनों आपस में बातचीत करने लगे। इस तरह दोनों के बीच प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। आरोपी ने युवती द्वारा किसी अन्य व्यक्ति के साथ बातचीत करने के चलते युवती की हत्या की थी। आरोपी पहले से शादीशुदा है और उसके दो बच्चे हैं। आरोपी की पत्नी ने यूपी के हाथरस में तलाक का केस डाला हुआ है। आरोपी को शक हुआ कि रोशनी किसी अन्य लड़के से बातचीत करती है।

जिससे गुस्से में आकर उसने पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी के कमरे से मृतक और युवती का टूटा हुआ मोबाइल फोन तथा ईट का टुकड़ा बरामद किया है। शुक्रवार को अदालत में पेश करने पर आरोपी ने छठी मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## लिंग जांच के आरोप में महिला सहित पिता-पुत्र गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** लिंग जांच करने के आरोप में जिला स्वास्थ्य विभाग ने गुरुवार शाम को हापुड़ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर पिता-पुत्र संग एक महिला को रंगे हाथों पकड़कर पुलिस के हवाले किया है। तीनों आरोपियों से पुलिस ने 70 हजार रुपये भी बरामद किये है। सूचना के आधार पर जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने फरीदाबाद से हापुड तक गर्भवती महिलाओं को लेकर पहुंचे आरोपियों का पीछा करते हुए इस गिरोह का पर्दाफाश किया है।

जानकारी के मुताबिक एसएमओ डॉ. मान सिंह ने बताया कि जिला सिविल सर्जन को शिकायत मिली कि कुछ लोग लिंग जांच करवा रहे हैं। जिस पर जिला सिविल सर्जन डॉ. विनय गुप्ता ने यूपी के हापुड में लिंग जांच की सूचना पर उनके नेतृत्व में एक टीम का गठन कर आरोपियों का पर्दाफाश करने को भेजा। जिस पर टीम ने मौके पर पहुंच कर छह महिलाओं के लिंग जांच करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी बाप-बेटे हैं जो गुड़गांव जिले के रहने वाले हैं। वह जिंद, गुड़गांव, फरीदाबाद व झज्जर से गर्भवती महिलाओं को गर्भ में लिंग की जांच के लिए उन्हें हापुड़ लेकर आते थे। डॉ. मान सिंह ने बताया कि टीम ने एक महिला को नकली ग्राहक के रुप में तैयार किया और उसने जांच के लिए संबंधित व्यक्तियों से संपर्क किया। उन्होंने पहले महिला को गुड़गांव बुलाया। वहां से दिल्ली लेकर गए और बाद में हापुड़ पहुंचे। डॉ मान सिंह ने बताया कि वह महिला को हापुड के गुलावटी में स्थित एक अल्ट्रासाउंड सेंटर पर जांच के लेकर गए। महिला से इशारा मिलते ही वहां पर छापेमारी की गई। केंद्र से पिता-पुत्र के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया गया। यहां पर पांच अन्य महिलाएं जांच के लिए आई थी। लिंग जांच के लिए 70 हजार रुपये की बात हुई थी। अरोपी से टीम ने 70 हजार रुपये भी रिकवर किए।

# बच्चों को नि:शुल्क दवा और फिल्टर्स करवाए उपलब्ध



भगवान महावीर अस्पताल में थैलासीमिया ग्रस्त बच्चों को रक्त चढ़ाने के लिए फिल्टर वितरित करते संस्था के पदाधिकारी।

**फरीदाबाद।** भगवान महावीर हॉस्पिटल सेंट्रल ग्रीन फरीदाबाद में थैलासीमिया ग्रस्त बच्चों को फाउंडेशन अगेंस्ट थैलासीमिया, केयर फॉर थैलासीमिया व थैलासिमिक्स इंडिया दिल्ली द्वारा नि:शुल्क दवाइयां व रक्त चढ़ाने के लिए फिल्टर्स दिए गए।

संस्था द्वारा इस प्रकार के शिविर हर महीने ही लगाए जाता है। जो की पिछले 27 वर्षों से लगातार लगये जा रहे है। एक फिल्टर की कीमत करीब 850 रुपये आती है। जो हर किसी थैलासीमिया ग्रस्त बच्चे के लिए खरीदना बहुत ही मुश्किल होता है। डॉ अमिता महाजन ने बताया की अगर बिना फ़िल्टर के रक्त चढ़ाया जाता है तो बच्चो को कई बार बुखार हो जाता है शरीर पर लाल लाल छोटे-छोटे दाने से निकल आते है, और यह फिल्टर एक ही बार प्रयोग लाया जाता है। कुछ बच्चो को महीने में दो बार रक्त चढ़ाया जाता है उनके लिए तो फ़िल्टर खरीदना बहुत ही मुश्किल काम है। संस्था की कोशिश होती है बच्चों को फिल्टर्स के द्वारा ही रक्त चढ़े। जिसके लिए रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद मिड टाउन के सतीश गोसाईजी व उनके क्लब का हमेशा सहयोग रहा है।

# दुनियाभर में भारत की छवि बेहतर हुई

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**मध्य** प्रदेश शिक्षा के बाद आईटी हब के तौर पर उभर रहा है। यहां टीसीएस, इंफोसिस, एक्सेंचर जैसी कई बड़ी कंपनियां आ चुकी है। इसके साथ ही देश-दुनिया की कई बड़ी कंपनियां इंदौर में आ चुकी है।

प्रदेश की स्थानीय कंपनियां भी अब अपना व्यवसाय देश-दुनिया के कई शहरों और देशों में पहुंचा रही है और सेवा दे रही है। प्रदेश की इन्हीं आईटी कंपनियों को प्रोत्साहित करने के लिए इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में शुक्रवार को प्राइड ऑफ एमपी अवॉर्ड समारोह हुआ। समारोह में प्रदेश की टाप 25 और बेहतर कार्य करने वाली 50 आईटी कंपनियों को केंद्रीय मंत्री द्वारा संबोधित किया गया। प्राइड ऑफ एमपी अवॉर्ड समारोह का आयोजन इन्वेस्ट इंदौर, वर्की और सांसद संकल्प सेवा द्वारा आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि भारत सरकार के उद्यमिता और आईटी के केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर थे। उन्होंने आईटी कंपनियों को संबोधित करते हुए कहा कि पहली बार देश के सबसे स्वच्छ शहर में आना हुआ। स्वच्छता के मामले में इंदौर ने देश के सामने एक बड़ा उदाहरण पेश किया है। उन्होंने कहा यह समय भारत का है। कोरोना महामारी के बाद कई क्षेत्रों को काफी गति मिली है। खासकर तकनीकी की मांग बढ़ी है। तकनीक के साथ बने रहना और इसे आगे बढ़ाना दुनियाभर के लिए महत्वपूर्ण हो गया है। दुनिया के देशों में भारत की छवि बहुत अच्छी हुई है। कोरोना महामारी के समय में भारत ही नहीं कई देशों में संकट खड़ा हो गया था। यह समय सभी के लिएह्य परेशान करने वाला था। यूएस और चायना भी मंदी से बच नहीं पाया है। भारत सबसे तेजी से बढ़ता देश है। हमने कुछ समय में लाखों वैक्सीन डोज तैयार किए और खुद के साथ दूसरे देशों को भी मदद की। अब समय सेमी कंडक्ट, एआई, ब्लॉक चेन और अन्य तकनीक का है। 2014 के पहले तक हम 92 फीसदी मोबाइल बाहर के देशों से मंगाते थे, लेकिन अब यह समय है कि 97 फीसदी मोबाइल का उत्पादन कर रहे हैं। इसमें से आईफोन और सेमसंग जैसे मोबाइल भी बनाकर बाहर के देशों को भेज रहे हैं। तकनीकी और इलेक्ट्रानिक्स उपकरण के उत्पादन में चायना जैसे देशों को चुनौती दे रहा है।

**इंदौर को आईटी और स्टार्टअप हब बनाएंगे :** सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि कहा भारत तेजी से आईटी के क्षेत्र में बढ़ रहा है। बैंगलुरु में भी आईटी के क्षेत्र में बहुत कार्य हुआ है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी कह चुके हैं कि प्रदेश अगले दस सालों में अन्य शहरों से आगे जाएगा। इंदौर में भी आईटी क्षेत्र को जगह देने के लिए सरकार काफी कार्य कर रही है। इसी के तहत इंदौर में जिस जगह राजकुमार मिल हुआ करती थी अब वहां आईटी पार्क बनाने की योजना पर कार्य हो रहा है।

## ग्रामीण महिलाओं को देंगे फैब्रिक पेंटिंग की ट्रेनिंग

**फरीदाबाद।** पृथला गांव में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक द्वारा सूक्ष्म उधमिता विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महिलाओं के समूह बनाकर ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार के तहत फैब्रिक पेंटिंग को लेकर 15 दिन का नि:शुल्क प्रोग्राम सिखाने के लिए चलाया गया है।

इस अवसर पर नाबार्ड के एडीएम और पंजाब नेशनल बैंक के एलडीएम विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरुकुल एजुकेशन डेवलपमेंट सोसाइटी के सौजन्य से किया गया। वहीं कार्यक्रम संचालिका कमला पांडे ने बताया कि महिलाओं को स्वरोजगार देकर उनको मजबूती देना उनका संकल्प है। वहीं नाबार्ड की तरफ से महिलाओं को लेकर उनको रोजगार देकर समाज में मजबूत करना लक्ष्य रखा गया है। जिसको लेकर नाबार्ड के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया है कि छोटे-छोटे समूह में महिलाओं को ग्रामीण क्षेत्र में जागरूक करके महिला सुदृढ़ता और विशेष तौर पर बैंक से लोन लेकर भी महिला अपना छोटा काम धंधा भी शुरू कर सकती है।

# हरियाणा के बेटों और बेटियों ने पहले दिन जीता सोना-चांदी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**एथलेटिक्स** हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड ने जानकारी देते हुए बताया कि 37वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन 11 नवम्बर से 15 नवम्बर तक गुवाहाटी (आसाम) में किया जा रहा है। सत्यवीर धनखड ने बताया कि एथलेटिक्स हरियाणा की टीम में 93 लड़के और 93 लडकी एथलीट खिलाड़ियों सहित कुल 186 एथलीट खिलाड़ियों का बड़ा दल भाग ले रहा है।

एथलेटिक्स हरियाणा महासचिव राजकुमार मिटान ने बताया कि टीम के साथ कोच विकास गहलावत सोनीपत, बीरबल दूहन जींद और टीम मैनेजर रोहताश सिवाच रोहतक और सत्यवीर धनखड फरीदाबाद एव रश्मि फौगाट पानीपत नियुक्त किया गया है। एथलेटिक्स हरियाणा महासचिव राजकुमार मिटान ने बताया कि 10 किलोमीटर दौड में गगन सिंह पंचकुला ने 31 मिनट 07 सेकेण्ड 14 माइक्रोन का समय देकर हरियाणा राज्य को प्रतियोगिता का पहला स्वर्ण पदक दिया। अंशु धनखड सोनीपत ने शाट पुट में 14 मीटर 34 सैंटीमीटर की थ्रो कर रजत पदक विजेता बनकर एथलेटिक्स हरियाणा का मान बढाया। राजकुमार मिटान ने जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षा चरखी दादरी ने 20 साल शाट पुट में 14 मीटर 02 सैंटीमीटर स्वर्ण पदक जीता। परीक्षा फरीदाबाद ने लांग जंप इवेंट 18 साल में 5 मीटर 80 सैंटीमीटर की बेहतरीन जंप कर पदक जीता। सान्या यादव महेंदरगढ ने डिस्कस थ्रो इवेंट में 47 मीटर 31 सैंटीमीटर की बेहतरीन डिस्कस थ्रो कर स्वर्ण पदक जीतकर हरियाणा राज्य को दिया। एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष और वर्तमान विधायक ऐलानाबाद अभय सिंह चौटाला, कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान सिंह भादू और महासचिव राजकुमार मिटान ने हरियाणा टीम के सभी खिलाड़ियों को पदक जीतने का आशीर्वाद प्रदान किया।

# बैंगलुरू में भारत की सबसे बड़ी अगरबत्ती प्रदर्शनी के आयोजन के लिए अखिल भारतीय अगरबत्ती विनिर्माता संघ तैयार

पायनियर समाचार सेवा। बैंगलुरू




**अखिल** भारतीय अगरबत्ती विनिर्माता संघ (एआईएएमए), भारतीय अगरबत्ती उद्योग का प्रतिनिधित्व करने वाली प्रमुख संस्था, अब तक की सबसे विशाल और विस्तृत अंतर्राष्ट्रीय अगरबत्ती प्रदर्शनी और परिषद का आयोजन कर रही है। बैंगलुरू में 24 नवंबर से 26 नवंबर तक आयोजित की जाने वाले इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का विषय है 'पारंपरिक रूप से आधुनिक'। अर्जुन रंगा, अध्यक्ष, एआईएएमए, विजय एसजी उपाध्यक्ष, शरत बाबू पीएस, पूर्व अध्यक्ष, एवं सप्तगिरी एस बोग्गाराम जैसे संघ के पदाधिकारियों ने मीडिया को संबोधित किया।

संघ द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार पिछले दो वर्षों में भारत और संपूर्ण विश्व में पूजा-अर्चना संबंधी उत्पादों, विशेषरूप से अगरबत्ती की मांग में काफी तेज़ी देखी गई है। इस कार्यक्रम में उद्योग की ओर से सबसे बेहतरीन पेशकश प्रस्तुत की जाएगी। सीखने और नेटवर्किंग करने के विस्तृत अवसर प्रदान किए जाएंगे। इस प्रदर्शनी और परिषद में नीति समर्थन, रोजगार के अवसर, कच्चे माल की सोर्सिंग, ग्राहक व्यवहार से जुड़े ट्रेंड्स, और नए उत्पाद संबंधी नवाचारों जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। अंकित अग्रवाल, समिति सदस्य-एआईएएमए ने कहा, सारे विश्व में अगरबत्ती की मांग में तेज़ी के साथ एआईएएमए एक्सपो एवं कॉन्फ्रेंस वर्तमान अवसर के अनुकूल होने के अलावा भी बहुत कुछ है और इसका एक हिस्सा बन कर मुझे बहुत संतुष्टि मिल रही है। हम सरकार के फ़ैसलों और नीति में बदलावों से खुश हैं जो भारतीय अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ा रहे हैं और इसके साथ ही इस क्षेत्र में रोज़गार के अवसर पैदा कर रहे हैं। अगरबत्ती केवल प्रार्थना तक सीमित नहीं है बल्कि इसे एक आध्यात्मिक उत्पाद के रूप में स्वीकार किया जाता है जिसके कई सकारात्मक प्रभाव होते हैं। भारत में पहली बार इतने विशाल स्तर पर आयोजित होने वाली ऐसी अगरबत्ती प्रदर्शनी और परिषद का एक हिस्सा बनकर हमें गर्व महसूस हो रहा है। अर्जुन रंगा, अध्यक्ष, एआईएएमए, ने कहा, महामारी के बाद व्यवसाय में एक बार फिर से तेजी आ रही है और भविष्य बेहतर प्रतीत हो रहा है। हम संपूर्ण अगरबत्ती उद्योग से जुड़े समुदाय को एक साथ लाना चाहते हैं ताकि वे वर्तमान व्यापार वातावरण के साथ तेजी से चल सकें।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रदूषण : जगह-जगह कचरे के ढ़ेर में लगाई आग



सेक्टर-22 मछली मार्केट के निकट मौजूद कचरा एकत्रित करने के स्थान पर जलते कचरे से उठता धुंआ।

**फरीदाबाद।** जहां एक तरफ ग्रेफ के नियम लागू है और दो दिनों से एक्यूआई (एयर क्वालिटी इंडेक्स) 300 से नीचे था, वहीं शुक्रवार को अचानक 304 पर पहुंच गया। जोकि सामान्य से चार गुना अधिक था। वहीं जहां पराली जलाने पर जिला प्रशासन सख्ती से मनाही कर रहा है, वहीं शुक्रवार को जगह-जगह कचरे में आग लगाने की घटनाएं देखने को मिला। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार शुक्रवार को फरीदाबाद का एक्यूआई 304 दर्ज किया गया, जो सामान्य से लगभग 4 गुना अधिक है। गुरुवार की तुलना में शुक्रवार को क्यूआई में लगभग 12 अंकों की वृद्धि दर्ज की गई है।

### आधुनिकता के दौर में लुप्त हो रहे लोकप्रिय खेल: बबली



**फरीदाबाद।** महादेव कबड्डी क्लब द्वारा एसजीएम नगर में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित सर्कल कबड्डी कप में राज्य भर से दर्जनों टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेन्द्र शर्मा बबली ने शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर महादेव कबड्डी क्लब के पदाधिकारियों ने पंडित सुरेन्द्र शर्मा बबली को पगड़ी पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर पंडित सुरेन्द्र शर्मा बबली ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और कहा कि कबड्डी हमारा लोकप्रिय खेल है और इससे स्वास्थ्य बेहतर रहता है।

### जिप को 109, ब्लाक समिति सदस्यों के लिए 280 फार्म जमा

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि आज शुक्रवार को पंचायत चुनावों में नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया के तीसरे दिन सदस्य जिला परिषद सदस्यों के लिए 109 नामांकन पत्र दाखिल किये गये है। जबकि पंचायत समिति सदस्यों के लिए अब तक 280 नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के मद्देनजर एआरओ तथा नोडल अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने आगे बताया कि नामांकन प्रकिया के दौरान नामांकन पत्रों की जांच 12 नवंबर को होगी और उम्मीदवार 14 नवंबर की सायं 3 बजे तक अपने नामांकन वापिस ले सकते हैं।

### मुख्यमंत्री 16 को लॉन्च करेंगे आयुष्मान गोल्डन कार्ड

**फरीदाबाद।** स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. जी अनुपमा ने विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बताया कि आगामी 16 नवंबर को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल एक कार्यक्रम के माध्यम से आयुष्मान गोल्डन कार्ड कार्यकम को लांच करेंगे। राज्य में आयुष्मान कार्ड इसी माह बटेंगे और इसके साथ ही बीपीएल सूची भी जारी की जाएगी। सीएम मनोहर लाल ने सभी मंत्रियों से अपने विभाग की प्रोग्रेस रिपोर्ट भी देने को कहा है। राज्य में पात्र लोगों को आयुष्मान कार्ड इसी माह दिए जाएंगे और इसके साथ गरीबी रेखा से नीचे रह रहे लोगों की सूची भी जारी होगी। इस कड़ी में बिना आवेदन किए बीपीएल कार्ड बनाए जाएंगे उनमें राम परिवार पहचान पत्र में पंजीकरण कराने वाले उन सभी परिवारों के बीपीएल कार्ड खुद बनेंगे जिनकी सालाना आय 1,80,000 रुपये से कम है। मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव एवं सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक डॉ. अमित अग्रवाल ने राज्य के सभी जिला उपायुक्त के साथ विडियो कांफ्रेसिंग के जरिए कहाकि जिस जिस जिले में कार्यक्रम होना है वहां बड़ी स्क्रीन के माध्यम से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण होगा।

### नेशनल आइस स्केटिंग में दमखम दिखाएंगे पांच स्केटर्स

**फरीदाबाद।** छठी स्टेट आइस स्केटिंग चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले के पांच आइस स्केटर्स ने पदक झटक कर प्रदेश स्तर पर चौथा स्थान प्राप्त किया। गुरुग्राम स्थित एंबियंस मॉल स्थित आईस्केट में आयोजित तीन दिवसीय चैम्पियनशिप में फरीदाबाद के चार गोल्ड एवं एक सिल्वर मेडल प्राप्त किए। फरीदाबाद आइस स्केटिंग एसोसिएशन की अध्यक्षा ममता सिंह ने बताया कि जिसमें स्पीड आइस स्केटिंग में अन्डर-8 में नव्या शर्मा ने गोल्ड, अंडर-15 में जिया सिंह ने सिल्वर मेडल जीत कर नेशनल टीम में अपनी जगह पक्की कर ली। इसी प्रकार इसी प्रकार फिगर स्केटिंग के मुकाबलों में फरीदाबाद के एक के बाद एक तीन गोल्ड मेडल जीते। फरीदाबाद आइस स्केटिंग एसोसिएशन की अध्यक्षा ममता सिंह के अनुसार फिगर स्केटिंग में जतिन सहरावत ने अंडर-17 के मुकाबलों में सबको पछाड़ते हुए गोल्ड मेडल जीता। इसी प्रकार अन्डर-8 में आरुष सोनी एवं अन्डर-17 में चेल्सी सिंह ने गोल्ड मेडल जीत कर नेशनल के लिए अपना रजिस्ट्रेशन पक्का करवाया। इसके अलावा फरीदाबाद के चार खिलाड़ियों को नेशनल ट्रेनिंग कैम्प के लिए चयनित किया गया है। आइस स्केटिंग एसोसिएशन की महासचिव सोनू सहरावत के अनुसार सभी पदक विजेताओं को भारतीय आइस स्केटिंग एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव जगराज सिंह साहनी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कर्नल सुभाष नारंग, इंडियन बिच रेसलिंग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहताश नांदल, हरियाणा आईस स्केटिंग एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह लोहान, हरियाणा ओलम्पिक संघ के उपाध्यक्ष सूरजपाल अम्मू, हरियाणा आईस स्केटिंग एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव नरेश सेलपाड़, अन्तराष्ट्रीय कोच एवं जम्मू कश्मीर के महासचिव अशरफ डिजू, हरियाणा के कोषाध्यक्ष मुकेश बत्रा, राष्ट्रीय कोच रवि ढिल्लो, ईवेंट कॉर्डिनेटर दीपक कोहाड़ एवं अन्य प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने सम्मानित किया।

### ट्रक ड्राइवर से लूटपाट करने वाले दोआरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** थाना छांयसा प्रबंधक सुरेन्द्र कुमार की टीम ने केजीपी टोल प्लाजा पर ट्रक ड्राइवर से हुई स्नैचिंग के मामले में दो आरोपियो को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया की आरोपियों ने कल प्रात: केजीपी टोल के पास ट्रक ड्राइवर से थाना छायंसा में लूट की पुलिस कन्ट्रोल रुम से सूचना प्राप्त हुई की ट्रक ड्राइवर से 8000 रुपये व मोबाईल फोन स्नैचिंग करने की वारदात हुई है। जिस पर तुरंत थाना पुलिस ने मौके पर पहुंची। थाना पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मुकदाम दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गांव छायंसा के रहने वाले गौरव (25) और अनिल (24) के रुप में हुई है।

### भाषण और पेटिंग प्रतियोगिता से दर्शाया शिक्षा का महत्व

**फरीदाबाद।** गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा फरीदाबाद में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के उपलक्ष्य में जूनियर रेडक्रॉस, सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड और स्काउट्स गाइड्स द्वारा भाषण प्रतियोगिता और पेटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस काउंसलर और ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा दिवस भारत के पहले शिक्षा मंत्री और विभिन्न उच्च शिक्षा संस्थानों व नियामकों के संस्थापकों में से एक मौलाना अबुल कलाम आजाद के शिक्षा में योगदान की स्मृति में उनकी जयंती पर अर्थात 11 नवंबर को प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है। प्राचार्य ने कहा कि उन्होंने देश में एआईसीटीई, यूजीसी, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आइआइटी सहित अन्य नियामकों की स्थापना में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## अमेरिकी चुनाव

### बाइडेन को आंशिक सफलता

**अमेरिका** के मध्यावधि चुनाव से स्पष्ट है कि बाइडेन की पार्टी डेमोक्रेटों में व्याप्त रिपब्लिकनों का भय दूर करने में सफल हुई है। पूरे नतीजे आने के पहले ही स्पष्ट हो गया है कि अमेरिका में कोई 'लाल लहर' नहीं है। इसका अर्थ है कि रिपब्लिकनों को उतनी बढ़त नहीं मिली जिसकी आशंका थी। ऐसा नहीं कि रिपब्लिकन अमेरिकनों को अपने कट्टरपंथी एजेंडे के औचित्य के प्रति समझाने में सफल नहीं हुए। वर्तमान नतीजे इस तथ्य के बावजूद आए हैं कि राष्ट्रपति जो बाइडेन का प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं था और उनकी रेटिंग बहुत कम थी। अमेरिका में मुद्रास्फीति बढ़ रही है, हालांकि यह जून में 9.1 प्रतिशत से घट कर 7.9 प्रतिशत हो गई है। इसके कारण ब्याज दरें बढ़ानी पड़ी हैं। अमेरिका में आम लोगों की जीवनशैली नकारात्मक रूप से प्रभावित हुई है। एक प्रमुख थिंकटैंक द हेरिटेज फाउंडेशन ने अनुमान लगाया है कि बाइडेन के पद पर आने के बाद से औसत अमेरिकन की आमदनी में 4,200 डालर की कमी आई है। इसकी तुलना में उनके पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रंप का रिकार्ड शानदार था, जब 2019 में औसत आय 68,700 डालर थी जो 1967 में पहली बार आंकलन के बाद सर्वाधिक थी। 2019 में इसकी गणना मुद्रास्फीति को ध्यान में रख कर की गई थी। 2019 में गरीबी रेखा अपने सबसे निचले स्तर 10.5 पर थी। जब ट्रंप राष्ट्रपति थे तब पहले तीन साल में बेरोजगारी दर 50 साल में सबसे निचले स्तर पर थी। यह भी स्पष्ट है कि कोविड ने न केवल अमेरिकनों, बल्कि दुनिया भर के लोगों को बुरी तरह प्रभावित किया। इसका असर राष्ट्रपति के रूप में ट्रंप की छवि पर भी पड़ा। उनकी नीतियों ने देश में सबकी सहायता की, लेकिन मुख्यधारा मीडिया समेत बुद्धिजीवी उनको तथा उनके द्वारा किए जाने वाले किसी काम को अत्यधिक नापसंद करते थे। इसका लाभ बाइडेन



को मिला, लेकिन वे एक के बाद दूसरे मामले में भयानक भूल करते रहे। उनकी नीतियों ने अधिकांशत: जनता को कष्ट पहुंचाया। इससे पता चलता है कि उनकी रेटिंग नीची क्यों है।

एक अकेला आयाम उनकी अलोकप्रियता व अनेक विफलताओं का कारण है कि डेमोक्रेटिक पार्टी में वामपंथियों का प्रभुत्व है। इसके परिणामस्वरूप 'डिफंड द पुलिस', यानी पुलिस पर खर्च घटाओ जैसे पागलपन भरे आंदोलन उभरकर सामने आए हैं। इसके कारण अनेक भागों, खासकर डेमोक्रेटों के शासन वाले हिस्से में अपराध बढ़े हैं। इसके साथ ही ऊर्जा पर निर्भरता भी बढ़ी है, जबकि ट्रंप के समय अमेरिका शुद्ध रूप से ऊर्जा निर्यातक बन गया था। इसके परिणामस्वरूप ईंधन की कीमतें बढ़ी हैं और उसके कारण मुद्रास्फीति की दर अधिक है। इन सबका कारण बाइडेन द्वारा चरमपंथी पर्यावरण एजेंडे पर अमल है। लेकिन कभी-कभी जीवन की तरह राजनीति में भी विफलता भी एक प्रकार की सफलता हो सकती है। मध्यावधि चुनाव में उनकी पार्टी के प्रदर्शन को सफलता नहीं कहा जा सकता है, पर उसने उन विद्वानों और डेमोक्रेटों को गलत सिद्ध कर दिया है जो 'लाल लहर' का अनुमान लगा रहे थे। किसी पार्टी को संसद के किसी सदन में बहुमत नहीं मिला है, हालांकि दोनों में रिपब्लिकनों की सीटें अधिक होंगी। सिनेट में उनके 49 सदस्य हैं, जबकि डेमोक्रेट के 48 तथा प्रतिनिधि सभा में यह संख्या क्रमश: 209 व 191 है। मध्यावधि चुनाव परिणाम खासकर ट्रंप तथा उनका समर्थन करने वाले अनेक रिपब्लिकनों के लिए निराशाजनक हैं। इससे 2024 में राष्ट्रपति चुनाव लड़ने की उनकी संभावनायें धूमिल होती हैं। यह स्थिति संभवत: भारत के लिए बहुत अच्छी नहीं है क्योंकि दिल्ली के प्रति बाइडेन की तुलना में ट्रंप का दृष्टिकोण ज्यादा मैत्रीपूर्ण था।

# आर्थिक महाशक्ति बनेगा भारत

भारत निश्चित रूप से आर्थिक महाशक्ति बनेगा, पर इसके लिए उसे अतीत के बोझ से मुक्ति पा कर अपना घर ठीक करना होगा।



**अतुल सहगल**
(लेखक, प्रबंधन सलाहकार हैं।)



हमारा देश भारत आज एक दोराहे पर खड़ा है। जहां दुनिया एक अघोषित आर्थिक मंदी के चरण में प्रवेश कर रही है। दुनिया की स्थिति कोविड-19 के प्रभाव से और खराब तथा जटिल हुई है और अब रूस व यूक्रेन के बीच लंबा खिंचता युद्ध इसकी स्थिति बदतर बना रहा है। ऐसे में खुशी की बात है कि भारत की अर्थव्यवस्था स्थिर है तथा दुनिया में सबसे तेज प्रगति करने वाली अर्थव्यवस्था बन गई है। लेकिन यह भी सच है कि हमारी आर्थिक प्रगति हमारी सच्ची प्रतिभा व क्षमताओं से बहुत कम है।

प्राकृतिक संसाधनों के दृष्टिकोण से भारत को ईश्वरीय वरदान मिला है। प्राकृतिक संसाधनों में समृद्धि के कारण उसमें विपरीत परिस्थितियों में भी प्रगति करने की क्षमता छिपी है। इसी कारण आज दुनिया में व्याप्त उपरोक्त विपरीत परिस्थितियों का मुकाबला करने के बावजूद आगे बढ़ने में सफल हुआ है। आज भारत की अर्थव्यवस्था में असाधारण व अभूतपूर्व वृद्धि की अंतर्निहित क्षमता उल्लेखनीय रूप से सामने आ रही है। हालांकि, 2018 के बाद से भारत की आर्थिक वृद्धि की गति थोड़ी धीमी पड़ी है। इसका कारण ढांचागत सुविधाओं में कमियां तथा कुछ क्षेत्रों में उसका अभाव रहा है। इसके साथ ही एक सीमा तक उपभोक्ता मांग घटने तथा औद्योगिक मांग में थोड़ी कमी आने का प्रभाव विनिर्माण क्षेत्र पर भी पड़ा है। लेकिन इसके बावजूद यह पूरी तरह से स्पष्ट है कि भारत ने आर्थिक मोर्चे पर समुचित उपलब्धि प्राप्त की है। भारत की आर्थिक मोर्चे पर सफलतायें प्रगति के विभिन्न आयामों में स्पष्ट दिखती हैं। इनमें रोजगार सृजन में बढ़ोत्तरी, पहले की तुलना में विनिर्माण क्षेत्र की समुचित प्रगति तथा निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि शामिल हैं।

आर्थिक वृद्धि और तेज करने के लिए व्यवस्थागत परिवर्तन जरूरी हैं। लेकिन इन व्यवस्थागत परिवर्तनों के लिए हमारे संविधान व प्रशासन के ढांचे में परिवर्तन भी जरूरी है क्योंकि यह संविधान से संचालित है। हमारी वर्टिकल पदानुक्रम वाली नौकरशाही सरकारों की प्रभवशीलता में सबसे खराब किस्म की प्रशासनिक व्यवस्था है। इस व्यवस्था के कारण किसी संप्रभु देश की सरकारों और सरकारी संस्थानों का कामकाज प्रभावित होता है। यह व्यवस्था अपने आप में शोषणकारी है जहां ऊंचे पदों पर बैठे लोगों के पास अधिकार बहुत अधिक हैं, पर उनकी जवाबदेही तुलनात्मक रूप से नीचे बैठे लोगों की तुलना में बहुत कम है। इस प्रकार का नौकरशाही ढांचा अग्रेज शासकों ने बनाया था क्योंकि वे लगातार भारत और भारतीय जनता का शोषण करना चाहते थे।

दु:ख की बात है कि यह ढांचा कमोबेश स्वतंत्रता के सात दशक बाद भी विभिन्न सरकारों ने बनाए रखा है। आज आवश्यकता इस बात की है कि इस प्रशासनिक व नौकरशाही ढांचे को बदला जाए ताकि वह सही तरीके से जनता की आकांक्षायें पूरी कर सके तथा आर्थिक व्यवस्था को गतिशील बना सके। स्वतंत्रता के बाद देश की आर्थिक प्रगति के लिए सार्वजनिक उद्यमों-पीएसयू की स्थापना की गई थी। लेकिन हम अपने पीएसयू का सर्वोत्तम उपयोग नहीं कर सके हैं जिनका हिस्सा हमारी अर्थव्यवस्था में 15 प्रतिशत है। उम्मीद की जाती है कि पीएसयू छोटे व मझोले उद्यमों की प्रगति को गति देंगे, लेकिन पूरी तरह ऐसा नहीं हो सका है। हमारे पीएसयू में से कुछ जैसे भारत हैवी एलेक्ट्रिकल्स-बीएचईएल को आज ज्यादा खरीद आदेश नहीं मिल रहे हैं, जबकि कुछ अन्य पीएसयू कर्ज के गहरे जाल में फंस कर घाटे वाले उद्यमों में बदल गए हैं। एमटीएनएल व वीएसएनएल ऐसे ही कुछ कर्ज के जाल में फंसे घाटे वाले पीएसयू हैं। हालांकि, सरकारों की गलत संरचना का नतीजा केवल पीएसयू तक सीमित नहीं है। विडंबना है कि गलत सरकारी संरचनाओं का नतीजा और असर निजी क्षेत्र के बिजनेस हाउसों में भी दिखने लगा है। इसका कारण यह है कि छोटे व मझोले उद्यमों-एसएमई के पूरे क्षेत्र पर प्रत्यक्ष या परोक्ष सरकारी नियंत्रण है और वे गलत सरकारी संरचनाओं से प्रभावित हो रहे हैं।

हालांकि, वर्तमान समय में सत्तारूढ़ राजग का कहना है कि सरकार का काम बिजनेसों का प्रबंधन या संचालन नहीं है। निश्चित रूप से प्रशासन का बिजनेस लाभ-केन्द्रित नहीं है। लेकिन उसे उन्हीं तकनीकों व विधियों का प्रयोग करना होता है जो मुनाफा कमाने वाली वाणिज्य की दुनिया में प्रयोग होती हैं। प्रशासन या बिजनेस के प्रशासन में अपने उद्देश्य अच्छी तरह पूरे करने के लिए दृढ़ता, ईमानदारी, पारदर्शिता व जवाबदेही की आवश्यकता है। इसे पेशेवर रूप से मजबूत तथा फूलप्रूफ व्यवस्थाओं की जरूरत है जो अनुशासन तथा क्षमताओं को स्थापित कर सकें। इसके लिए किसी अन्य वाणिज्यिक बिजनेस की तह आर्थिक व राजकोषीय अनुशासन की जरूरत है। लेकिन परिवर्तन व सुधार चाहे जितने अच्छे इरादों से किए जांए, लाभदायक परिणाम तभी दे सकते हैं जब कानूनों व मशीनरी का समुचित उपयोग किया जाए। सरकारें इन कमियों के कारण ही एफडीआई आकर्षित करने में विफल रहती हैं तथा भारतीय निजी क्षेत्र भी 'मेक इन इंडिया' में निवेश करने से हिचकती हैं। दु:ख की बात है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ-आरएसएस से संबद्ध 'स्वदेशी' विचार को पीछे छोड़ कर अमेजन जैसी विदेशी कंपनियां लगातार घरेलू खुदरा क्षेत्र पर कब्जा करती जा रही हैं और इस प्रकार बड़ी संख्या में देशी खुदरा दूकानें बंद होती जा रही हैं।


भारत में जहां तक आदिमकालीन कानूनों व प्रशासनिक व्यवस्थाओं का सवाल है, यह उल्लेख करना जरूरी है कि अनेक कारणों से ढांचागत क्षेत्र में वृद्धि की गति धीमी है। इसके कारण निजी क्षेत्र में समुचित निवेश नहीं आ रहा है। आदिमकालीन भूमि अधिग्रहण कानून, भारतीय पुलिस कानून, सिविल सर्विसेज़ एक्ट, भारतीय दंड संहिता, आदि को अंग्रेजों ने अपने हित के लिए बनाया था। आज जरूरत है कि इनको संप्रभु भारत की आवश्यकताओं के अनुरूप पुन: नए तरीके से ढाला जाए। यह काम जितना जल्दी हो उतना अच्छा, नहीं तो बहुत देर हो जाएगी। इसलिए हमें अवश्य ही ढांचागत व प्रशासनिक परिवर्तन करने चाहिए जो हमारी वर्तमान आवश्यकताओं की पूर्ति करें। इससे स्वदेशी विनिर्माण प्रक्रिया को गति मिलेगी जो आर्थिक प्रगति का इंजन है। इन कदमों से अगले 10 साल में विनिर्माण क्षेत्र में भारत की जीडीपी बढ़ेगी जो वर्तमान समय में 15 प्रतिशत के आसपास बनी हुई है।

चीन वर्तमान समय में भारत का आर्थिक प्रतिद्वंद्वी है। उससे निपटने के लिए यह अच्छी तरह समझ लेना चाहिए कि वर्तमान समय में चीन में वस्तुओं व श्रम की लागत भारत की तुलना में 6 गुना बढ़ गई है, जबकि उसकी सरकार मुद्रा सप्लाई पर लगाम लगा कर मुद्रास्फीति कम करना चाहती है। चीन सरकार की इस कार्रवाई से कर्ज का संकट भयावह रूप में सामने आया है जिससे उसकी आर्थिक प्रगति काफी सीमा तक प्रभावित हुई है। लेकिन चीन के निर्यातों को उनकी सरकार भारी सब्सिडी देती है। चीन कोयला आयात पर लगातार बढ़ते खर्च का सामना भी कर रहा है। इसके कारण वहां ऊर्जा संकट पैदा हो गया है जिससे हाल में अनेक औद्योगिक इकाइयों को बंद करना पड़ा है।

आज चीन की तुलना में भारत विनिर्माण लागत के क्षेत्र में लाभ की स्थिति में है। यह स्थिति भारत के लिए बहुत अच्छी है और वह इसका लाभ उठा सकता है। भारतीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति के लिए अनेक रणनीतिक सुझाव दिए जा सकते हैं। मूल्यवर्धित खाद्य श्रृंखला, एग्रो फर्मों, आयुर्वेद की परंपरागत स्वास्थ्यरक्षा व्यवस्था तथा पर्यटन जैसे क्षेत्रों में निवेश से वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में भारत अत्यधिक लाभ की स्थिति में आ सकता है। लेकिन मूलभूत बात यह है कि हमें अपनी प्रशासनिक व न्यायिक व्यवस्था में परिवर्तन करने चाहिए। इसके लिए आमूल संवैधानिक परिवर्तनों से हिचकना नहीं चाहिए। इन परिवर्तनों के बाद हम देखेंगे कि भारत तेजी से विश्व की प्रमुख आर्थिक महाशक्ति के रूप में विकसित होगा। उल्लेखनीय है कि भारत का आर्थिक महाशक्ति बनना विश्व इतिहास में पहली बार नहीं होगा।

# भारत के शांति स्थापना प्रयास

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक, विदेश नीति टिप्पणीकार हैं)



भारतवर्ष का कद अंतरराष्ट्रीय बिरादरी में लगातार बढ़ रहा है। इस वर्ष भारत जी- 20 देशों की अध्यक्षता करेगा। भारत के रूस तथा यूक्रेन, दोनों देशों से मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। उसकी तटस्थ विदेश नीति को विश्व पटल पर बहुत पसंद किया जा रहा है। इसे देखते हुए जी-20 देशों की अध्यक्षता भारत को यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने का अवसर देती है।

अमेरिका स्थित प्रमुख समाचार पत्रों में कुछ समाचार लेख यूक्रेन में युद्ध संबंधी पश्चिमी नजरिए में बदलाव का सुझाव देते हैं। भारत, जिसे रूस के एकतरफा युद्ध में प्रमुख सहयोगी के रूप में देखा गया था, को अब एक संभावित शांतिदूत के रूप में देखा जा रहा है। लेख में लगभग नौ महीने से चले आ रहे युद्ध के दौरान महत्वपूर्ण पड़ावों पर भारत द्वारा निभाई गई भूमिका को उद्धृत किया गया है। कहा जाता है कि भारत ने यूक्रेन से अनाज के जहाजों पर से नाकाबंदी हटाने को लेकर रूस को प्रभावित किया और यह सुनिश्चित किया कि विश्व उपभोग के लिए लाखों टन अनाज की आपूर्ति जारी रखी जाए। इसी तरह, भारत को भी अप्रत्यक्ष शांतिदूत होने का श्रेय दिया गया, जब रूस यूक्रेन में जापोरिज्जिया परमाणु संयंत्र पर गोलाबारी के दौरान एक विनाशकारी परमाणु विस्फोट से बचा था।

घटनाओं के मौजूदा क्रम में अधिकांश वैश्विक मामलों पर भारत की स्वायत्त विदेश नीति की परोक्ष स्वीकृति से पता चलता है कि नई दिल्ली कहानी के अपने संस्करण को अमेरिकी दर्शकों को बेचने में कामयाब रही है, भले ही यूरोप के पास अभी भी वास्तविकता का अपना संस्करण हो। ये लेख ऐसे समय में भी आए हैं जब भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर रूस की दो दिवसीय यात्रा पर थे (जुलाई 2021 में अपनी अंतिम यात्रा के बाद) जो एक उच्च रैंकिंग वाले भारतीय अधिकारी की पहली द्विपक्षीय यात्रा थी, क्योंकि रूस ने फरवरी 2022 में यूक्रेन में अपने सैनिकों को भेज दिया था। यात्रा के दौरान जयशंकर ने अपने समकक्ष सर्गेई लावरोव और रूसी संघ के उप प्रधान मंत्री डेनिस मंटुरोव से मुलाकात की।



जयशंकर की रूस यात्रा के दौरान, लावरोव ने कहा था कि दोनों देशों ने सबसे अधिक दबाव वाले वैश्विक मुद्दों पर और अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर (जो रूस द्वारा एकतरफा ढंग से यूक्रेन में सैन्य कार्रवाई के कारण पश्चिम द्वारा गंभीर आलोचना का विषय बने हैं) के पालन में समान स्थिति साझा की है। उन्होंने कहा कि भारत और रूस दोनों अधिक न्यायपूर्ण और समान बहुकेंद्रित विश्व व्यवस्था के पक्षधर हैं। विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि यह यात्रा क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विकास एवं सभी क्षेत्रों में द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग पर केंद्रित है। स्पष्ट रूप से, रूस के साथ चर्चा का प्रमुख विषय था- यूक्रेन और वैश्विक दक्षिण का प्रतिनिधित्व करने वाले राष्ट्रों के एक बड़े हिस्से पर इसका प्रभाव, जिसका प्रमुख प्रवक्ता भारत है। यूक्रेन में युद्ध, लगभग एक वर्ष पूरा कर रहा है, और इसमें शामिल लगभग सभी दलों की राजनीतिक और आर्थिक पूंजी नष्ट हो गई है। भले ही अमेरिका यूक्रेन के नागरिकों के प्रति अपने समर्थन में दृढ़ रहा है, और उसने दबंगई के खिलाफ बचाव के अपने अधिकार को बनाए रखा है, जो मसले में नया आयाम उभार रहा है।

मुख्यतया ईंधन स्टेशनों पर उल्लेखनीय गैस-कीमतों से प्रेरित, 40 साल की ऐतिहासिक उच्च मुद्रास्फीति का सामना कर रहे अमेरिकी उपभोक्ता तकनीकी क्षेत्र में ढलान पर आ गए हैं, उन्होंने यूक्रेन को अरबों डॉलर की छूट देने की वैधता पर सवाल उठाना शुरू कर दिया है। अमेरिका में मध्यावधि चुनाव परिणामों ने, राष्ट्रपति जो बाइडेन की रूस-यूक्रेन युद्ध के लिए फंडिंग जारी रखने की क्षमता को और अधिक जटिल बना दिया है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद, अपने पिछवाड़े में भौतिक युद्ध का सामना करने के गहरे सदमे से यूरोप भी जाग रहा है। पहले यह उम्मीद की जाती थी कि रूस-यूक्रेन युद्ध लंबा खिंचने तथा पश्चिमी देशों द्वारा लगाए व्यापक प्रतिबंधों के कारण रूस की अर्थव्यवस्था धराशाई हो जाएगी और वह घुटने टेकने को मजबूर हो जाएगा, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआँ हालांकि, आक्रमणकारी रूस पश्चिमी देशों द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के बावजूद जमीन पर अपनी पकड़ बनाए रखने में कामयाब रहा है, लेकिन उसके सर्वोच्च नेता, राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, वो साहसी व्यक्ति, बनने से बहुत दूर हैं जो उन्होंने सोच रखा था कि बनकर उभरेंगे।

नौ महीने के युद्ध ने रूस के सैन्य उपकरणों और कर्मियों को बुरी तरह तबाह कर दिया है, और जिनमें से अधिकांश को नवीनीकृत करने में दशकों लगेंगे। कुछ महीनों में यूक्रेन को जीतने और कुछ हफ्तों के भीतर यूक्रेन में रूस के अनुकूल सरकार स्थापित करने का उनका प्रारंभिक लक्ष्य महीनों तक खिंचता चला गया, जिससे धीरे-धीरे उनकी सार्वजनिक छवि पर कुठाराघात हुआ। भारत अगले महीने प्रतिष्ठित जी -20 की अध्यक्षता लेने के लिए पूरी तरह तैयार है और इसके प्रमुख आकर्षणों में से एक यूक्रेन में शांति स्थापित करना हो सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कद वैश्विक नेता के रूप में स्थापित हो गया है और भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर के नेतृत्व में भारतीय विदेश नीति की मजबूती को देखते हुए भी यह संभावना प्रबल हो गई है।

## आप की बात

### क्रिकेट की दुनिया

**भारत** में क्रिकेट के प्रति इतनी दीवानगी पैदा हो गई है कि जितनी अपने धर्म व ईश्वर के प्रति! अब सोशल मीडिया व न्यूज़ चैनलों पर टी-ट्वेंटी विश्वकप पर जो कुछ देखने को मिला, अब उस पर हंसे या रोए! समझ में नहीं आता। भारत-इंग्लैंड के सेमीफाइनल के पहले न्यूज़ चैनल में जान-माने 11 ज्योतिष को बुलाया गया, सभी ज्योतिष- विद्या के आधार पर भारत की जीत की भविष्यवाणी कर रहे थे, तो सोशल मीडिया / न्यूज़ चैनल पर 'मोदी है तो मुमकिन है !' यह तो चाटुकारिता की हद है! आखिर सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वाले व न्यूज़ चैनल वाले ऐसी मदारी/जोकरों जैसी हरकत कर क्यों जग हंसाई करवा रहे है ! अपने ही हाथों अपनी ही भद्द पिटवाना क्या अच्छी बात है? खेल में हार जीत स्वाभाविक है। हमारे विरोध में खेलने वाली टीमों के खिलाड़ी भी ना केवल खून पसीना बहाते हैं बल्कि वे भी महारत हासिल किए हुए थे। भले ही भारतीय खिलाड़ियों की गलतियां ढूंढें, मगर खेल में जो होता है, उसके लिए उस खेल का चमत्कार ही होता है, तभी तो उसे खेल कहा गया है। खेल के हुनर पर किसी का एकाधिकार नहीं होता है। आज इसमें कोई 'राजा' तो कोई रंक होता है!

**हेमा हरि उपाध्याय,** उज्जैन

### जलवायु परिवर्तन के खतरे

**मिस्त्र** के शहर शम-अल-शैख़ में आयोजित हो रहा संयुक्त राष्ट्रसंघ का जलवायु सम्मेलन कॉप 27, पिछले 26 सम्मेलनों से भिन्न है। चूंकि पहले के सम्मेलनों में केवल बातें ही हुईं, ठोस काम कुछ भी नहीं हुआ। इसलिए इस बार कई देशों में हुई आपदाओं के चलते, नुक्सान भरपाई की मांग शुरू कर दी है। सोमवार को पाकिस्तानी प्रधान मंत्री शाहबाज़ शरीफ ने विश्व बिरादरी से, उनके यहां आई, सर्वाधिक भयावह बाढ़ के लिए, 30 अरब डॉलर की मांग मुवावजे के रूप में की है। साथ ही पाकिस्तान को दिए गए सभी प्रकार के ऋणों में राहत देने की भी मांग की है। मानवीय इतिहास की इतनी भयानक बाढ़ शायद ही दक्षिण एशिया में कभी आयी हो। दसियों लाख लोग बिना घर के खुले में, आज भी रहने को मजबूर हैं। इसके लिए पाकिस्तान का क्या कसूर था? अमीर देशों के कार्बन उत्सर्जन का खामियाजा गरीब देश क्यों भुगते ? अगर हम अब भी जलवायु परिवर्तन को एक मजाक के रूप में लेते रहे तो आने वाले वर्षों में पाकिस्तान जैसा हालत दर्जनों देशों का होने वाला है। इस चेतावनी को गंभीरता से लेना चाहिए।

**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### पुरानी पेंशन की मांग

**सर्वोच्च न्यायालय** की फटकार के बाद भी राजनीतिक दल मुफ्त की रेवड़ी योजना से बाज नहीं आ रहे। कांग्रेस द्वारा गुजरात में मतदाताओं से पुरानी पेंशन व्यवस्था को लागू करने का वादा राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए एक आत्मघाती कदम है। इस व्यवस्था को 2004 में वाजपेई सरकार ने समाप्त कर ऐतिहासिक और देश की अर्थव्यवस्था के पक्ष में सराहनीय कदम उठाया था। जिसे बाद में यूपीए सरकार में वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने भी सराहा था। आज फिर वही कांग्रेस और आप पार्टी उस जिन्न को बोतल से बाहर करने पर उतारू हैं। वाजपेई सरकार में शामिल वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा ने तब कहा था कि इस पेंशन व्यवस्था पर सरकार को कर्मचारियों के वेतन से अधिक व्यय करना पड़ता है। एक अनुमान के अनुसार 2021-22में पेंशन भुगतान पर 2 लाख 54 हजार रुपए सरकार ने खर्च किए थे। पुरानी पेंशन व्यवस्था पर अधिकांश पैसा करदाताओं का होता था, जबकि नयी पेंशन व्यवस्था में कर्मचारियों का अपना पैसा होता है। अत: ऐसे वादों से हर राजनीतिक दल को बचना चाहिए जो राष्ट्रहित में न हो।

**नरेन्द्र टोंक**, मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**सामान्य** नागरिक की सेवा मेरी प्राथमिकता है। शब्दों के बजाय मेरा काम बोलेगा।

- **डी.वाई. चंद्रचूड़**
भारत के प्रधान न्यायाधीश



**एलन मस्क** सह-संचालन कर रहे हैं। उनके तकनीकी व दूसरे देशों से संबंधों पर हमें गौर करना चाहिए।

- **जो बाइडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति



**आप** व केजरीवाल एमसीडी सफाई कर्मियों का अपमान कर रहे हैं जो रोज हमारे घरों से 11,000 टन कचरा उठाते हैं।

- **आदेश गुप्ता**
दिल्ली भाजपा प्रमुख

# महिला अपराध के मामलों में जल्द तफ्तीश कर कोर्ट में भेजें चार्जशीट



## ● पॉक्सो एक्ट, महिला उत्पीड़न, सीसीटीएनएस व आईटी सिस्टम के कार्यों की हुई समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने पॉक्सो, महिला उत्पीड़न, सीसीटीएनएस तथा आईटी सिस्टम के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कहा कि महिला एवं बालिका से जुड़े अपराध के मामलों में जल्द से जल्द तफ्तीश पूरी कर फ ास्ट ट्रैक कोर्ट में आरोप पत्र भेजा जाए। पाक्सो एक्ट मामलों में दो माह के भीतर कार्रवाई होनी चाहिएए ऐसे मामलों में जल्द कार्यवाही होने से अपराध में कमी आयेगी और पुलिस के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित मामलों की वह स्वयं हर महीने समीक्षा करेंगे।

उन्होंने कहा कि यूपीकॉप एप द्वारा जनता को नागरिक केन्द्रित सेवाएं उपलब्ध करायी जाती हैं। थाना दिवस तथा समाधान दिवस के दौरान यूपीकॉप एप के बैनर लगवाकर उनका वृहद् स्तर पर प्रचार-प्रसार समस्त जनपदों में कराया जाए।

बैठक में बताया गया कि सीसीटीएनएस के माध्यम से पुलिस अधीक्षकों की मासिक अपराध बैठक सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में यूपी पुलिस की वेबसाइट पर उपलब्ध सीसीटीएनएस रिपोर्ट्समें डैशबोर्ड टैब के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षकों के लिए थानों की समीक्षा/रैंकिंग का टैब उपलब्ध कराया गया है। इस पर मुख्य सचिव ने कहा कि मासिक समीक्षा डैशबोर्ड पर उपलब्ध डाटा के आधार पर की जाए। यह भी बताया गया कि इनवेस्टीगेशन ट्रैकिंग सिस्टम फ ार सेक्सुअल ऑफेन्स (आईटीएसएसओ) के अनुसार आईपीसी-376 और पाक्सो एक्ट की एफ आईआर में दो महीने से अधिक समय से जांच चल रही है। राज्यवार लम्बित सूची में उत्तर प्रदेश नीचे से चौथे स्थान पर है तथा लम्बित प्रतिशत 1.3 है। इसके अतिरिक्त आईटीएसएसओ के अनुसार आईपीसी-376 और पाक्सो एक्ट की एफ आईआर में दो माह के भीतर इनवेस्टीगेशन का अनुपालन सुनिश्चित कराने के मामले में राज्यों की सूची में शीर्ष से 5वें स्थान पर है तथा कम्प्लाइंस रेट 70.5 प्रतिशत है।

बैठक में एडीजी महिला बाल सुरक्षा एवं संगठन नीरा रावत, एडीजी अभियोजन आशुतोष पांडेय, सचिव गृह बीडी पॉलसन समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे। वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से जनपदों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने भी बैठक में हिस्सा लिया।

# युवाओं को शिक्षित करने के साथ ही प्रदान की जाए वोकेशनल ट्रेनिंग: मुख्य सचिव

## ● मुख्य सचिव के सामने सीआरआरआईएसपी की परियोजना का प्रस्तुतीकरण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव ने कहा है कि वर्तमान समय की आवश्यकता के अनुसार युवाओं को शिक्षित करने के साथ-साथ वोकेशनल ट्रेनिंग भी प्रदान की जाए, जिससे युवा स्किल्ड हो और वह देश व प्रदेश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे सकें। सभी केन्द्रीय व राज्य विश्वविद्यालय आपसी समन्वय से प्रदेश में शिक्षा का स्तर और बेहतर बनाने के लिए कार्य करें। मुख्य सचिव के सामने शुक्रवार को सेंटर फॉर रिसर्च इन स्कीम्स एंड पॉलिसीज (सीआरआईएसपी) द्वारा तैयार की गई प्रोजेक्ट फॉर एक्सिलेंस इन हायर लर्निंग एण्ड एजुकेशन इन यूपी परियोजना का प्रस्तुतीकरण किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में स्थानीय भाषा को बढ़ावा देने का प्राविधान किया गया है, इसलिए हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के लिए हिन्दी में विज्ञान, सामाजिक विज्ञान आदि विभिन्न विषयों पर केन्द्रित जॉर्नल प्रकाशित कराये जाएं। शिक्षण संस्थान हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए कार्य करें। विश्वविद्यालयों की मान्यता एवं रैंकिंग सम्बन्धी जानकारी को ऑनलाइन पोर्टल पर प्रदर्शित किया जाए। प्रदेश में ऐसा प्रतियोगी माहौल तैयार किया जाए कि सभी शिक्षण संस्थान रैंकिंग के लिए बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। सीआरआईएसपी के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व आईएएस अधिकारी आर. सुब्रमण्यम ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बताया कि उत्तर प्रदेश को शिक्षा का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए यह परियोजना तैयार की गई है। इस परियोजना में उनकी संस्था कॉलेजों में रैंकिंग सुधार, मार्केट की जरूरत के अनुसार कोर्स व इंटर्नशिप प्रोग्राम, नवाचार को बढ़ावा तथा एनईपी-2020 को लागू करने में उत्तर प्रदेश का सहयोग करना चाहती है। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने सीआरआईएसपी के संस्थापक सदस्यों को ओडीओपी के उत्पाद भेंट किए। बैठक में मुख्यमंत्री के शिक्षा सलाहकार प्रो. डीपी सिंह, प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा दीपक कुमार, प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा सुधीर एम. बोबड़े, प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार, प्रमुख सचिव व्यावसायिक शिक्षा सुभाष चन्द्र शर्मा, सचिव कृषि शिक्षा अनुराग यादव सहित सम्बन्धित विभागों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा सीआरआईएसपी के संस्थापक सदस्य सीतारमण जनार्दन कुंते (पूर्व आईएएस) उपस्थित रहे।

## विनय पाठक को पद मुक्त कर जांच कराने की राज्यपाल से मांग

**लखनऊ।** छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के कुलपति प्रो. विनय पाठक के उपर भ्रष्टाचार का आरोप लगने के बाद उत्तरप्रदेश विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक महासंघ ने राज्यपाल से पाठक का पदमुक्त कर जांच कराने की मांग की है। इस बावत महासंघ की तरफ से राज्यपाल को पत्र भी लिखा गया है। उत्तर प्रदेश विवि, महाविद्यालय शिक्षक महासंघ के अध्यक्ष डॉ वीरेन्द्र सिंह चौहान का कहना है कि महासंघ उच्च शिक्षा व्यवस्था व इसके सभी घटकों को भ्रष्टाचार मुक्त करने के प्रदेश शासन के संकल्प के साथ है। स्वयं फुपुक्टा ने जब भी संघटक विभिन्न विश्वविदयालय शिक्षक संघ इकाइयों दवारा कभी भी विश्वविद्यालय कुलपतियों व विश्वविद्यालय प्रशासन या उच्च शिक्षा प्रशासन से जुड़ी किसी संस्था के भ्रष्टाचार की शिकायतें की गई है। उनका कहना है कि कुलाधिपति व राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से शिक्षक महासंघ सरकार के भ्रष्टाचार के प्रति शासन के जीरो टोलेरेंस नीति का समर्थन करता है।

# नशा मुक्त भारत के तहत 38 जिलों को दस-दस लाख आवंटित



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरूण ने कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत चिन्हित 38 जनपदों को 10-10 लाख की धनराशि प्रदान की गई है। जिसका स्टेट एक्शन प्लान बनाकर बेहतर प्रयोग किया जाएगा। जबकि पीएम आदर्श ग्राम योजना में कम्युनिटी सेंटर बनवाए जाने हेतु 25 लाख प्रदान किए जाने की मंजूरी दी गयी है।

शुक्रवार को भारत सरकार की राज्य मंत्री, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय कु प्रतिमा भौमिक की अध्यक्षता में समाज कल्याण एवं दिव्यांगजन कल्याण से संबंधित योजनाओं की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की गई। बैठक में उत्तर प्रदेश में भारत सरकार के वित्तीय सहयोग से संचालित योजनाओं की जानकारी प्राप्त करते हुए प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में प्रमुख सचिव समाज कल्याण के अनुसूचित जाति छात्रावासों की मरम्मत हेतु समुचित प्रस्ताव पर पीएम अजय योजना के अंतर्गत धनराशि 5 लाख को बढ़ाए जाने हेतु सहमति प्रदान की गई।

## कांग्रेस ने प्रज्ञा सिंह को बनाया लखनऊ नगर निकाय चुनाव का प्रभारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कांग्रेस** महासचिव व प्रभारी उत्तर प्रदेश प्रियंका गांधी के निर्देश पर प्रज्ञा सिंह को लखनऊ नगर निकाय चुनाव का प्रभारी मनोनीत किया गया। नियुक्त के संबंध में जारी परिपत्र में उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस मध्य जोन की अध्यक्ष ममता चौधरी ने कहा कि प्रज्ञा सिंह के लखनऊ नगर निकाय चुनाव का प्रभारी बनने पर कांग्रेस को निश्चित रूप से अभूतपूर्व सफलता प्राप्त होगी। प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे, नसीमुद्दीन सिद्दीकी आदि ने इस पर हर्ष व्यक्त करते हुए शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया तथा नगर निकाय चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए जल्द से जल्द से एक बैठक की अपेक्षा की है।

## शराब पीकर गाली देने वाले लखीमपुर के सीएमओ महानिदेशालय से सम्बद्ध

**लखनऊ।** दो दिन पूर्व सोशल मीडिया पर शराब पीकर गाली देने वाले लखीमपुर के सीएमओ डॉ अरूणेन्द्र त्रिपाठी को राज्य सरकार के निर्देश पर हटा दिया गया है। इनके स्थान पर संयुक्त निदेशक ग्रेड के चिकित्साधिकारी व महानिदेशालय में तैनात डॉ संतोष गुप्ता को नया सीएमओ बनाया गया है। जबकि डॉ त्रिपाठी को महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य से सम्बद्ध किया गया है। बता दें कि पिछले दिनों मार्ग दुर्घटना में घायल एक अंडर सीएमओ का वीडियो बना रहे एक पत्रकार को डॉ अरूणेन्द्र त्रिपाठी ने गाली दे दी थी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था।

## अनिल कुमार मानवाधिकार आयोग के प्रथम अपीलीय अधिकारी नामित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मानवाधिकार आयोग के पुलिस महानिदेशक/सचिव/ संदीप सालुंके ने बताया कि जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत राज बहादुर संयुक्त सचिव के स्थान पर अनिल कुमार संयुक्त सचिव उत्तर प्रदेश मानवाधिकार आयोग को अधिनियम के उपबन्धों के अधीन प्रथम अपीलीय अधिकारी नामित किया गया है। पूर्व में 10 जून 2022 का निर्गत आदेश संशोधित समझा जाए।

# विदेशों व विभिन्न राज्यों के बीच सांस्कृतिक एक्सचेंज के लिए एमओयू हस्ताक्षरित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विदेशों** तथा देशों के अन्य राज्यों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए शुक्रवार को नई दिल्ली के आईसीसीआर भवन में भारत सरकार तथा उत्तर प्रदेश के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। इस अवसर पर भारत सरकार के सांस्कृतिक मंत्रालय व उप्र समेत 23 राज्यों के मंत्री तथा प्रमुख सचिव मौजूद थे।

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि एक समझौता एक सांस्कृतिक एक्सचेंज के लिए किया गया। इस समझौते से विदेशों तथा अन्य राज्यों के सांस्कृतिक दल उप्र आकर अपना कार्यक्रम पेश करेंगे और उप्र के सांस्कृतिक दल विदेशों में रामलीला समेत अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। जयवीर सिंह ने बताया कि इस समझौते का उद्देश्य विभिन्न देशों तथा राज्यों के बीच सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करके पर्यटन को बढ़ावा देना है। इसके साथ ही विदेशों में भारत की समृद्धि सांस्कृतिक विरासत को पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि समझौते के तहत सांस्कृतिक दल के आने-जाने का खर्च आदि व्यय उस देश द्वारा वहन किया जायेगा। इसी प्रकार विदेशों की टीम भारत आयेगी, उसका खर्च यहां की सरकार वहन करेगी। जयवीर सिंह ने बताया कि अभी अयोध्या में दीपावली पर दीपोत्सव के दौरान 8 देशों की रामलीला टीमें आई थीं। उन्होंने अयोध्या में कार्यक्रम पेश किया था। उन्होंने बताया कि समझौते के तहत विदेशी टीमें भारत तथा दूसरे राज्यों में अपना कार्यक्रम पेश करेंगी। जयवीर सिंह ने बताया कि यह समझौता प्रधानमंत्री के एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत किया गया। इसके माध्यम से भारत की गौरवशाली संस्कृति को विदेशों तक पहुंचाना है। इसके माध्यम से उप्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर पर्यटन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## सभी चीनी मिलों को तत्काल चालू कराए सरकार: रामाशीष

**लखनऊ।** प्रदेश में सभी चीनी मिलों के चालू न होने पर राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा है कि प्रदेश सरकार अपने किसान विरोधी रवैये के कारण सदैव उद्योगपतियों के दबाव में रहकर प्रत्येक निर्णय करती है। उन्होंने कहा कि अभी भी कुछ चीनी मिलों पर पिछले सत्र का गन्ना मूल्य बकाया है और नया सत्र प्रारम्भ हो चुका है। अब तक मिलों के चालू न होने से किसानों के खेत खाली नहीं हो पा रहे हैं और गेहूँ की बुवाई पिछड़ रही है। जिसका खामियाजा किसानों को ही भुगतना पड़ेगा। शुक्रवार को बयान जारी कर राय ने कहा कि एक वर्ष में किसानों को डीज़ल की मूल्य बढ़ोत्तरी के कारण सिंचाई की मंहगी लागत झेलने के साथ साथ खाद और बीज के लिए भी अधिक कीमत चुकानी पड़ी है परन्तु सरकार ने गन्ना किसानों के हित में समर्थन मूल्य भी घोषित नहीं किया है। जो किसान विरोधी होने का पुख्ता प्रमाण है। उन्होंने कहा कि यह सरकार लघु और सीमांत किसानों को साल में 6 हजार सम्मान निधि देकर उनसे डीजल, रसोई गैस अन्य आवश्यक वस्तुओं की बढ़ी हुई कीमतों के साथ साथ बिजली मूल्य के रूप में 18 हजार प्रति वर्ष वसूली करती है। रालोद प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सरकार तत्काल बन्द चीनी मिलों को चालू कराये साथ ही गन्ने का समर्थन मूल्य भी कम से कम 100 कुन्तल की बढ़ोतरी के साथ घोषित करे।

## प्रवर्तन अभियान में 492 वाहनों का चालान व 82 किए गए बंद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह के निर्देशों के क्रम में लखनऊ परिक्षेत्र में प्रवर्तन टीम द्वारा अनधिकृत संचालित एवं ओवरलोड मालयानों के खिलाफ अभियान के तहत 7 से 11 नवम्बर को प्रवर्तन की कार्रवाई की गई। उप परिवहन आयुक्त निर्मल प्रसाद बताया कि जनपद लखनऊ में प्रवर्तन टीम द्वारा की गई कार्रवाई में 492 वाहनों का चालान एवं 82 वाहनों को बंद करवाया गया। अनधिकृत बस संचालन की 110 बसों का चालान एवं 10 बसों को बंद किया गया। इसी प्रकार 74 ओवरलोड वाहनों का चालान एवं 42 ओवरलोड वाहनों को बंद किया गया।

## हाईकोर्ट ने गायत्री की अपील पर सीजेएम से मांगा स्पष्टीकरण

विधि संवाददाता। लखनऊ

**गैंगरेप** के मामले उम्र कैद की सजा काट रहे पूर्व काबीना मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति की अपील पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने सीजेएम से स्पष्टीकरण मांगा है। पीठ ने इस मामले की पीड़िता को नोटिस प्राप्त कराने का आदेश देते हुए सीजेएम से रिपोर्ट तलब किया था। सीजेएम की रिपोर्ट स्पष्ट नहीं थी। मामले की अगली सुनवाई 16 नवंबर को होगी। जस्टिस रमेश सिन्हा एवं जस्टिस रेणु अग्रवाल की पीठ ने यह आदेश गायत्री प्रजापति की अपील पर दिया है। 12 नवंबरए 2021 को सत्र अदालत ने गैंगरेप के मामले में गायत्री व दो अन्य मुल्जिमों को उम्र कैद की सजा सुनाई थी। जबकि चार मुल्जिमों को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट के आदेश से गायत्री व अन्य के खिलाफ इस मामले की एफ्आईआर दर्ज हुई थी। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश पीड़िता की याचिका पर दिया था। इस मामले में राज्य सरकार ने भी अपील दाखिल कर रखी है। इस अपील में बरी किए गए मुल्जिमों के फैसले को चुनौती दी गई है।

## गैंगेस्टर एक्ट में वांछित ईनामी अपराधी गिरफ्तार

**लखनऊ।** पूर्व में कई बार चोरी व अवैध असलहा रखने आदि अपराधों मे जेल जा चुके और गैंगस्टर एक्ट में वांछित इनामी अपराधी भोला चौधरी को एसटीएफ ने आगरा से गिरफ्तार किया है। सटीक सूचना के आधार पर एसटीएफ की टीम ने आगरा जिले के एत्मादद्दौला क्षेत्र के ईट मंडी हाथरस रो के पास से बीस हजार के ईनामी अपराधी भोला चौधरी निवासी गोकुल नगर, पोस्ट ऑफिस के पीछे, आगरा को गिरफ्तार किया। अपराधी ने पूछताछ पर बताया कि वह पूर्व कई बार चोरी व अवैध असलहा रखने आदि अपराधों मे जेल जा चुका है। थाना एत्मादद्दौला, आगरा मे पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट के मुकदमे में उसके ऊपर ईनाम घोषित हो गया था।

# पर्दा उठा तो सामने आएंगे भाजपा सरकार के अनगिनत घोटोले

## ● सपा अध्यक्ष ने कहा, आयुर्वेद कॉलेजों में प्रवेश सम्बंधी बड़ी हेराफेरी बिना ऊपरी संरक्षण के सम्भव नहीं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार घोटालों की सरकार बन गई है। उसके झूठ के कारोबार से पर्दा उठने लगा है। नौजवानों को रोटी-रोजगार देना तो दूर शिक्षा के क्षेत्र में उनके लिए दरवाजे भी बंद किए जा रहे हैं। आयुष घोटाला तो महज एक गिनती है। पर्दा उठने पर न जाने कितने घोटाले सामने आएंगे। भाजपा के माथे पर लगे कलंक के टीके छुपने वाले नहीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकारी और निजी कॉलेजों में आयुष की सीटों पर प्रवेश को लेकर एक बड़ा गोरखधंधा चलता रहा और भाजपा सरकार अनजान बनी रही। किसी को पता ही नहीं चला। नीट में शामिल हुए बगैर सैकड़ों छात्रों के दाखिले आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी कॉलेजों में कर दिए गए। पूरे प्रदेश में 891 दाखिलों में फर्जीवाड़े के सुराग मिले। कांउसलिंग का ठेका जिस कम्पनी को दिया उसने दूसरी कम्पनियों को अपनी जिम्मेदारी बांट दी। अखिलेश ने कहा कि मीडिया खबरों से चेती सरकार अपने बचाव में निलम्बनए जांच और बर्खास्तगी तक के बहाने बनाकर जनता को गुमराह करने में लगी है जबकि यह बात स्पष्ट है कि आयुर्वेद कॉलेजों में प्रवेश सम्बंधी बड़ी हेराफेरी बिना ऊपरी संरक्षण के सम्भव नहीं है। जांच करने वाले अभी छोटे कर्मचारियों को ही निशाने पर ले रहे है। विभाग के बड़े लोग छुट्टा घूम रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार शिक्षा के क्षेत्र को पूरी तरह चौपट कर रही है। इतने बड़े आयुष घोटाले के बावजूद आयुर्वेद निदेशालय के अधिकारी जांच से लुकाछिपी का खेल खेल रहे हैं। कई जिलों तक यह खेल फैला है। मुख्यमंत्री जी इस सबसे बेखबर दूसरे प्रांतों में जनता को गुमराह करने में लगे हैं। उन्हें न उत्तर प्रदेश की जनता की फि क्र है और न ही सरकारी घोटाले के शिकार नौजवानों के भविष्य की। भाजपा नेतृत्व की ही शह पर प्रदेश की कई यूनिवर्सिटियों में लाखों का वारान्यारा होने की खबरें भी सुर्खियों में आ रही हैं।

## प्रदेश की सभी सीटों पर निकाय चुनाव लड़ेगी प्रसपा



**लखनऊ।** प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य यादव ने कहा है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव की मंशा के अनुसार इस बार उनकी पार्टी पूरे प्रदेश में स्थानीय निकाय का चुनाव बहुत मजबूती से लड़ेगी। आदित्य शुक्रवार को पार्टी के महानगर अध्यक्ष सऊद खान के बुलाकी अड्डा स्थित महानगर कार्यालय के उद्घाटन के बाद मौजूद कार्यकर्ताओं और पार्टी नेताओं को संबोधित कर रहे थे। पार्टी के प्रमुख महासचिव व प्रवक्ता अजय त्रिपाठी मुन्ना ने बताया कि इससे पहले सभा को लखनऊ महानगर अध्यक्ष सऊद खान ने सम्बोधित करते हुए आदित्य यादव का आभर व्यक्त करने के साथ ही उनकी स्वागत किया। उसके उपरांत प्रदेश के अजय त्रिपाठी मुन्ना कहा की राजधानी लखनऊ में प्रगतिशील समाजवादी पार्टी मजबूत है और स्थानीय निकाय का चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं।

वहीं आदित्य यादव ने मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव के संबंध में कहा कि दो तीन दिनों में पार्टी का जो निर्णय होगा बता दिया जायेगा।

# मैनपुरी सीट पर जीत के लिए सपा ने तेज किए प्रयास, डिंपल 14-15 को भर सकती हैं पर्चा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** संस्थापक की विरासत को बचाए रखने के लिए मैनपुरी लोकसभा सीट से डिंपल यादव की उम्मीदवारी की घोषणा के तुरंत बाद पार्टी ने इस सीट पर बड़ी जीत सुनिश्चित करने के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस सीट पर 1996 से ही सपा का उम्मीदवार निर्वाचित होता रहा है। मैनपुरी के सपा अध्यक्ष ने डिंपल यादव के लिए शुक्रवार को नामांकन पत्र खरीदा। उम्मीद की जा रही है कि डिंपल यादव 14-15 नवंबर को पर्चा भर सकती हैं।

निर्वाचन आयोग ने मैनपुरी लोकसभा सीट और कुछ अन्य सीटों पर उपचुनाव के लिए पांच दिसंबर की तारीख तय की गई है और चुनाव परिणाम की घोषणा आठ दिसंबर को की जाएगी। मैनपुरी संसदीय सीट के उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 18 नवंबर है। मैनपुरी उपचुनाव के लिए सपा का मजबूत उम्मीदवार समझे जाने वाले और मुलायम सिंह यादव के नाती तेज प्रताप यादव ने कहा है कि डिंपल यादव को पूरे परिवार और पार्टी का सहयोग मिलेगा। इस अहम उपचुनाव में प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया) के प्रमुख शिवपाल सिंह यादव की भूमिका को लेकर असमंजस की स्थिति पर सपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि 99 प्रतिशत संभावना है कि शिवपाल सिंह सपा के साथ रहेंगे। उन्होंने दावा किया कि शिवपाल और अखिलेश ने बृहस्पतिवार को लखनऊमें एक बैठक की। पूर्व सपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव ने कहा कि पार्टी एकजुट है और लोगों में उत्साह है। उन्होंने कहा कि हमने इस चुनाव के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं और जनसभाएं शुरू हो गई हैं। तेज प्रताप ने बृहस्पतिवार को इटावा में कहा, मैनपुरी में नेताजी के बाद यह पहला चुनाव होगा और पार्टी एक बड़ी जीत के रूप में उन्हें श्रद्धांजलि देना चाहती है। हम कड़ी मेहनत करेंगे और बड़ी जीत हासिल करेंगे।

इस चुनाव पर पूरे देश की नजर है। परिवार में खींचतान और भ्रम खासतौर पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनके चाचा शिवपाल सिंह के बीच खींचतान के बारे में पूछे जाने पर तेज प्रताप ने कहा, यह 2024 में होने वाले आम चुनाव से पहले संभवत: आखिरी चुनाव है और डिंपल जी की बड़ी जीत के लिए सभी कार्यकर्ता और परिजन काम करेंगे। नेताजी की सीट पर आगामी चुनाव में योजना के बारे में पूछे जाने पर शिवपाल यादव ने उन्नाव में बृहस्पतिवार को कहा था, मैं एक दो दिन में आपको सभी चीजों से अवगत करा दूंगा।

## एंड्रायड बेस मशीनों से टिकट जारी करने में हो रही सुविधा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश परिवहन निगम की सभी बसों में एंड्रायड आधारित नई इलेक्ट्रानिक टिकट जारी करने वाली मशीनों से परिवहन निगम के साथ-साथ प्रदेश के लोगों को बहुत सुविधा हुई है। इससे जहां एक तरफ टिकटों की आनलाइन बुकिंग के साथ-साथ रियल टाइम एक्चुअल डाटा मिल जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ यात्रियों को टिकट के भुगतान में आने वाले कठिनाईयां भी दूर हुई हैं। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के एमडी संजय कुमार ने बताया कि इस एंड्रायड आधारित टिकटिंग मशीन से सभी क्षेत्रों में चल रही परिवहन निगम की बसों का अपडेट प्रतिदिन प्राप्त हो रहा है। इस तकनीकी के माध्यम से प्रतिदिन यात्रा करने वालों की संख्या, राजस्व प्राप्ति इत्यादि की जानकारी मुख्यालय को तत्काल उपलब्ध हो रही है, जिसके माध्यम से मुख्यालय स्तर से प्रदेशभर में संचालित बसों की मानिटरिंग आसान हुई है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की यह व्यवस्था प्रधानमंत्री की डिजिटल इंडिया को साकार करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है।

# दोषियों पर फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाने व परिवार की सुरक्षा की मांग



## ● कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने उन्नाव रेप पीड़िता के परिजनों से मुलाकात कर दिया हर संभव मदद का आश्वासन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उन्नाव** के ग्राम हुसैननगर में महिला के साथ दुष्कर्म के बाद हुई हत्या सम्बन्धी घटना के संज्ञान के आने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी के निर्देश पर पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने वहां जाकर वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व विधायक इंदल रावत, जिलाध्यक्ष आरती बाजपेई, नरेन्द्र गौतम, सिद्धीश्री, रूद्र दमन सिंह बब्लू, मंजूदीप रावत,विनोद कृष्ण शर्मा, राम किशोर रावत शामिल रहे। प्रवक्ता संजय सिंह ने बताया कि जनपद उन्नाव के ग्राम हुसैनगंज के रहने वाल चंपालाल गौतम की पुत्री अर्जंलि गौतम (18 वर्षीय) के साथ कुछ दरिदों ने दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी तथा स्थानीय पुलिस मामले को दबाने की कोशिश कर रही है। जनपद उन्नाव के हुसैन नगर गांव में दलित बालिका की हुई निर्मम हत्या पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल बालिका के गांव हुसैन नगर पहुंचा। परिवार वालों से जानकारी और गांव वालों से जानकारी कर प्रतिनिधिमंडल पोस्टमार्टम हाउस पहुंचा।प्रवक्त ने बताया कि पोस्टमार्टम हाउस पर प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने सदस्यों ने पीड़ित परिवार जनों से बात की। पीड़ित परिवार जनों को हर संभव सहायता और मदद का आश्वासन भी दिया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने प्रशासनिक अधिकारियों उपस्थित पुलिस अधिकारियों से बात की। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि सभी अपराधियों पर फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाया जाए और पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाई जाए और पीड़ित परिवार को सुरक्षा भी उपलब्ध कराई जाए।

# किसानों को समय पर करें धान मूल्य का भुगतानः बी. चंद्रकला

- नोडल अधिकारी ने सीतापुर के कई धान क्रय केन्द्रों का किया निरीक्षण
- अधिकारियों संग बैठक कर दिए आवश्यक निर्देश

संवाददाता। सीतापुर

**सिधौली में** बाड़ी क्रय केंद्र का निरीक्षण करने के बाद नोडल अधिकारी बी चंद्रकला जनपद मुख्यालय पहुंची, यहां नवीन गल्ला मण्डी सीतापुर का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किसानों के पंजीकरण की जांच की एवं जानकारी ली कि अभी तक कुल कितनी खरीद हुयी है। कितने किसानों का भुगतान हो चुका है और कितना भुगतान होना शेष बाकी है, यह भी जाना। नोडल अधिकारी ने निर्देष दिया कि जो भुगतान शेष है उसका भी ससमय निस्तारण कर दिया जाये। केन्द्रों पर आये किसानों से वार्ता की एवं उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। मापक यंत्र द्वारा नमी की जांच भी करायी। केन्द्र प्रभारियों को निर्देश दिये कि विद्युत के स्वीच बोर्ड व्यवस्थित करें, पानी एवं साफ-सफाई दुरूस्त रखी जाये, यह सुनिश्चित किया जाये। मोनू नाम के किसान से पूछा कि आपने पंजीकरण कब कराया था, पल्लेदारी के मूल्य का क्या भुगतान कर रहे हैं। साथ ही बोरों की उपलब्धता की जानकारी करते हुये निर्देश दिये कि क्रय और उठान की प्रक्रिया समय से संबंधित अधिकारी पूर्ण करें। निरीक्षण के दौरान एडीएम राम भरत तिवारी, नगर मजिस्ट्रेट अमृता सिंह, डिप्टी आरएमओ अरविन्द कुमार दुबे, एआर कॉपरेटिव नवीन शुक्ला सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। धान क्रय केन्द्रों का निरीक्षण करने के बाद नोडल अधिकारी अपर आयुक्त एवं अपर निबंधक (बैंकिंग) सहकारिता बी चंद्रकला ने अधिकारियों के संग बैठक की। कलेक्ट्रेट सभागार में धान खरीद की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि किसानों का भुगतान ससमय सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि कृषकों के भुगतान में धनराशि की आवश्यकता हो तो पत्राचार करते हुये धनराशि की मांग करें। जो भी संस्थाएं कार्य कर ही हैं वह आपस में समन्वय करते हुये कार्य में प्रगति लायें। आधार लिंक सत्यापन का कार्य समय से पूर्ण करने के निर्देष संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने लक्ष्य के सापेक्ष क्रय हुये धान की जानकारी भी ली। उन्होंने निर्देषित किया कि बोरों की उपलब्धता बनी रहे यह भी सुनिश्चित किया जाये। रजिस्ट्रेशन के कार्य में तेजी लाने और भुगतान व सत्यापन के प्रतिदिन की रिपोर्ट संबंधित अधिकारी को प्रेषित करने के निर्देष दिए। बैठक के दौरान डीएम अनुज सिंह, एडीएम राम भरत तिवारी, नगर मजिस्ट्रेट अमृता सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## आज लगेगी लोक दालत

**सीतापुर।** बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, पारिवारिक विवाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद सहित ऐसे कई वादों के निस्तारण का सुनहरा अवसर है। 12 नवंबर को जनपद न्यायालय प्रांगण सीतापुर सहित तहसील स्तर पर लोक अदालत का आयोजन किया गया है। यह लोक अदालत जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर ''कुलदीप कुमार द्वितीय के निर्देषन में संपन्न होंगी। न्यायाधीश, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर सुदेश कुमारी ने अवगत कराया कि 12 नवम्बर को जनपद न्यायालय प्रांगण सीतापुर में तथा जनपद के समस्त बाह्रय न्यायालय व समस्त तहसील स्तर में लोक अदालत आयोजित की जा रही है। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक, शमनीय वाद, धारा-138, पराक्रम्य लिखित अधिनियम, राजस्व सम्बन्धी वाद, अन्य सिविल वाद किराया सुखाधिकार व्ययादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद, बैंक के प्रीलिटिगेशन विवाद तथा अन्य सम्यक विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण कराया जा सकता है।

## उधार में सिगरेट न देने पर महिला की हत्या

**बरेली।** उधार में सिगरेट ना देने पर चार दबंगों ने दुकान पर बैठी महिला को जमीन पर गिरा कर बुरी तरह पीटा और दुकान का सामान भी फेक दिया गंभीर रूप से घायल महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आरोपियों को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी। मीरगंज थाना क्षेत्र के गांव ललितपुरी निवासी 50 वर्षीय राम मूर्ति देवी पत्नी देव सिंह को बीती रात जिला अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया अस्पताल में मौजूद मृतका के बेटे वीरेंद्र सिंह ने बताया कि उसकी मां गुजारे के लिए घर के पास ही परचूनी की दुकान चलाती थी और नौ नवंबर की शाम को उसके गांव में ही रहने वाला विनोद अपने दोस्त शिवम सूरज और कन्हैया के साथ दुकान पर सिगरेट लेने के लिए आया था उसने राममूर्ति से उधार में सिगरेट देने को कहा लेकिन राममूर्ति ने उसे उधार सिगरेट देने से मना कर दिया जिससे नाराज चारों दबंगों ने उसकी मां को दुकान से खींचकर बुरी तरह पीटा दबंगों ने उसकी दुकान में रखा सामान फेक दिया शोर सुनकर मौके पर पहुंचे गांव वालों ने राममूर्ति को बचा लिया। मौके पर पहुंचे बेटे वीरेंद्र ने राममूर्ति को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां से बीती रात उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया लेकिन राममूर्ति कि रास्ते में ही उसकी मौत हो चुकी थी।


**सनेह इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय : डेल्टन हाउस, 4801, भरत राम रोड 24, दरियागंज, नई दिल्ली-110002, (भारत)
फोन : 91-11-23273907, सीआईएन : एल74899डीएल1980पीएलसी060079
30 सितम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही तथा अर्द्ध वर्ष हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण
(रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | पृथक्कृत | | | समेकित | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तिमाही समाप्त 30-09-2022 अलेखापरीक्षित | अर्द्ध वर्ष समाप्त 30-09-2022 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 30-09-2021 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 30-09-2022 अलेखापरीक्षित | अर्द्ध वर्ष समाप्त 30-09-2022 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 30-09-2021 अलेखापरीक्षित |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | - | - | 0.02 | 1.11 | 1.11 | 0.12 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | (1.15) | (2.28) | (0.71) | (0.36) | (2.49) | (1.03) |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर से पहले (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | (1.15) | (2.28) | (0.71) | (0.36) | (2.49) | (1.03) |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | (1.13) | (2.26) | (0.71) | (0.36) | (2.61) | (1.03) |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय (जिसमें अवधि हेतु लाभ (कर पश्चात) तथा कुल समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है) | 29.30 | 30.68 | (18.92) | 162.49 | 163.83 | (92.27) |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी(अंकित मूल्य रू. 10/- प्रति शेयर) | 24.00 | 24.00 | 24.00 | 24.00 | 24.00 | 24.00 |
| 7 | प्रति शेयर अर्जन (असाधारण मदों से पूर्व) (अंकित मूल्य रू. 10/- प्रत्येक) (क) मूल (रू.) | (0.47) | (0.94) | (0.29) | (0.15) | (1.09) | (0.43) |
| | (ख) तनुकृत (रू.) | (0.47) | (0.94) | (0.29) | (0.15) | (1.09) | (0.43) |

नोट्स :
1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए अ-लेखापरीक्षित तिमाही/अर्द्ध वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारकित रूप है। अ-लेखापरीक्षित तिमाही/अर्द्ध वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेन्ज वेबसाइट www.cse-india.com पर उपलब्ध है।
2. उपरोक्त परिणाम भारतीय लेखांकन मानक (आईएनडी एएस) के सिद्धांत और प्रक्रियाओं के अनुसार तैयार किए गए हैं, जैसाकि कम्पनीज (भारतीय लेखांकन मानक) नियमावली, 2015 के अधीन अधिसूचित किया गया है, जैसा कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के अधीन विनिर्दिष्ट किया गया है।
3. उपरोक्त अलेखापरीक्षित पृथक्कृत और समेकित वित्तीय परिणाम कम्पनी के निदेशक मंडल द्वारा दिनांक 11 नवम्बर, 2022 को सम्पन्न उनकी बैठक में पुनरीक्षित और अनुमोदित किए गए हैं।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते सनेह इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड
हस्ता./-
विवेक गुप्ता
निदेशक
डीआईएन : 00035916
स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 11-11-2022


# जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल सीतापुर आज मनाएगा वार्षिकोत्सव

- विद्यालय की स्थापना का एक वर्ष हुआ पूरा
- मुख्य अतिथि के रूप में आईजी लक्ष्मी सिंह रहेंगी मौजूद

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर** की लखनऊ रोड स्थित जी.डी.गोयनका पब्लिक स्कूल की प्रथम वर्षगांठ शनिवार को भव्य तरीके से मनाई जाएगी। विद्यालय के प्रथम वार्षिकोत्सव की थीम आशाएं रखी गई हैं, जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्.तिक और समाज में जागरूकता फैलाने वाले कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

यह जानकारी देते हुए प्रबंधक सूर्यांश सहगल ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य अथिति आईजी रेंज लखनऊ लक्ष्मी सिंह रहेंगी। कार्यक्रम की थीम आशाएं पर बच्चों द्वारा युवाओं की बुझती हुई आशाओं, मोबाइल के उपयोग और दुरुपयोग, युवाओं की जिंदगी में आने वाली दिक्कतों और उनसे कैसे लड़ा जाए आदि विषयों पर जागरूक करने वाले कार्यक्रम प्रस्तुत किए जायेंगे।कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 4 बजे से किया जाएगा जो देर रात तक चलेगा।

## केंद्रीय भंडार निगम की डायरेक्टर ने किया वेयर हाउसों का निरीक्षण

**लखीमपुर-खीरी।** केंद्रीय भंडार निगम भारत सरकार की डायरेक्टर व राष्ट्रीय लोधी महासभा की संस्थापक अनुपमा सिंह लोधी कलेक्टर गेस्टहाउस में पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि कल बहराइच से वेयरहाउस का निरीक्षण करके आज लखीमपुर खीरी का निरीक्षण किया और लोधी समाज द्वारा जगह जगह कार्यक्रम मुख्य अतिथि के तौर पर रहना हुआ। समाज विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़े, केंद्रीय भंडारण निगम निगम की 450 वेयरहाउसिंग और उत्तर प्रदेश से उत्तराखंड को मिलाकर करीबन 40 वेयरहाउस यूपी में है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सपना है कि किसानों को दुगनी आए हो उसके लिए सरकार जन-जन के लिए भंडारण की व्यवस्था की है। इसमें किसान अपनी फसल को अच्छी रेट पर बेंच सकते हैं। किसानों को हम किसानों को बेयर हाउस में रखने के लिए हम छूट भी देते हैं और किसानों को केंद्रीय भंडार निगम प्रशिक्षण भी देती है कि किसान भंडार ग्रहों से किस प्रकार से लाभ ले सकते हैं। आज गोला में केंद्रीय भंडार निगम का निरीक्षण किया गोला के मैनेजर विश्राम लाल से जानकारी ली और समाज के लोगों का काफी सम्मान मिला। इसके बाद सीतापुर होते हुए लखनऊ के लिए जाना है। इस दौरान राष्ट्रीय लोधी महासभा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री उमेश लोधी और जिला अध्यक्ष रतिराम लोधी, और राष्ट्रीय लोधी महासभा के जिला महामंत्री ओमप्रकाश लोधी,व महामंत्री विकिल लोधी, गोकुल प्रसाद लोधी,राम विलास लोधी, समेत कई लोग समाज के पदाधिकारी मौजूद रहे।


**आरएलएफ लिमिटेड**
पंजी. कार्यालय : 14 Kms, गुरूग्राम पटौदी रोड, झुंड सराय वीरान, गुरूग्राम, हरियाणा
सीआईएन : एल74999एचआर1979पीएलसी032747,
वेबसाइट : www.rlfltd.com ई-मेल : investorrelations@rlfltd.com,
फोन : 011-49075251

30 सितम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही और छमाही हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण
(रू. लाख में, सिवाय प्रति शेयर डेटा)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त | | | छमाही समाप्त | | वर्ष समाप्त |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.09.2022 (अलेखापरीक्षित) | 30.06.2022 (अलेखापरीक्षित) | 30.09.2021 (अलेखापरीक्षित) | 30.09.2022 (अलेखापरीक्षित) | 30.09.2021 (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2022 (लेखापरीक्षित) |
| 1 | परिचालन से कुल आय | 24.38 | 21.76 | 11.47 | 46.14 | 20.66 | 70.10 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर, अपवाद एवं असाधारण मदों से पूर्व | (8.40) | (1.30) | 0.19 | (9.70) | (4.52) | (87.64) |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर, अपवाद एवं असाधारण मदों के बाद | (8.40) | (1.30) | 0.19 | (9.70) | (4.52) | (87.64) |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात | (8.40) | (1.30) | 0.19 | (9.70) | (4.52) | (87.64) |
| 5 | कुल समावेशी आय | - | - | - | - | - | - |
| 6 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी | 980.08 | 980.08 | 980.08 | 980.08 | 980.08 | 980.08 |
| 7 | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/- प्रत्येक का) (वार्षिककृत नहीं) क) मूल | (0.09) | (0.01) | - | (0.10) | (0.05) | (0.89) |
| | (ख) तनुकृत | (0.09) | (0.01) | - | (0.10) | (0.05) | (0.89) |

नोट्स :
1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 30 व 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए 30 सितम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध वर्ष हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। 30 सितम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध वर्ष हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेन्ज वेबसाइट www.bseindia.com तथा कम्पनी की वेबसाइट www.rlfltd.com पर उपलब्ध है।

वास्ते आरएलएफ लिमिटेड
हस्ता./-
विकास ग्रोवर निदेशक
डीआईएन : 07075918
स्थान : गुरूग्राम, हरियाणा
तिथि : 11-11-2022


# मिड डे मील योजना की उड़ रहीं धज्जियां



**मोहम्मदी-खीरी।** संविलियन विद्यालय बरबर मे मिड डे मील एनजीओ के तहत चलाया जा रहा है जिसमें बच्चों को खाने के लिए खाना पैक करके विद्यालय में लाया जाता है जबकि एक बड़े से कंटेनर में कच्चे चावल युक्त तहरी बच्चों के बीच बाटी जा रही है जबकि अध्यापक भी इस रवैया से मजबूर होकर अपने अधिकारियों को अवगत भी कराया कुछ बच्चे अपना खाना घर से लाने के लिए मजबूर हैं क्योंकि बच्चों ने बताया इस खाने में शीशा निकलता है बच्चों के अंदर दहशत भरी हुई है बच्चों ने कहा जो मिड डे मील का खाना आता है वह हमको अच्छा नहीं लगता है जब बच्चे कच्चे चावल युक्त तहरी खाएंगे तो बच्चों के अंदर संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका होगी कोई भी जिम्मेदार अधिकारी इस मामले में संज्ञान लेता नजर नहीं आ रहा है जबकि विषय बहुत गंभीर है बच्चों के जिंदगी का अहम सवाल उठता है कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर मिड डे मील के बारे में खबर वायरल भी हो चुकी है।


**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ('प्रतिभूत लेनदार', जिसमें इसके उत्तराधिकारी और वारिस शामिल होंगे) और निम्नलिखित कर्ज़दार और सह-कर्ज़दार ['कर्ज़दार/रों ', जिसमें उसकी/ उसके/ उनके सबंधित (उत्तराधिकारी, उत्तरापेक्षी, वारिस) शामिल होंगे)], के बीच एक ऋण समझौते के अनुसार आवास ऋण सुविधा दी गई थी। अधोहस्ताक्षरी ('प्राधिकृत अधिकारी') ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ('अधिनियम') के अंतर्गत सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 ('नियमावली') के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में अधिनियम की धारा 13(2) के अन्तर्गत नीचे वर्णित कर्ज़दारों/ सह-कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें ऋण समझौते के अनुसार बकाया राशि का भुगतान करने के लिए और जैसा कि विशेष रूप से उक्त संबधित माँग सूचनाओं में उल्लिखित है, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा उक्त अधिनियम धारा 13(4) के साथ पठित नियमावली के नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में संपत्ति का सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है। संपत्तियों के सांकेतिक कब्ज़े की तारीख सहित विवरण नीचे वर्णित है

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राजीव नागपाल/ LBDEL00001730295 | फ्लैट नंबर 204, दूसरी मंज़िल, सेक्टर जेटा -1, ब्लॉक- टी-v, अमरपाली ग्रैंड, प्लॉट नंबर जीएच-09, नोएडा, उत्तर प्रदेश/ 07 नवंबर, 2022 | जनवरी 22, 2011 रु. 58,01,451/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/ ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः सुरक्षित ब्याज़ (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 और 9 के अंतर्गत है।

दिनांक: नवंबर 11, 2022
स्थान: दिल्ली/ एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
प्रतिभूत लेनदार



**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नौशाद अहमद, आमिर अहमद, ए-4/62, विशाल खंड, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश खाता नंबर - LBLUC00002001664 | प्लॉट नंबर डी-122 पर मकान, प्रथम तल, स्टिल्ट एरिया में एक कार पार्किंग स्पेस और टॉप टेरेस पर कॉमन डब्ल्यू. सी. युक्त एक यूटिलिटी के लिए स्पेस सहित, ब्लॉक-डी, आनंद निकेतन, (एमसीडी की सीमांतर्गत), नई दिल्ली | 06-10-2022 रू. 2,49,66,947/- | 08-08-2022 |
| 2. | सोनेश, सरोज, 141 बास भग्गी, शमशाबाद रोड, आगरा, उत्तर प्रदेश खाता नंबर - LBAGR00005634079 | प्लॉट नंबर 66, खसरा नंबर 137 एवं 138, आरवीएन रॉयल एस्टेट, मौजा नगला काली, तहसील सदर, जिला आगरा, उत्तर प्रदेश | 08-10-2022 रू. 5,78,774/- | 07-07-2022 |
| 3. | सोनेश, सरोज, 141 बास भग्गी, शमशाबाद रोड, आगरा, उत्तर प्रदेश खाता नंबर - LBAGR00005290476 | प्लॉट नंबर 66, खसरा नंबर 137 एवं 138, आरवीएन रॉयल एस्टेट, मौजा नगला काली, तहसील सदर, जिला आगरा, उत्तर प्रदेश | 08-10-2022 रू. 9,47,610/- | 07-07-2022 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 11 नवम्बर, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड



**Yaari Digital Integrated Services Limited**
(Formerly "Yaarii Digital Integrated Services Limited" & "Indiabulls Integrated Services Limited")
(CIN: L51101HR2007PLC077999)
Extract of Consolidated Unaudited Financial Results for the quarter and half year ended 30 September 2022
(Rs. in crores)

| Particulars | Quarter ended 30-Sep-2022 Unaudited | Half year ended 30-Sep-2022 Unaudited | Quarter ended 30-Sep-2021 Unaudited | Half year ended 30-Sep-2021 Unaudited | Year ended 31-Mar-2022 Audited |
|---|---|---|---|---|---|
| Total Income from Operations | 33.93 | 191.68 | 0.13 | 16.51 | 22.50 |
| Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Minority Interest and Share of Profit / (Loss) of Associate, Exceptional and/or Extraordinary items) | 32.06 | 182.79 | (25.95) | (33.28) | (131.76) |
| Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Minority Interest and Share of Profit / (Loss) of Associate (after Exceptional and/or Extraordinary items)) | 32.06 | 182.79 | (25.95) | (33.28) | (131.76) |
| Net Profit / (Loss) for the period after Tax, Minority Interest and Share of Profit / (Loss) of Associate (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 32.27 | 182.79 | (33.12) | (40.45) | (145.77) |
| Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 41.70 | 171.66 | (70.05) | 42.02 | (154.88) |
| Equity Share Capital | 19.74 | 19.74 | 19.74 | 19.74 | 19.74 |
| Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the audited Balance Sheet | | | | - | (313.85) |
| Earnings per Share (EPS) before extraordinary items | | | | | |
| - Basic (Amount in Rs.) | 3.19 | 18.20 | (3.30) | (4.03) | (14.51) |
| - Diluted (Amount in Rs.) | 3.19 | 18.20 | (3.30) | (4.03) | (14.51) |
| Earnings per Share (EPS) after extraordinary items | | | | | |
| - Basic (Amount in Rs.) | 3.19 | 18.20 | (3.30) | (4.03) | (14.51) |
| - Diluted (Amount in Rs.) | 3.19 | 18.20 | (3.30) | (4.03) | (14.51) |

Notes:
1) The above results have been reviewed by the Audit Committee and subsequently approved at the meeting of the Board of Directors held on 11 November 2022.
2) Key Standalone Financial Information: (Rs. in crores)

| Particulars | Quarter ended 30-Sep-2022 Unaudited | Half year ended 30-Sep-2022 Unaudited | Quarter ended 30-Sep-2021 Unaudited | Half year ended 30-Sep-2021 Unaudited | Year ended 31-Mar-2022 Audited |
|---|---|---|---|---|---|
| Total Income | 52.35 | 473.91 | 0.14 | 15.37 | 20.79 |
| Profit/(Loss) before Tax | 49.74 | 463.93 | (38.01) | (56.45) | (170.15) |
| Net Profit/(Loss) after Tax | 49.74 | 463.93 | (38.01) | (56.45) | (170.15) |

3) The above is an extract of the detailed format of Quarterly / Half Yearly filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly / Half Yearly Financial Results are available on the Company's website (https://www.yaari.com) and on the website of BSE (https://www.bseindia.com) and NSE (https://www.nseindia.com).

Registered Office: 5th Floor, Plot No 108, IT Park, Udyog Vihar, Phase -1, Gurugram, Haryana 122016
For and on behalf of the Board of Directors
Place : Gurugram
Date : 11 November 2022
Kubeir Khera
Executive Director & CEO


## पेड़ से टकराई बाइक, युवक की मौत

**बरेली।** घने कोहरे के कारण एक युवक की बाइक बेकाबू होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा टकराई जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शेरगढ़ थाने के गांव जिया नगला निवासी 25 वर्षीय धर्मेंद्र पुत्र महेश पाल की बीती रात शाही थाने के गांव परतापुर में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कि धर्मेंद्र एक फाइनेंस कंपनी में काम करता है और कल शाम को अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद मोटरसाइकिल से अपने घर वापस लौट रहा था लेकिन रास्ते में ही परतापुर गांव के पास घने कोहरे के चलते उसको सड़क ठीक से दिखाई नहीं दी और उसकी बाईक सड़क किनारे खाई में उतर और पेड़ से जा टकराई धर्मेंद्र का सिर पेड़ से टकरा गया उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की जेब से मिले मोबाइल फोन से उसके घर वालों को दुर्घटना की सूचना दे दी जो मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली।


**INDIABULLS RURAL FINANCE PRIVATE LIMITED**
(CIN :U74140MH1993PTC074596)
Extract of the unaudited financial results for the quarter/half year ended 30 September 2022
(Rs. in crores)

| Particulars | Quarter ended 30 Sep 2022 Unaudited | Quarter ended 30 June 2022 Unaudited | Quarter ended 30 Sep 2021 Unaudited | Half year ended 30 Sep 2022 Unaudited | Half year ended 30 Sep 2021 Unaudited | Year ended 31 March 2022 Audited |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Total income from operations | 5.71 | 4.91 | 5.31 | 10.62 | 10.91 | 21.01 |
| Net profit for the period (before tax, exceptional and extraordinary items) | 2.97 | 1.82 | 1.85 | 4.79 | 3.82 | 7.37 |
| Net profit for the period before tax (after exceptional and/ or extraordinary items) | 2.97 | 1.82 | 1.85 | 4.79 | 3.82 | 7.37 |
| Net profit for the period after tax(after exceptional and/ or extraordinary items) | 2.18 | 1.57 | 1.19 | 3.75 | 2.67 | 5.34 |
| Total comprehensive income for the period [Comprising profit for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)] | 2.12 | 1.58 | 1.18 | 3.70 | 2.68 | 5.36 |
| Paid-up equity share capital | 41.80 | 41.80 | 41.80 | 41.80 | 41.80 | 41.80 |
| Reserves (excluding revaluation reserve) | 28.36 | 26.24 | 21.98 | 28.36 | 21.98 | 24.66 |
| Securities premium account | 74.83 | 74.83 | 74.83 | 74.83 | 74.83 | 74.83 |
| Net worth | 144.99 | 142.87 | 138.61 | 144.99 | 138.61 | 141.29 |
| Outstanding debt | 49.85 | 49.79 | 49.65 | 49.85 | 49.65 | 49.75 |
| Debt equity ratio | 0.34 | 0.35 | 0.36 | 0.34 | 0.36 | 0.35 |
| Earnings per share before extraordinary items (Face Value of Rs. 10 per Equity Share) *(EPS for the quarter / half year are not annualised) | | | | | | |
| -Basic (Rs) | *0.52 | *0.38 | *0.28 | *0.90 | *0.64 | 1.28 |
| -Diluted (Rs) | *0.52 | *0.38 | *0.28 | *0.90 | *0.64 | 1.28 |

Note to financial results:
1) The above results have been reviewed by the Audit Committee and subsequently approved at the meeting of the Board of Directors held on 11 November 2022.
2) The above presentation is an extract of the detailed format of quarterly/ half yearly financial results filed with the Stock Exchanges under Regulation 52 of the SEBI (Listing and other disclosure requirements) regulations, 2015. The full format of quartely / half yearly financial results are available on the company's website (http://indiabullsruralfinance.com) and on the website of BSE (http://www.bseindia.com).

Registered Office : One International Center, Tower-1, 4th Floor, S. B. Marg, Elphinstone(W), Mumbai, 400013
For and on behalf of the Board of Directors
Place : Gurugram
Date : 11 November 2022
Vijay Kumar Agrawal
Whole Time Director

# गुजरात में कांग्रेस-राकांपा का चुनाव पूर्व गठबंधन तीन सीट पर लड़ेगी शरद पवार की पार्टी

**भाषा।** अहमदाबाद

**अगले महीने** होने जा रहे गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस और राकांपा ने चुनाव पूर्व गठबंधन का ऐलान किया है जिसके तहत शरद पवार की पार्टी राज्य की 182 में से तीन सीट पर चुनाव लड़ेगी। दोनों दलों के नेताओं ने शुक्रवार को यहां गठबंधन का ऐलान किया। राकांपा के कंधाल जडेजा अपनी पार्टी के इकलौते विधायक थे जिन्होंने 2017 के विधानसभा चुनाव में पोरबंदर जिले के कुटियाना विधानसभा क्षेत्र से जीत दर्ज की थी। गठबंधन का ऐलान करते हुए गुजरात कांग्रेस के अध्यक्ष जगदीश ठाकोर ने कहा, राकांपा आगामी राज्य विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ गठबंधन करके लड़ेगी। राकांपा तीन सीट-आनंद जिले की उमरेठ, अहमदाबाद जिले की नरोदा और दाहोद जिले की देवगढ़ बरिया सीट से चुनाव लड़ेगी। इन तीन सीट पर फिलहाल सत्ताधारी भाजपा का कब्जा है।

ठाकोर ने गुजरात चुनाव में 125 सीट पर जीत के साथ सबसे पुरानी पार्टी की सत्ता में वापसी के प्रति भरोसा जताते हुए कहा, कांग्रेस ने उन दलों के साथ समझौता करने का निर्णय लिया है जो संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए)-एक और दो में राष्ट्रीय स्तर पर हमारे साथ थे। उन्होंने कहा कि समान विचारधारा वाले और संविधान तथा देश की एकता की रक्षा के लिए कार्य करने वाले लोग फासीवादी ताकतों के खिलाफ एकजुट हो रहे हैं। राकांपा के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पटेल बोस्की ने कहा कि राकांपा गुजरात विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का समर्थन करेगी। पटेल ने कहा, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि इन तीन सीट पर ईमानदारी के साथ लड़ें। कांग्रेस ने हम पर जो भरोसा जताया है, उसके लिए मैं आभारी हूं। हम ऐसा कुछ नहीं करेंगे जो राकांपा की छवि को नुकसान पहुंचाए। भाजपा शासित गुजरात में विधानसभा चुनाव दो चरणों में एक और पांच दिसंबर को होंगे तथा मतगणना आठ दिसंबर को होगी।

## मराठी फिल्म के प्रदर्शन को बाधित करने के आरोप में राकांपा नेता जितेंद्र आव्हाड गिरफ्तार

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता एवं महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री जितेंद्र आव्हाड को इस सप्ताह की शुरुआत में मराठी फिल्म हर हर महादेव के प्रदर्शन को बाधित करने के सिलसिले में शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने इस बारे में जानकारी दी। राकांपा नेता के साथ उनके नौ समर्थकों को भी गिरफ्तार किया गया है। ठाणे के मुम्ब्रा-कलवा से विधायक आव्हाड ने ट्वीट किया कि उन्हें वर्तक नगर पुलिस थाने में दोपहर को बुलाया गया था और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। आव्हाड और उनके समर्थक सात नवंबर को एक मल्टीप्लेक्स में घुस गए तथा हर हर महादेव के प्रदर्शन को रुकवा दिया। उनका आरोप था कि इस फिल्म ने छत्रपति शिवाजी महाराज के इतिहास को तोड़-मरोड़ कर पेश किया है। सिनेमा का प्रदर्शन जबरन रोकने का विरोध करने पर कुछ दर्शकों को पीटा भी गया। इस घटना का एक वीडियो फुटेज सामने आया है।इस संबंध में वर्तक नगर पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

## राजीव गांधी हत्याकांड के दोषियों को रिहा करने के आदेश से देशवासियों को आघात लगा: गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी हत्याकांड के दोषियों को रिहा करने के उच्चतम न्यायालय के फैसले से देशवासियों को आघात लगा है। गहलोत ने ट्वीट किया, राजीव गांधी के हत्यारों को रिहा करने के उच्चतम न्यायालय के आदेश से देशवासियों को आघात लगा है। देश की एकता एवं भारतीय उपमहाद्वीप में शांति स्थापित करने के लिए शहादत देने वाले श्री राजीव गांधी के हत्यारों को रिहा करने का आदेश जनभावना के अनुरूप नहीं है। गहलोत ने कहा, उच्चतम न्यायालय को इस फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए। उल्लेखनीय है कि उच्चतम न्यायालय ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के मामले में उम्रकैद की सज़ा काट रहे नलिनी श्रीहरन और आर. पी. रविचंद्रन समेत छह दोषियों को समय से पहले रिहा करने का शुक्रवार को निर्देश दिया।



नई दिल्ली में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखर साथ में पत्नी सुदेश धनखर 17वे आसियान सम्मेलन में शिरकत करने के बाद वापस लौटे।

## अफ्ज़ल खान के मकबरे के निकट ढांचे ढहाए जाने पर सतारा डीसी, उप वन संरक्षक से रिपोर्ट तलब

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने महाराष्ट्र में बीजापुर के आदिलशाही वंश के सेनापति अफजल खान के मकबरे के आसपास की सरकारी जमीन पर कथित अनधिकृत ढांचों को हटाने के लिए चलाए गए अभियान पर सतारा जिला कलेक्टर और उप वन संरक्षक से शुक्रवार को रिपोर्ट तलब की। महाराष्ट्र सरकार ने प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ को अवगत कराया कि अनधिकृत ढांचे गिराने के जिस अभियान के खिलाफ मौजूदा याचिका दायर की गई है, वह अभियान पूरा हो चुका है और सरकार तथा वन भूमि पर बने अवैध ढांचों को ध्वस्त कर दिया गया है।

शीर्ष अदालत ने इस अभियान के समापन के संबंध में राज्य सरकार की दलीलों का संज्ञान लिया और सतारा के जिला कलेक्टर और उप वन संरक्षक को दो सप्ताह के भीतर अपनी-अपनी रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। न्यायालय ने कहा कि रिपोर्ट में अनधिकृत संरचनाओं की प्रकृति के साथ-साथ इस बात का भी संकेत होना चाहिए कि इन ढांचों को ढहाने के मामले में उचित प्रक्रिया का पालन किया गया था या नहीं।

पीठ बृहस्पतिवार को अफजल खान की कब्र और उसके आसपास जारी विध्वंस पर रोक लगाने की मांग वाली एक अंतरिम याचिका पर आज सुनवाई के लिए तैयार हो गई थी। अफजल खान महाराष्ट्र के सतारा जिले में प्रतापगढ़ किले के पास मराठा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज के हाथों मारा गया था और बाद में उसकी याद में एक मकबरा बनाया गया था। बृहस्पतिवार को तड़के इन कथित अनधिकृत ढांचों को हटाने की कवायद शुरू हो गई थी।

## धनशोधन मामला: संजय राउत की जमानत के खिलाफ ईडी की याचिका पर जवाब तलब

**भाषा।** मुंबई

**बंबई उच्च न्यायालय** ने शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की उस अर्जी के जवाब में राज्यसभा सदस्य संजय राउत से हलफनामा दाखिल करने को कहा, जिसमें धनशोधन के एक मामले में विशेष अदालत द्वारा उन्हें दी गई जमानत रद्द करने की मांग की गई थी। न्यायमूर्ति भारती डांगरे की एकल पीठ ने ईडी को अपने आवेदन में संशोधन करने की भी अनुमति दी, क्योंकि संजय राउत को जमानत देने वाला विशेष अदालत का आदेश बुधवार को अर्जी दाखिल करने के समय उपलब्ध नहीं था। मामले की अगली सुनवाई 25 नवंबर को होगी।

केंद्रीय एजेंसी ने शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के प्रमुख नेता संजय राउत के अलावा सह-आरोपी प्रवीण राउत को मिली जमानत को भी चुनौती दी है। अदालत ने कहा, आवेदनों में 14 नवंबर तक संशोधन किया जाए। प्रतिवादी (संजय राउत और प्रवीण राउत) एक सप्ताह बाद अपना जवाबी हलफनामा दाखिल करेंगे। मामले की सुनवाई 25 नवंबर को होगी। ईडी की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अनिल सिंह ने 21 नवंबर को इस मामले की सुनवाई का आग्रह किया था। सिंह ने दलील दी, विशेष अदालत ने कुछ अनावश्यक टिप्पणियां की हैं। हम इससे बहुत प्रभावित हैं।

न्यायमूर्ति डांगरे ने हालांकि कहा कि हर आदेश में कुछ ऐसी टिप्पणियां की जाती हैं, जिनका असर होता है। उन्होंने कहा, अगर एक या दो दिन बाद इस पर (याचिका पर) सुनवाई हुई तो कुछ नहीं बिगड़ेगा। एजेंसी ने उच्च न्यायालय से जमानत आदेश पर तत्काल अंतरिम रोक लगाने की मांग की थी। न्यायमूर्ति डांगरे ने बुधवार को हालांकि सभी पक्षों को सुने बिना आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। संजय राउत को उपनगरीय गोरेगांव में पात्रा चॉल के पुनर्विकास से संबंधित धनशोधन मामले में गिरफ्तार किए जाने के सौ दिन बाद बुधवार को विशेष पीएमएलए न्यायाधीश एमजी देशपांडे ने जमानत दी थी। जमानत की सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद वह बुधवार शाम मध्य मुंबई की आर्थर रोड जेल से बाहर आए। विशेष अदालत ने अपने आदेश में राज्यसभा सदस्य की गिरफ्तारी को अवैध, अकारण और शिकार बनाए जाने का कृत्य करार दिया था। ईडी ने अपनी अर्जी में कहा है कि विशेष अदालत का आदेश कानून की दृष्टि से खराब है और इसे रद्द किया जाना चाहिए।

## कैदियों को मोबाइल फोन मादक पदार्थ मुहैया कराने वाला डीएसपी गिरफ्तार

**फिरोजपुर (पंजाब)।** पंजाब के फिरोजपुर जिले में केंद्रीय कारागार के एक उपाधीक्षक (डीएसपी) को जेल में बंद कैदियों को मोबाइल फोन और मादक पदार्थ मुहैया कराने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) सुरिंदर लांबा ने कहा कि थाना प्रभारी (शहर पुलिस थाना) मोहित धवन को खुफिया सूचना मिली थी कि उपाधीक्षक गुरचरण सिंह धारीवाल जेल के कुछ अन्य कर्मचारियों की मदद से कैदियों को कथित तौर पर मोबाइल फोन और मादक पदार्थ मुहैया करा रहे हैं। पुलिस ने कहा कि धारीवाल मोबाइल फोन और मादक पदार्थ उपलब्ध कराने के ऐवज में कथित तौर पर पैसे ले रहा था। धारीवाल के खिलाफ आईपीसी, जेल अधिनियम और स्वापक औषधि और मन: प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## हमें धर्म को राजनीति से अलग करना होगा: गुलाम नबी आजाद

**श्रीनगर।** डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी (डीएपी) के प्रमुख गुलाम नबी आजाद ने शुक्रवार को कहा कि धर्म को राजनीति से अलग करने की आवश्यकता है। आजाद ने कहा, हर किसी को अपनी बात रखने का अधिकार है लेकिन उन्हें लोगों में विभाजन पैदा करने नहीं, बल्कि उन्हें एकजुट करने की बात करनी चाहिए। उन्हें राजनीति या धर्म के आधार पर लोगों को नहीं बांटना चाहिए। उन्होंने यहां पार्टी के एक कार्यक्रम में कहा, हमें धर्म को राजनीति से अलग करना होगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कुछ नेता एवं दल समाज को बांटने की कोशिश कर रहे हैं।

कुछ दल ऐसे हैं, जिनके बयान एवं गतिविधियां समाज में फूट डालने वाले होते हैं। मैं समाज में फूट डाल सकने वाली इस प्रकार की नीतियों की आलोचना करता हूं और उनका विरोध करता हूं। आजाद ने कहा कि चुनाव के बहाने नफरत नहीं फैलाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा, अतीत में भी चुनाव हुए हैं। जम्मू-कश्मीर और उसके लोग परीक्षा के दौर से गुजर रहे हैं और केवल नारेबाजी से कोई फायदा नहीं है।

1990 के दशक में जम्मू-कश्मीर में रही अलगाववादी लहर का परोक्ष जिक्र करते हुए कहा, कुछ नारों के कारण हमने हजारों लोगों को खो दिया। हम ऐसे नारों के कारण एक भी और जीवन नहीं गंवा सकते। मैं जब यहां (मुख्यमंत्री के रूप में) था, तब हम दोनों चीजें कर रहे थे। सुरक्षा बल आतंकवादियों से लड़ रहे थे, लेकिन हमने सैकड़ों युवाओं को बचाया और उन्हें मुख्यधारा में वापस लेकर आए। उस दिशा में अब कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। ऐसा नहीं हो सकता कि आप लोगों की केवल जान ही लेते रहें। इस तरह तो हम सभी युवाओं को मार देंगे। हमारे परिवारों में कभी-कभी ऐसा भी होता है कि हमारा बच्चा हमारी बात नहीं सुनता, तब हम उसके दोस्त या शिक्षक से उसे समझाने और उसे वापस पटरी पर लाने के लिए कहते हैं।



मुंबई में सिद्धिविनायक मन्दिर में अमिताभ बच्चन बेटे अभिषेक बच्चन के साथ किया दर्शन करते हुए।

## ओवैसी पर हमले के मामले में दो आरोपियों को जमानत के आदेश को शीर्ष अदालत ने किया खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने इस साल फरवरी में उत्तर प्रदेश में एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी की गाड़ी पर गोली चलाने के आरोपी दो लोगों को जमानत देने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को शुक्रवार को खारिज कर दिया और आरोपियों को आत्मसमर्पण के लिए एक सप्ताह का समय दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय ने कथित अपराध की गंभीरता पर विचार नहीं किया। न्यायमूर्ति एम आर शाह और न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश की पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय ने जमानत देते हुए कोई कारण नहीं बताया। शीर्ष अदालत ने मामले में नए सिरे से विचार के लिए उसे उच्च न्यायालय को वापस भेजा और आरोपियों सचिन शर्मा तथा शुभम गुर्जर को एक सप्ताह के अंदर पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करने को कहा।

शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय को भी दोनों आरोपियों की जमानत अर्जियों पर उनके आत्मसमर्पण की तारीख से चार सप्ताह के भीतर फैसला करने का निर्देश दिया। ओवैसी ने शीर्ष अदालत में अपनी याचिका में आरोपियों को दी गई जमानत को चुनौती देते हुए कहा कि यह घृणा अपराध का सटीक उदाहरण है जिसमें हत्या का प्रयास किया गया और निशाना एक सांसद था।

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष ओवैसी की कार पर तीन फरवरी को हापुड़ क्षेत्र में उस समय हमला किया गया था जब वह राज्य में विधानसभा चुनाव से संबंधित कार्यक्रमों में शामिल होकर दिल्ली लौट रहे थे। घटना में कथित संलिप्तता के मामले में शर्मा, गुर्जर और आलिम को गिरफ्तार किया था। शीर्ष अदालत ने सितंबर में तीसरे आरोपी आलिम को दी गई जमानत को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया था। ओवैसी ने अपनी याचिका में कहा कि आरोपी सचिन ने जमानत पर बाहर आने के बाद फिर से याचिकाकर्ता को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी।

याचिका में कहा गया कि सार्वजनिक रूप से दिया गया उक्त बयान गंभीर है और इस पर संज्ञान लेने की आवश्यकता है। इसमें कहा गया कि इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि आरोपी ने अपनी संलिप्तता से इनकार नहीं किया है, बल्कि ऐसा प्रतीत होता है कि वह इस अपराध को करने में गर्व महसूस कर रहा है। याचिका में यह भी कहा गया कि ओवैसी आरोपी द्वारा हत्या के इस प्रयास की घटना का शिकार थे जिसकी गतिविधि सीसीटीवी में दर्ज की गई थी। यह सीसीटीवी फुटेज अब मामले में आरोप पत्र का हिस्सा है। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने कहा कि उनके पास से दो पिस्तौल जब्त की गईं और एक मारुति आल्टो कार भी जब्त की गई।

## अभिनेत्री जैकलिन फर्नांडिस की जमानत याचिका पर आदेश 15 नवंबर तक के लिए स्थगित किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपए के धनशोधन मामले में अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस की जमानत याचिका पर शुक्रवार को अपना आदेश 15 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दिया। अदालत ने फर्नांडिस की अंतरिम सुरक्षा भी मंगलवार तक के लिए बढ़ा दी। पूर्व में फर्नांडिस को अंतरिम जमानत देने वाले विशेष न्यायाधीश शैलेंद्र मलिक ने कहा कि आदेश तैयार नहीं हुआ है। अदालत ने बृहस्पतिवार को अभिनेत्री के साथ-साथ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश वकीलों की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया। ईडी ने जिरह के दौरान दलील दी कि फर्नांडिस आसानी से देश से भाग सकती हैं क्योंकि उनके पास पैसे की कमी नहीं है। इस पर अदालत ने सवाल किया था कि अभिनेत्री को अब तक गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया। एजेंसी ने अदालत को बताया कि उसने अभिनेत्री के खिलाफ हवाई अड्डों पर लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया है।

# पेज एक का शेष

### राजीव हत्याकांड...

न्याय प्रदान करने के लिए आवश्यक कोई भी फैसला या आदेश जारी कर सकती है। पीठ ने कहा, अदालत (उच्चतम न्यायालय) ने माना कि धारा-302 के तहत दोषी ठहराए गए एक अपीलकर्ता की सज़ा में छूट के मामले में राज्यपाल राज्य मंत्रिमंडल की सलाह मानने को बाध्य है। निर्विवाद रूप से, मौजूदा मामले में मंत्रिमंडल ने सभी आवेदकों को छूट प्रदान करने का संकल्प पारित किया है। पीठ ने आगे कहा, इसलिए, हम पाते हैं कि ए. जी. पेरारिवलन की रिहाई का निर्देश देते समय जिन कारकों पर गौर किया गया, वह वर्तमान आवेदकों पर भी समान रूप से लागू होते हैं। हम निर्देश देते हैं कि यह मान लिया जाए कि सभी अपीलकर्ताओं ने अपनी सज़ा काट ली है... इस प्रकार आवेदकों को रिहा करने का निर्देश दिया जाता है, अगर उनकी किसी अन्य मामले में जरूरत नहीं है। तमिलनाडु सरकार ने नलिनी और रविचंद्रन की समय से पहले रिहाई का समर्थन करते हुए कहा था कि दोषियों की उम्रकैद की सज़ा माफ करने के लिए 2018 की उसकी सलाह राज्यपाल पर बाध्यकारी है। दो अलग-अलग हलफनामों में, राज्य सरकार ने शीर्ष अदालत को बताया था कि नौ सितंबर, 2018 को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में उसने मामले में सात दोषियों की दया याचिकाओं पर विचार किया था और राज्यपाल को संविधान के अनुच्छेद-161 के तहत प्रदत्त शक्ति के तहत उनकी उम्रकैद की सजा को माफ करने के लिए सिफारिश करने का संकल्प लिया था। नलिनी और रविचंद्रन ने समय से पहले रिहाई की मांग को लेकर शीर्ष अदालत का दरवाज़ा खटखटाया था।

### सीएम स्टालिन...

ठंडे बस्ते में नहीं डालना चाहिए। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और सत्तारूढ़ द्रमुक के अध्यक्ष ने न्यायालय के इस फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि उनकी पार्टी ने विपक्ष में रहते हुए भी दोषियों की रिहाई की पैरोकारी की थी। उन्होंने कहा कि पिछले साल राज्य में सत्ता में आने के बाद उनकी सरकार ने केंद्र से उन्हें रिहा करने का अनुरोध किया, तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा तथा उन्हें रिहा कराने के लिए लड़ी गई कानूनी लड़ाई का समर्थन किया। स्टालिन ने कहा कि राज्यपाल (बनवारीलाल पुरोहित और बाद में आर एन रवि) ने दोषियों को रिहा करने के तमिलनाडु सरकार के फैसले (2018 में अन्नाद्रमुक सरकार के दौरान लिए गए फैसले) को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी की सरकार ने दोषियों की रिहाई की मंजूरी देने के लिए राज भवन पर लगातार दबाव बनाया।

### कांग्रेस ने...

से कहा कि इस मामले में कांग्रेस पार्टी सोनिया गांधी के विचारों से सहमत नहीं है और मामले में कानूनी राय लेकर दोषियों की रिहाई के खिलाफ अगला कदम उठाया जाएगा। मालूम हो कि सोनिया ने दोषियों की रिहाई की अपील की थी। सिंघवी ने कहा कि सोनिया गांधी की व्यक्तिगत राय कुछ भी हो सकती है, लेकिन वह पूरे सम्मान के साथ कहते हैं कि कांग्रेस इससे सहमत नहीं है। कांग्रेस की राय वही है, जो केंद्र सरकार की है।

### हिमाचल व...

की गई। आयोग ने कहा कि मतदान पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में एक योजना के तहत जब्ती के मामले में उत्साहजनक परिणाम मिले हैं। आयोग ने कहा कि राजस्व खुफिया निदेशालय ने मुंद्रा बंदरगाह पर गलत घोषणा और आयात कार्गो में छिपाकर तस्करी किए जा रहे 64 करोड़ रुपए के खिलौने और सामान की बड़े पैमाने पर जब्ती की भी सूचना दी है। चुनाव आयोग के मुताबिक, मामले में मुख्य साजिशकर्ता सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है और आगे की जांच की जा रही है।

### भारत में...

नवंबर 2019 में लोकसभा को बताया था कि चीन की सेना ने 2016 में 273 बार घुसपैठ की जो 2017 में बढ़कर 426 हो गईं। 2018 में इस तरह की घटनाओं की संख्या 326 रही। अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि संघर्ष को दो क्षेत्रों- पश्चिम या मध्य (अक्साई चिन क्षेत्र) और पूर्व (अरुणाचल प्रदेश क्षेत्र) में बांटा जा सकता है। अध्ययन के वरिष्ठ लेखक सुब्रह्मण्यम और नॉर्थवेस्टर्न केमैककॉर्मिक स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग में कंप्यूटर साइंस के प्रोफेसर वाल्टर पी मर्फी ने कहा कि पश्चिम और मध्य में हुई घुसपैठ की संख्या का समय के साथ अध्ययन करके, सांख्यिकीय रूप से यह स्पष्ट हो गया कि ये घुसपैठ आकस्मिक नहीं हैं।

### भारत जोड़ो...

था। राकांपा प्रमुख शरद पवार को यात्रा में शामिल होने का न्योता दिया गया था, लेकिन अस्वस्थ रहने के कारण वह इसमें भाग नहीं ले सकें। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के प्रमुख उद्धव ठाकरे को भी महाराष्ट्र में यात्रा में भाग लेने का न्योता दिया गया है।

### अगले आदेश...

दायर अपील पर हिंदू पक्षों को तीन सप्ताह के भीतर उनका जवाब दाखिल करने का भी निर्देश दिया। सुनवाई की शुरुआत में, हिंदू पक्षों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता रंजीत कुमार ने कहा कि मस्जिद प्रबंधन समिति द्वारा दायर अपील निरर्थक हो गई है, क्योंकि उन्होंने अधिवक्ता आयुक्त की निचली अदालत द्वारा की गई नियुक्ति को चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि वे (मस्जिद समिति) नियुक्ति आयुक्त के समक्ष कार्यवाही में भाग लेते रहे हैं, जिनकी नियुक्ति को उन्होंने चुनौती दी है....। उन्होंने कहा कि इस अदालत ने 17 मई को एक अंतरिम आदेश पारित किया था, जिसमें वाराणसी के जिलाधिकारी को ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी परिसर के अंदर उस क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया था, जहां सर्वेक्षण में शिवलिंग मिलने की बात कही गई थी। कुमार ने कहा,"20 मई को, अदालत ने कहा था कि 17 मई का अंतरिम आदेश तब तक लागू रहेगा, जब तक कि जिला न्यायाधीश द्वारा मुकदमे के सुनवाई योग्य होने के संबंध में फैसला नहीं कर लिया जाता और उसके बाद, आठ सप्ताह के लिए लागू रहेगा, ताकि असंतुष्ट पक्ष उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकें"। उन्होंने कहा कि आठ सप्ताह की अवधि पूरी हो रही है और सुरक्षा को बढ़ाने की आवश्यकता है।मस्जिद समिति की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता हुज़ेफा अहमदी ने कहा कि उन्हें अर्जी देर से दी गई थी और उन्हें उसके संबंध में खंडन दाखिल करने की आवश्यकता है, क्योंकि उसमें सभी तथ्य सही नहीं हैं। उन्होंने कहा,"दूसरे पक्ष द्वारा दायर आवेदन में दिए गए बयानों का मुझे खंडन करना है और मैं तत्काल टिप्पणी नहीं कर सकता। मैंने अधिवक्ता आयुक्त की नियुक्ति को चुनौती दी है और अपील इस अदालत के समक्ष है। यदि मैं अपील में सफल हो जाता हूं, तो सभी चीजें बेकार हो जाएंगी। मैंने ए दलीलें पहले भी दी है।

### श्रृंगार गौरी...

ने श्रृंगार गौरी और अन्य देवी-देवताओं की पूजा की अनुमति के लिए पांच हिंदू महिलाओं द्वारा दायर किए गए वाद की पोषणीयता को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती दी है। गौरतलब है कि ज्ञानवापी मां श्रृंगार गौरी मामले में वाराणसी के जिला न्यायाधीश ए के विश्वेश की अदालत में हिन्दू पक्ष ने ज्ञानवापी परिसर के बंद तहखानों का ताला खुलवाकर उनका सर्वेक्षण कराने की मांग की थी। इस पर मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ताओं ने अदालत के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत की थी। अब हिन्दू पक्ष को इस पर अपना जवाब दाखिल करना है। हिन्दू पक्ष की एक वादी राखी सिंह के अधिवक्ता ने ज्ञानवापी परिसर में मिली लक्ष्मी गणेश की प्रतिमा को सुरक्षित करने की मांग के लिए अदालत के समक्ष प्रार्थना पत्र दिया था। इस पर मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ताओं को अपनी आपत्ति प्रस्तुत करनी थी।

### जजों की...

में इसे समझ पाने या इसका मूल्यांकन करने में असमर्थ हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह वर्तमान सचिव (न्याय) और सचिव (प्रशासन और नियुक्ति) को फिलहाल सामान्य नोटिस जारी कर रही है। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 28 नवंबर की तारीख तय की है।

### नहीं रहे...

निर्माता अशोक पंडित ने ट्वीट किया, मेरे दोस्त अभिनेता सिद्धांत सूर्यवंशी की जिम में रहते हुए हृदय गति रुकने निधन के बारे में जानकर दुख हुआ। उनका निधन टीवी उद्योग के लिए एक बड़ी क्षति है। सूर्यवंशी के परिवार में उनकी मॉडल पत्नी अलेसिया राउत और उनकी पूर्व की शादी से एक बेटी है। उन्होंने 2017 में राउत से शादी की थी। राउत का भी उनकी पूर्व की शादी से एक बेटा है।


अमेरिकी मध्यावधि चुनाव

# भारत और अमेरिका के संबंध पर कोई असर नहीं होगा: विशेषज्ञ

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका** में मध्यावधि चुनाव के नतीजों का भारत और अमेरिका के संबंध पर कोई असर नहीं पड़ेगा और अगले साल इन्हें गति मिल सकती है।

कुछ विशेषज्ञों के अनुसार, अमेरिका के मध्यावधि चुनाव के नतीजों का असर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के बाकी बचे दो साल के कार्यकाल पर यकीनन पड़ेगा। कांग्रेस के दो सदन सीनेट और प्रतिनिधि सभा के लिए आठ नवंबर को मतदान हुआ था। कांग्रेस ही देश के लिए कानूनों को पारित करती है। अमेरिकी मीडिया की खबरों के अनुसार, प्रतिनिधि सभा की 435 सीट में से रिपब्लिकन ने 210 सीट पर जीत दर्ज की है, जबकि राष्ट्रपति बाइडन की डेमोक्रेटिक पार्टी को अभी तक 192 सीट मिली हैं। वहीं 100 सदस्य सीनेट में रिपब्लिकन ने 48 और डेमोक्रेटिक पार्टी ने 46 सीट पर जीत दर्ज की।



सीएसआईएस थिंक-टैंक के रिक रोसो ने कहा कि चुनाव के नतीजों और सीनेट में किसका बहुमत है इसका असर अमेरिका और भारत के संबंधों पर नहीं पड़ना चाहिए। उन्होंने कहा, दिपक्षीय संबंधों को दोनों दलों का समर्थन मिलता रहा है। क्षेत्र में चीन की आक्रामकता को लेकर चिंता जैसे साझा हित के मुद्दे हमें जोड़ते हैं और इस पर इनका कोई असर नहीं होगा। रिपब्लिकन ने हिंद-प्रशांत में पेश होने वाले खतरों को लेकर हमेशा ही अधिक आक्रामक रुख अपनाने पर जोर दिया है। रोसो ने कहा, कांग्रेस के मुद्दे वहीं रहेंगे। सबसे पहले हम चाहते हैं कि सीनेट भारत में अपने राजदूत की नियुक्ति करे। यूएस इंडिया बिजनेस काउंसिल के अध्यक्ष अतुल कश्यप ने कहा कि भारत और अमेरिका के संबंध कई वर्षों के निरंतर द्विदलीय समर्थन को दर्शाते हैं। कई ऐसे मुद्दे हैं जिन पर दोनों देशों को काम करने की जरूरत है जिन पर दलों का रुख राजनीतिक रूप से नहीं बदलता। कश्यप ने कहा, हम महत्वपूर्ण और उभरती हुई प्रौद्योगिकियों पर साझेदारी के बढ़ने की उम्मीद कर सकते हैं। यूएस इंडिया स्ट्रेटेजिक एंड पार्टनरशिप फोरम के अध्यक्ष मुकेश अघी ने कहा कि डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी इस बात को लेकर एक राय रखती है कि भारत के साथ सुरक्षा और वाणिज्यिक संबंध पहली प्राथमिकता है... खासकर हिंद-प्रशांत में चीन को रोकने के लिए भारत के साथ तालमेल जरूरी है। वाणिज्यिक, रक्षा और व्यापार संबंधों को मजबूत करने के लिए क्वाड, आई2यू2 और आईपीईएफ में भी तालमेल कायम किया गया है। हडसन इंस्टीट्यूट थिंक टैंक की अपर्णा पांडे ने कहा कि अमेरिका के मध्यावधि चुनाव के परिणाम विदेश नीति में निरंतरता सुनिश्चित करेंगे और भारत सहित अन्य देशों में इसका स्वागत किया जाएगा।

## बाइडन-मोदी के बीच रचनात्मक व्यावहारिक संबंध हैं : अमेरिकी एनएसए

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवान ने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन तथा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच रचनात्मक और बहुत व्यावहारिक संबंध है। उन्होंने इंडोनेशिया के बाली में जी-20 शिखर सम्मेलन के इतर दोनो नेताओं के बीच द्विपक्षीय मुलाकात से पहले यह टिप्पणी की। सुलिवान ने बृहस्पतिवार को व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा, मैं बताना चाहूंगा कि राष्ट्रपति बाइडन के पदभार संभालने से पहले ही प्रधानमंत्री मोदी व्हाइट हाउस के करीब रहे है और दोनो को कई बार मुलाकात करने तथा फोन पर और वीडियो कॉल पर बात करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि दोनो नेताओं ने अहम मुद्दों पर साझा हित जताए है तथा अमेरिका-भारत साझेदारी को मजबूत करने के लिए एक साथ मिलकर काम किया है। सुलिवान ने कहा, जब आप इन सब चीजों को देखेंगे तो यह एक रचनात्मक, बहुत व्यावहारिक संबंध है। राष्ट्रपति बाइडन इस साल जी20 में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करने के लिए उत्साहित हैं। भारत अगले साल जी20 की अध्यक्षता संभालेगा और अमेरिकी राष्ट्रपति के भारत की यात्रा करने की संभावना है।

## रूस ने खेरसॉन से अपने सभी सैनिकों की वापसी का दावा किया

**माइकोलैव ( यूक्रेन )।** रूस के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि उसने यूक्रेन के दक्षिणी खेरसॉन क्षेत्र में नीपर नदी के पश्चिमी किनारे से अपने सभी सैनिकों की वापसी पूरी कर ली है। यह कदम यूक्रेन में युद्ध के दौरान रूस के लिए एक और झटका माना जा रहा है। रूस की सरकारी समाचार एजेंसियों ने मंत्रालय के हवाले से एक बयान में कहा कि शुक्रवार सुबह 5 बजे सैनिकों की वापसी पूरी की गई और अब एक भी सैन्य इकाई वहां नहीं बची है। जिन क्षेत्रों से रूस की सेना ने वापसी की है उनमें खेरसॉन शहर भी शामिल है। यह एकमात्र क्षेत्रीय राजधानी है जिस पर मॉस्को ने यूक्रेन पर अपने हमलों के दौरान कब्जा किया था। हालांकि रूस शुक्रवार को बचाव की मुद्रा में रहा और जोर देता रहा कि सैनिकों की यह वापसी किसी भी तरह रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए असहज स्थिति पैदा करने वाली नहीं है।

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

सार्वजनिक सूचना
बिल्डर निरसन

आपको सूचना दी जाती है कि आलोक कुमार/कंचन (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या एलबीएनओडी00002052750 तथा पता फ्लैट नंबर एफ-1325, टावर नंबर 4, द्वारिका हाइट्स, मेरठ के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।

बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 07 नवम्बर, 2022 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि एमवी इन्फ्रास्ट्रक्चर्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।

कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।

दिनांकित : 15 नवम्बर, 2022 वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान : दिल्ली/एनसीआर हस्ता./-

# चीन ने कोविड-19 संबंधी प्रतिबंधों में ढील देने की घोषणा की

**भाषा।** बीजिंग

**चीन** ने कोविड-19 संबंधी प्रतिबंधों में ढील देने की शुरुआत करते हुए देश में आने वाले यात्रियों के लिए पृथकवास की अवधि में कटौती की है और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर लागू प्रतिबंध हटा दिया है। चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) की नवनिर्वाचित सात सदस्ईय स्थाई समिति की पहली बैठक के बाद नए नियमों की घोषणा की गई। सीपीसी की यह बैठक बृहस्पतिवार को हुई, जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने की। स्थाई समिति सीपीसी का सर्वोच्च नीति-निर्माण और कार्यान्वयन निकाय है। चीन ने कोविड-19 के मरीजों के निकट संपर्क में आने वाले लोगों की पृथकवास की अवधि को 10 दिन से घटाकर आठ दिन कर दिया है। इसमें व्यक्ति को पांच दिनों तक पृथकवास केंद्र में अनिवार्य रूप से रहना होगा, जिसके बाद तीन दिनों तक घर पर ही उसके स्वास्थ्य की निगरानी की जाएगी। चीन के सरकारी समाचार-पत्र ग्लोबल टाइम्स ने शुक्रवार को ट्वीट कर कहा कि सर्किट ब्रेकर नीति के तहत यदि चीन आने वाली अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में कोई व्यक्ति कोरोना वायरस से संक्रमित पाया गया तो उसे किसी प्रकार की छूट नहीं दी जाएगी। सर्किट ब्रेकर नीति के तहत यदि कोई यात्री आगमन पर कोविड-19 से संक्रमित पाया जाता है तो चीनी विमानन अधिकारी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को आगमन पर लंबे समय के लिए निलंबित कर देते हैं। सर्किट ब्रेकर नीति के कारण कई विमानन कंपनियों को काफी नुकसान हो रहा है। इसी कारण भारत और चीन के बीच सीधी उड़ान को बहाल करने में रुकावट आ रही थी। इस बीच, चीन में बृहस्पतिवार को कोविड-19 के।,150 नए मामले सामने आए। इसके अलावा विभिन्न शहरों में 9,358 ऐसे मामले पता चले हैं जो स्थानीय हैं और लोगों में संक्रमण के कोई लक्षण नहीं हैं।

# यूक्रेन को 40 करोड़ अमेरिकी डॉलर की अतिरिक्त सैन्य सहायता भेज रहा है अमेरिका

**एपी।** वाशिंगटन

**अमेरिकी** अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि राष्ट्रपति जो बाइडन नीत सरकार यूक्रेन को सैन्य सहायता के रूप में और 40 करोड़ अमेरिकी डॉलर भेज रही है। अमेरिका ने यह सहायता कांग्रेस (संसद) पर रिपब्लिकन का नियंत्रण होने पर रूस के खिलाफ युद्ध के लिए दी जाने वाली वित्तीय सहायता में कमी किए जाने की आशंका के बीच घोषित की है। गौरतलब है कि मंगलवार को हुए मध्यवधि चुनाव के बाद वोटों की गिनती अभी जारी है और रिपब्लिकन पार्टी धीरे-धीरे सदन में बहुमत की ओर बढ़ रही है। वहीं, सीनेट में किसका बहुमत होगा यह एरिजोना, नेवादा और जॉर्जिया के चुनाव परिणामों पर निर्भर करेगा। पेंटागन के अनुसार, इस सैन्य सहायता पैकेज में भारी मात्रा में हथियार और पहली बार चार अत्यंत सचल एवेंजर एयर



डिफेंस सिस्टम भेजे जाएंगे। इस पैकेज में हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम उर्फ एचआईएमएआरएस भी शामिल होगा। यूक्रेन रूस के खिलाफ युद्ध में इसका सफलतापूर्वक उपयोग कर रहा है।

अधिकारी के अनुसार, पैकेज में जमीन से हवा में मार करने वाले एंटी-एयरक्राफ्ट प्रणाली हॉक के स्टिंगर मिसाइलें, 10,000 मोर्टार गोले, होवित्जर तोपों के हजारों गोले, 400 ग्रेनेड लांचर, 100 हम्वीज, सर्दियों के लिए सेना की वर्दी, बंदूकों और राइफलों के लिए दो करोड़ गोलियां शामिल होंगी। व्हाइट हाउस में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवान ने कहा कि नए सहायता पैकेज में महत्वपूर्ण हवाई रक्षा सामग्री शामिल होगी। अमेरिकी अधिकारियों ने आज बताया कि यूक्रेन को भेजने के लिए अमेरिका दक्षिण कोरिया से होवित्जर तोपों के।,00,000 गोले खरीदेगा। इस संबंध में समझौते के लिए अमेरिका और दक्षिण कोरिया की सरकारों के बीच लंबे समय से चर्चा चल रही थी।

**Public Notice**
To be known to all that we, Shobha Guha & Maneesh Guha both D/S/O Late A. K.Guha are the owner of DDA SFS Flat No.79, GF, Cat.-II, Alaknanda Kalkaji, ND. My original documents viz. 5th and Final Demand Letter & NOC for water, electricity connection in r/o said flat have been misplaced. An information Report of this effect has been lodged in Police Station Crime branch Delhi, vide LR No.937427/2022 on 01.11.22. Any person claiming any right, interest, having any objection/found in possession of original document may write/contact with above named person at above add/9818466641 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to Dy. Director (LAB) H or Director (H)-1, D-Block, Vikas Sadan INA, N.D.-23

**State Council of Educational Research &Training (S.C.E.R.T.)**
**GOVERNMENT OF DELHI**
Applications are invited for
**DPSE Course (2022-24)**
under Management Quota for the Affiliated Institutes of SCERT
For more details, Contact :
▪Rukmini Devi College of Education
B-5, Sector- 4, Rohini, Delhi
Phone: 011-48018033, 8882708401
▪Manvi Institute of Education and Technology.
C-7,Sector-7,Rohini,Delhi.
# 011- 45540279, 9773953003
The last date to apply is :15.11.2022

**PUBLIC NOTICE**
Notice is hereby given that my client Parveen Kumar is in process to avail the Loan against property with the Shriram City Union Finance Ltd. office at L-1, green park Extn., New Delhi against his Property no. 33-A measuring 50 sq. yds. out of khasra no. 568 situated at roshanara road, blk P, P-1, P2, N-1, & N VBlock area of village roshanara najafgarh New Delhi , having acquired vide conveyance deed dated 11/8/2021 (document no. 648), and whereas he has lost all the previous chain of the documents i.e.
1. Original GPA, ATS and will dated 4/10/08 executed by neeraj kumar in favour of ishwar singh
2. Original GPA, ATS and will dated 18/8/09 executed by ishwar singh in favour of satpal
if any one found please handover the same at below address
Kamal Kant Gupta (Advocate)
Shop No. 5 & 6, Pkt-E, CSC, Mayur Vihar-II, Delhi-91, Mob. 9810063351

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

सार्वजनिक सूचना
बिल्डर निरसन

आपको सूचना दी जाती है कि अस्तित्व/शिखा श्रीवास्तव (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या एलबीडीईएल00002040536 तथा पता फ्लैट नंबर 1220-एफ, टावर नंबर 4, द्वारिका हाइट्स, मेरठ के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।

बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 07 नवम्बर, 2022 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि एमवी इन्फ्रास्ट्रक्चर्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।

कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।

दिनांकित : 15 नवम्बर, 2022 वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान : दिल्ली/एनसीआर हस्ता./-

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005
सार्वजनिक सूचना
बिल्डर निरसन

आपको सूचना दी जाती है कि संतोष कुमार यादव/ज्योति सिंह (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या एलबीडीईएल00002037116 तथा पता अपार्टमेंट नंबर 927-सी, टावर नंबर 5, द्वारिका हाइट्स, मेरठ के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं। बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 07 नवम्बर, 2022 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि एमवी इन्फ्रास्ट्रक्चर्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें। कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।

दिनांकित : 15 नवम्बर, 2022 वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान : दिल्ली/एनसीआर हस्ता./-

# अमेरिकी वित्त मंत्री ने समान मूल्य वाले देशों से संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया

**भाषा।** नई दिल्ली

**अमेरिकी** वित्त मंत्री जेनेट एलेन ने अपनी पहली भारत यात्रा के दौरान व्यापार और निवेश को महत्वपूर्ण बताते हुए फ्रेंडशोरिंग की वकालत की। फ्रेंडशोरिंग का अर्थ है कि समान मूल्यों और संस्थानों वाले देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा देना। माना जा रहा है कि विनिर्माण के क्षेत्र में चीन की भूमिका को कम करने के लिए अमेरिका यह पहल कर रहा है। एलेन ने दिल्ली के नजदीक माइक्रोसॉफ्ट इंक के संयंत्र में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि अमेरिका-भारत स्वाभाविक सहयोगी हैं और दोनों देश बाकी दुनिया को दिखा सकते हैं कि अस्थिरता और युद्ध के बावजूद लोकतंत्र अपने नागरिकों के लिए अच्छी तरह से काम कर सकता है।




उन्होंने कहा, लंबे समय से दुनियाभर के देश महत्वपूर्ण सामान के लिए जोखिम भरे देशों या एक स्रोत पर अत्यधिक निर्भर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, हम भारत जैसे भरोसेमंद व्यापारिक भागीदारों के साथ सक्रिय रूप से आर्थिक एकीकरण को मजबूत कर रहे हैं। अमेरिकी वित्त मंत्री ने फ्रेंडशोरिंग की अवधारणा को पेश करते हुए कहा कि दोनों देश एक ऐसी दुनिया में अपनी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बनाने की इच्छा रखते हैं, जहां कुछ सरकारें इसका इस्तेमाल एक भू-राजनीतिक हथियार के रूप में करती हैं। उन्होंने कहा कि हाल के व्यवधानों से दोनों देशों में कीमतें बढ़ी हैं और आर्थिक उत्पादन प्रभावित हुआ है। उन्होंने रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद ऊर्जा और जिंस कीमतों में हुई बढ़ोतरी का सीधा जिक्र किए बिना यह बात कही। एलेन ने कहा कि अमेरिका उन देशों से दूरी बना रहा है, जो हमारी आपूर्ति श्रृंखला के लिए भू-राजनीतिक और सुरक्षा जोखिम पैदा करते हैं।

अमेरिका जैसे देश सब कुछ खुद नहीं बना सकते हैं और इसलिए अब वहां इस बात पर जोर दिया जा रहा है कि आपूर्ति श्रृंखला बनाते समय रणनीतिक सहयोगियों का पक्ष लिया जाए। एलेन ने अमेरिकी कंपनी फर्स्ट सोलर इंक द्वारा तमिलनाडु में एक विनिर्माण संयंत्र बनाने की योजना और एप्पल इंक के कुछ आइफोन विनिर्माण को चीन से भारत में लाने की योजना के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा, समान मूल्य वाले संबंध देशों के एक विशेष क्लब तक सीमित नहीं है। हम उन देशों के बड़े समूह के साथ जुड़ना चाहते हैं, जिनपर हम भरोसा कर सकते हैं। इसमें विकासशील देश और उन्नत अर्थव्यवस्थाएं समान रूप से जुड़ेंगी। एलेन ने कहा, अमेरिका, भारत के साथ अपने व्यापार और वाणिज्यिक संबंधों को मजबूत बनाना जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि एशिया से यूरोपीय संघ के क्षेत्रों में नई आपूर्ति श्रृंखला विकसित हो रही है। इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि पश्चिमी कंपनियां चीन से परे अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता ला रही हैं।

## एलेन ने सीतारमण से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** अमेरिका की वित्त मंत्री जेनेट एलेन ने शुक्रवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। भारत-अमेरिका आर्थिक वित्तीय साझेदारी की नौंवी बैठक से पहले वह एक दिवसीय दौरे पर भारत आई हुई हैं। वित्त मंत्रालय ने ट्वीट किया, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और अमेरिका की वित्त मंत्री जेनेट एलेन ने भारत-अमेरिका आर्थिक वित्तीय साझेदारी की नौंवी बैठक से पहले, आज नई दिल्ली में मुलाकात की। बैठक में दोनों पक्ष जलवायु वित्त, बहुपक्षीय मुद्दों, जी20 की भारत की अध्यक्षता में भारत-अमेरिका सहयोग, कराधान, आपूर्ति श्रृंखला के जुझारुपन, वैश्विक अर्थव्यवस्था और व्यापक आर्थिक परिदृश्य जैसे परस्पर हितों के मुद्दों पर बात करेंगे।

**NOTICE**
NOTICE is hereby given that the certificate(s) for Folio No. 04250419 of 48 Nos. Equity Shares of Ultratech Cement Ltd. having Certificate No. 177831, Distinctive No. from 38589796 to 38589843 standing in the name of Mr. Pradeep Kumar Agarwal S/o Sh. Krishan Kumar has/have been lost or mislaid and the undersigned has/have applied to the company to issue duplicate certificates for the said shares. Any person who has any claim in respect of the said shares should write to our Registrar, KFin Technologies Private Limited, Selenium Tower B, Plot No. 31-32, Gachibowli, Financial District, Hyderabad-500032 within one month from this date else the company will proceed to issue duplicate Certificate(s).

**PUBLIC NOTICE**
Be it know that I Arvind Kumar S/o, Suresh Thakur owner of Flat no.- D-108, First Floor, KW Srishti, Raj Nagar Extn., Ghaziabad, Uttar Pradesh-201017 with my father Mr. Suresh Thakur S/o, Mangal Thakur who was co-owner of this flat passed away on 02nd July 2021 leaving this property share to his legal heirs And hereby informed that Mr. Suresh Thakur's legal heirs are Mrs. Sheela Devi, Mr. Arvind Kumar and Mr. Amrendra Kumar. Any person claiming to be legal heir may lodge the objection, if any with the undersigned within 7 days of publication of this notice at the address hereinbefore.
MANOJ YADAV (ADVOCATE )
Registration No D/268/2010
9-B, DIWAN ESTATE, DWARKA MOD
METRO STATION NEW DELHI-110059
Date: 12/11/2022

**NOTICE**
NOTICE is hereby given that the certificate(s) for Folio No. 04257111 of 80 Nos. Equity Shares of Ultratech Cement Ltd. having Certificate No. 22920, Distinctive No. from 30840160 to 30840239 standing in the name of Mrs. Sneh Lata Agarwal W/o Mr. Pradeep Kumar Agarwal jointly held with Mr. Pradeep Kumar Agarwal S/o Sh. Krishan Kumar has/have been lost or mislaid and the undersigned has/have applied to the company to issue duplicate certificates for the said shares. Any person who has any claim in respect of the said shares should write to our Registrar, KFin Technologies Private Limited, Selenium Tower B, Plot No. 31-32, Gachibowli, Financial District, Hyderabad-500032 within one month from this date else the company will proceed to issue duplicate Certificate(s).

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005
सार्वजनिक सूचना
बिल्डर निरसन

आपको सूचना दी जाती है कि विवेक/इंदु सोनी (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या एलबीडीईएल00002038296 तथा पता लैट नंबर 1131-बी, टावर नंबर 5, द्वारिका हाइट्स, मेरठ के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं। बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 07 नवम्बर, 2022 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि एमवी इन्फ्रास्ट्रक्चर्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें। कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।

दिनांकित : 15 नवम्बर, 2022 वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान : दिल्ली/एनसीआर हस्ता./-

**पीएनबी फाइनैंस ऐण्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
कार्पोरेट पहचान संख्या : एल65929डीएल1947पीएलसी001240
पंजीकृत कार्यालय : प्रथम तल, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002
फोन : 7303495375, ई-मेल : pnbfinanceindustries@gmail.com,
वेबसाइट : www.pnbfinanceandindustries.com
30 सितम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध वर्ष हेतु
समेकित अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण
(रू. लाख में सिवाय प्रति शेयर डेटा)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 30 सितम्बर, 2022 अलेखापरीक्षित | अर्द्ध वर्ष समाप्त 30 सितम्बर, 2022 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 30 सितम्बर, 2021 अलेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31 मार्च, 2022 लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परिचालन से कुल आय | 534.44 | 857.03 | 353.18 | 1,561.56 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | 475.37 | 703.14 | 328.85 | 1,358.48 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पूर्व (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | (16.41) | 211.36 | 328.85 | 1,358.48 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | (95.24) | 92.52 | 273.57 | 1,116.99 |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है] | 17,650.51 | 15,264.68 | (1,358.96) | (5,136.95) |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रू. 10 प्रति शेयर) | 320.00 | 320.00 | 320.00 | 320.00 |
| 7 | अन्य इक्विटी (वर्ष के अन्त में) | | | | 243,434.01 |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर रू. 10/-प्रत्येक (क) मूल (रू. में) (ख) तनुकृत (रू. में) | (2.98) -2.98 | 2.89 2.89 | 8.55 8.55 | 34.91 34.91 |

नोट्स :
1. उपरोक्त अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित, कम्पनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा सीमित पुनरीक्षित तथा निदेशक मंडल द्वारा 11 नवम्बर, 2022 को आयोजित इसकी बैठक में अनुमोदित किए गए हैं।
2. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए तिमाही और अर्द्ध वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। कम्पनी के उपरोक्त वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण कम्पनी की वेबसाइट पर उपलब्ध है तथा 11 नवम्बर, 2022 को कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड को भी भेजा गया है।
3. 30 सितम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध वर्ष हेतु अलेखापरीक्षित पृथक्कृत वित्तीय परिणामों के प्रमुख आंकड़े निम्नानुसार हैं :- (रू. लाख में सिवाय प्रति शेयर डेटा)

| विवरण | तिमाही समाप्त 30 सितम्बर, 2022 अलेखापरीक्षित | अर्द्ध वर्ष समाप्त 30 सितम्बर, 2022 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 30 सितम्बर, 2021 अलेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31 मार्च, 2022 लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|
| परिचालन से कुल आय | 494.29 | 808.59 | 301.86 | 1,186.00 |
| अवधि हेतु कर से पहले शुद्ध लाभ/(हानि) | 416.63 | 637.03 | 278.35 | 986.77 |
| अवधि हेतु कर पश्चात शुद्ध लाभ/(हानि) | 343.98 | 525.79 | 231.82 | 810.59 |
| अवधि हेतु कुल समावेशी आय | 8,957.41 | 6,561.59 | 47.46 | -3,962.02 |

4. संगत तिमाही के आंकड़े, जहां आवश्यक है, वर्तमान अवधि की प्रस्तुति/वर्गीकरण के अनुरूप बनाने के लिए पुनर्समूहित/पुनर्वर्गीकृत किए गए हैं।

निदेशक मंडल के आदेश द्वारा
वास्ते पीएनबी फाइनैंस ऐंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड
हस्ता./-
श्वेता सक्सेना
स्थान : नई दिल्ली निदेशक एवं कम्पनी सचिव
दिनांकित : 11 नवम्बर, 2022 डीआईएन : 03120958/सदस्यता सं. : ए 18585

# मजबूत वैश्विक रुख के बीच सेंसेक्स 1,181 अंक चढ़कर रिकॉर्ड स्तर पर

**भाषा।** मुंबई

**वैश्विक** बाजारों में तेजी के बीच सूचना प्रौद्योगिकी, धातु और वित्तीय शेयरों में भारी लिवाली के चलते शुक्रवार को प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में करीब दो प्रतिशत का उछाल आया। सेंसेक्स।,181 अंक चढ़कर अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुआ।

कारोबारियों ने कहा कि अमेरिका में मुद्रास्फीति के आंकड़े अनुमान से कम रहने से भी बाजार को बल मिला। इसके अलावा अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए में मजबूती और विदेशी पूंजी के प्रवाह से बाजार धारणा और मजबूत हुई। अमेरिकी मुद्रास्फीति में नरमी ने इन अटकलों को तेज कर दिया कि फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में बढ़ोतरी की रफ्तार को धीमा कर सकता है। सेंसेक्स।,181.34 अंक या 1.95 प्रतिशत बढ़कर 61,795.04 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह 61,840.97 अंक के ऊपरी स्तर तक गया और 61,311.02 अंक के निचले स्तर तक आया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 321.50 अंक या 1.78 प्रतिशत की तेजी के साथ 18,349.70 पर बंद हुआ। सेंसेक्स में सबसे अधिक 5.84 प्रतिशत की तेजी एचडीएफसी में हुई। इसके अलावा एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, टीसीएस, विप्रो, टाटा स्टील और रिलायंस इंडस्ट्रीज बढ़ने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। दूसरी ओर महिंद्रा एंड महिंद्रा,



एसबीआई, कोटक बैंक, डॉ रेड्डीज, आईसीआईसीआई बैंक और एनटीपीसी में गिरावट हुई। सेंसेक्स के 30 शेयरों में 22 लाभ में बंद हुए। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू बाजारों ने वैश्विक रुख का अनुसरण किया, क्योंकि अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़ों ने दुनियाभर के बाजारों को जोश से भर दिया। निवेशकों का मानना है कि अब फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में बढ़ोतरी की रफ्तार को धीमा कर सकता है। ऐसे में अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल में कमी आएगी। उन्होंने कहा, बॉन्ड प्रतिफल कम होने से एफआईआई के प्रवाह में सुधार होगा। घरेलू बाजार में तेजी की अगुवाई आईटी शेयरों ने की, जिन्हें अमेरिका में मंदी की आशंका कम होने से बल मिला। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा कि बाजार में सकारात्मक रुख बना हुआ है और अमेरिकी बाजारों में सुधार से इसे मजबूती मिलेगी। व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप 0.15 प्रतिशत और मिडकैप 0.33 प्रतिशत चढ़ा। अन्य एशियाई बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग 7.70 प्रतिशत, जापान का निक्की 2.98 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी 3.37 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.69 प्रतिशत चढ़ा। यूरोपीय बाजार भी दोपहर के सत्र में लाभ में थे। अमेरिका में बाजार बृहस्पतिवार को बढ़त के साथ बंद हुए। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 62 पैसे की तेजी के साथ 80.78 (अस्थाई) पर बंद हुआ। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.37 प्रतिशत बढ़कर 95.89 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर पहुंच गया। शेयर बाजार के अस्थाई आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को शुद्ध रूप से 36.06 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम विवान मदान से बदलकर अनय मदान पुत्र श्री नरेश मदान, निवासी बी-13, अशोक नगर, गाजियाबाद रख लिया है। मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना जाएं
PD(90193)A

# देखे धान खरीद के रजिस्टर, जांचे तौल कांटे-बांट

## जिलाधिकारी दीपा रंजन ने किया धान व खाद विक्रय केंद्र मंडी और हटेटी पुरवा गौशाला का निरीक्षण

संवाददाता। बांदा





**बांदा जिला** कलेक्टर दीपा रंजन ने आज खाद विभाग विपणन शाखा के राजकीय धान क्रय केन्द्र मण्डी, डीसीडीएफ शाखा के खाद विक्रय केन्द्र मण्डी तथा तहसील सदर के हटेटी पुरवा गौशाला का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम राजकीय धान क्रय केन्द्र मण्डी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने धान क्रय रजिस्टर, टोकेन रिसीविंग रजिस्टर तथा निरीक्षण रजिस्टर एवं अन्य अभिलेखों को चेक किया। उन्होंने धान क्रय केन्द्र प्रभारी पंकज कुमार से अभी तक क्रय किये गये धान खरीद के सम्बन्ध में जानकारी ली, जिस पर बताया गया कि 382 कु धान की खरीद की गयी है। उन्होंने धान क्रय हेतु उपलब्ध पाये गये कांटा, बांट, पावर डस्टर एवं धान नमी मापक यंत्र को चेक कराया। जिलाधिकारी ने केन्द्र प्रभारी को निर्देश दिये कि केन्द्र में आने वाले किसानों का धान क्रय रजिस्टर में नाम, मोबाइल नम्बर अवश्य अंकित करें साथ ही टोकेन रजिस्टर अपडेट न पाये जाने पर टोकेन रजिस्टर को अपडेट रखने के शख्त निर्देश दिये। उन्होंने धान विक्रय हेतु आये किसान जगतराम से वार्ता की तथा पूंछा कि धान खरीद में किसी प्रकार की परेशानी तो नही हुई है, जिस पर किसान द्वारा बताया गया कि किसी प्रकार की कोई समस्या नही है। उन्होंने केन्द्र में बोंरो की उपलब्धता के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए केन्द्र प्रभारी को निर्देश दिये कि किसानों को धान खरीद हेतु फोन पर सूचित करने के साथ अधिक से अधिक किसानों का धान खरीद हेतु रजिस्ट्रेशन कराये जाने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने डीसीडीएफ शाखा के खाद विक्रय केन्द मण्डी का निरीक्षण किया निरीक्षण में उन्होंने केन्द्र प्रभारी मयंक सिंह से खाद की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त करते हुए स्टॉक रजिस्टर को चेक किया। केन्द्र में यूरिया खाद का किसानों को वितरण करते हुए पाया गया। उन्होंने केन्द्र प्रभारी को निर्देश दिये कि खाद लेने वाले किसानों का खाद वितरण रजिस्टर में नाम व खतौनी संख्या भी दर्ज करायें। उन्होंने खाद क्रय करने हेतु आए किसानों से बातचीत करते हुए जानकारी की, कि खाद को प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी तो नही हो रही है तथा निर्धारित मूल्य पर ही खाद मिल रही है। उन्होंने केन्द्र प्रभारी को निर्देश दिये कि खाद वितरण में किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नही होने पाये।

इसके उपरान्त जिलाधिकारी द्वारा बांदा तहसील सदर के अन्तर्गत हटेटी पुरवा गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में कम संख्या में गौवंश पाये जाने पर उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एवं अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि शहर में विचरण कर रहे गौवंशो को एकत्र कर गौवंशों को गौशाला में संरक्षित रखा जाए। उन्होंने गौशाला में गौवंशो के संरक्षण हेतु उपलब्ध भूसा, चारे व पेयजल की उपलब्धता के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करते हुए गौशाला में साफसफाई की समुचित व्यवस्था रखने एवं पर्याप्त मात्रा में भूसा रखने के सम्बन्ध में निर्देश दिये। उन्होंने गौवंशों के संरक्षण हेतु भूसा के साथ हरे चारे की भी व्यवस्था कराये जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने गौवंशो को बीमारी से बचाव हेतु वैक्सीनेशन कराये जाने के सम्बन्ध में भी निर्देश दिये।

# जिला प्रशासन ने गंगा, रामगंगा नदियों की जमीन से अवैध कब्जा हटवाया

भाषा। शाहजहांपुर

**जिला प्रशासन** ने गंगा और रामगंगा नदियों की जमीन पर 70 साल पुराने अवैध कब्जे को हटवाकर उसे खाली करा लिया है। जिला प्रशासन के अनुसार, अवैध कब्जे से मुक्त कराई गई इन दोनों नदियों की जमीनों की कीमत करीब 300 करोड़ रुपए आंकी गई है। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने शुक्रवार को पीटीआईभाषा को बताया कि उनके संज्ञान में आया था कि जलालाबाद तथा कलान तहसील से होकर बहने वाली गंगा और रामगंगा नदियों के नाम पर दर्ज जमीन को भू माफियाओं ने राजस्व के अधिकारियों तथा कर्मचारियों की मिलीभगत से 1952 में अपने नाम करवा लिया और उस पर खेती करने लगे। उन्होंने बताया कि मामले की जांच अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) राशिद अली को सौंपी गई जिसमें पता चला कि गंगा नदी 6,312 बीघा जलमग्न जमीन पर बहती थी और वह जमीन गंगा तथा रामगंगा नदियों के नाम पर थी। उसमें पता चला कि भू-माफियाओं ने राजस्व कर्मचारियों की मिली-भगत से जलमग्न जमीन को अपने नाम करवा लिया।

सिंह ने बताया कि बाद में कटाव के बाद गंगा नदी की धार दूसरी ओर चली गई और 1952 में जलमग्न रही जमीन अब उपजाऊ दियरा हो गई जिसपर अवैध कब्जा करने वालों ने खेती शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों ने इस जमीन पर बैंक से ऋण भी ले लिया। जिलाधिकारी ने बताया कि इस अवैध कब्जे के कारण नदी का पाट बहुत संकरा हो गया। उन्होंने बताया कि कलान तहसील के ग्राम सुखनैया, चतुआपुर, शिवपुरी, खादर, तथा चिरौला मड़ैया के अलावा जलालाबाद तहसील के ग्राम डूडी के भू-माफियाओं ने गंगा के नाम की जमीन को अपने नाम करा लिया और उसके बाद हुई चकबंदी में भी अधिकारियों ने कोई कार्यवाही नहीं की। जिलाधिकारी ने जांच के बाद नदी की जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया और वापस उसे गंगा तथा रामगंगा नदियों के अवैध रूप से भू माफियाओं के नाम दर्ज जमीन को पूरा गंगा तथा रामगंगा नदी के नाम दर्ज कराया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में लिप्त तत्कालीन सरकारी अधिकारियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्वाई की जाएगी। अपर जिलाधिकारी राशिद अली ने बताया की गंगा नदी की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करके करीब 40 भू-माफियाओं ने 6,312 बीघा जमीन सरकारी अभिलेखों में 500 लोगों के नाम दर्ज करवा दी थी।

# रोडवेज बस से भिड़ी ट्रैक्टर ट्राली, एक दर्जन से ज्यादा घायल, एक की मौत

**बछरावां रायबरेली।** बांदा बहराइच हाईवे पर नंदा खेड़ा गांव के पास एक रोडवेज बस वह ट्रैक्टर ट्राली की आमने सामने से टक्कर हो गई हादसे में एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया गया है । वहीं अन्य तीन की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है । शुक्रवार देर शाम लगभग 9 बजे बांदा बहराइच हाईवे पर नंदा खेड़ा गांव के पास एक रोडवेज बस की ट्रैक्टर से आमने सामने से भिड़ंत हो गई । हादसे में रोडवेज बस पर सवार अनुराग 28 पुत्र सोहनलाल निवासी खागा फतेहपुर, सचिन (22) पुत्र उमेशचंद्र खागा फतेहपुर, अजय कुमार (32) पुत्र सुरेंद निवासी खागा फतेहपुर, धर्मेंद्र (35) पुत्र राम सुंदर निवासी लालगंज कॉलोनी, विमल कुमार (58) पुत्र सोमनाथ मिश्रा निवासी दयालु पुर लालगंज, आरके सिंह (58) पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी सुदन खेड़ा लालगंज , अल्पेश गौतम 29 पुत्र विजय प्रकाश निवासी फतेहपुर, सुरेंद्र कुमार (60) पुत्र ज्वाला प्रसाद निवासी फतेहपुर , सचिन कुमार (22) पुत्र विनय कुमार फतेहपुर ,रजनीश (21) पुत्र मिथिलेश लालगंज सहित अन्य लोग घायल हुए हैं । कुछ लोगों ने निजी अस्पतालों में भी इलाज कराया है । घायलों के प्राथमिक उपचार के बाद अजय कुमार विनोद कुमार अल्पेश गौतम सुरेंद्र कुमार की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया वही उज्जवल मौर्य पत्र सुरेश मौर्या उम्र 20 वर्ष पत्थर का सिविल लाइन फतेहपुर की हादसे में मृत्यु हो गई है थाना अध्यक्ष जगदीश यादव ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी

# बकायादारों को प्रभारी नपा ईओ/एसडीएम ने दिया नोटिस, होगी वसूली

**संतकबीरनगर।** नगर पालिका खलीलाबाद के निम्न दुकानदारों के द्वारा अपना बकाया जमा न करने के कारण उप जिलाधिकारी खलीलाबाद तथा प्रभारी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका खलीलाबाद अजय कुमार त्रिपाठी के निर्देशानुसार नोटिस दी गई इन की दुकानें हो सकती है निरस्त और तालाबंदी। उप जिलाधिकारी खलीलाबाद अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि सूची के अनुसार दुकानदारों द्वारा समय से कर नहीं चुकाया जा रहा है। जिसके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए इनको नोटिस दी गई है तथा भविष्य में इन दुकानों का आवंटन निरस्त किया जा सकता है। प्रभारी अधिशासी अधिकारी के इस कार्रवाई द्वारा नगरपालिका क्षेत्र के बकायेदारों में हड़कंप मच गया। उन्होंने बताया कि बड़े बाकीदारों के विरुद्ध भविष्य में भी इसी प्रकार की कार्रवाई की जाएगी।

# हादसा होने पर घायल को तत्काल पहुंचायें अस्पताल: योगेश यादव

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देशन में सीओ यातायात शिवप्रकाश सोनकर एवं यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव ने पुरानी कोतवाली परिसर में ई-रिक्शा व टैम्पो चालकों के साथ यातायात जागरूकता गोष्ठी की। शुक्रवार को गोष्ठी में यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव ने वाहन चालकों से कहा कि ओवरलोड सवारी न बैठायें। वाहनों में सवारी न लटकायें। सवारी उतारते-बैठाते समय वाहन को सडक के बाई ओर किनारे लगायें। बीच सडक पर सवारी न बैठायें न उतारें। ओवर टेकिंग न करें। नशा करके वाहन न चलायें। सवारियों से उचित किराया लें। किसी प्रकार की छीना-झपटी न करें। वाहन चलाते समय हेलमेट व सीटबेल्ट का प्रयोग करें। वाहनों में फर्स्ट एड बाक्स होना अनिवार्य है।



यातायात गोष्ठी में बोलते टीएसआई

उन्होंने कहा कि यातायात नियमों एवं संकेतकों का पालन करें। सडक दुर्घटना का मुख्य कारण यातायात नियमों की जानकारी न होना व पालन न करना है। वाहन चलाते समय मोबाइल व हेडफोन का प्रयोग न करें। तेज गति से वाहन न चलायें। कहीं कोई हादसा होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। घायल को नजदीकी अस्पताल अवश्य पहुंचायें। बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलायें। 18 वर्ष की आयु पूरी होने पर ड्राइविंग लाइसेंस बनवायें। छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी। यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव ने नियमों के प्रति जागरूक करते हुए लोगों के बीच यातायात जागरूकता पम्पलेट बांटे। उन्होंने कहा कि 12 नवम्बर को लोक अदालत में वाहन चालकों एवं आम जनता को जागरूक कर लम्बित चालानों का निस्तारण कराने की सलाह दी। गोष्ठी में व्यापार मंडल के अध्यक्ष ओम केशरवानी, भाजपा नेता पंकज अग्रवाल, व्यापार मंडल महामंत्री सुनील द्विवेदी एवं अन्य सम्भ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

# बाहर से दवाएं मंगा सीएचसी पहाड़ी के डाक्टर कर रहे मरीजों का शोषण

## शासन के आदेशों की उड़ रहीं धज्जियां

संवाददाता। पहाड़ी (चित्रकूट)

**सामुदायिक स्वास्थ्य** केंद्र पहाड़ी में शासन के आदेशो की खुलेआम धज्जियां उडा डाक्टरों द्वारा क्षेत्र के गरीब मरीजों से अस्पताल के बाहर से दवा मंगाकर आर्थिक शोषण किया जा रहा है। पीडित मरीजों ने जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी से प्रकरण की जांच कराकर दोषियों के विरूद्ध कार्वाई किये जाने की मांग की है।

जहां एक ओर केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार समाज के हर तबके को अच्छा इलाज मुहैया कराने के लिए लाखों- करोड़ों रुपए खर्च कर गांव-गांव उप स्वास्थ्य केंद्र बनवा कर अच्छी से अच्छी दवाएं समय से पहुंचा रही है। जिससे समाज के हर तबके को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो। लेकिन भगवान का दूसरा रुप कहे जाने वाले डाक्टर सरकार की मंशा पर महज चंद रुपयों की



लालच में पलीता लगा रहे हैं। वही पेटेंट दवाओं की बजाय अस्पताल के बाहर से भारी कमीशन वाली दवाएं लिखकर मरीज का आर्थिक शोषण करने के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। कभी कभी तो इन दवाओं के सेवन से मरीज को अपनी जान से भी हाथ धोना पड़ जाता है। लेकिन इसके बावजूद डाक्टर बाहर की दवा लिखने से बाज नहीं आ रहे। कुछ ऐसा ही मामला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी में देखने को मिला। बता दें हालांकि यह पहला मामला नहीं है सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहले पड़ोसी जनपद कौशांबी के मंझनपुर के एमआर की दवाए धड़ल्ले से लिखी जाती रही है। जब से कुछ नये डाक्टरो की पदस्थापना हुई तो बांदा के दवा बिक्रेता जो पूरी तरह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी में कब्जा जमाये है यहां का हर डाक्टर उसकी दवा जरुर लिखता है चाहे मरीज मरे या जिये। लेकिन इस समय केंद्रीय जांच टीम के जिले में आने की वजह से बाहर की पेटेंट दवाएं लिखी जा रही है। आज पहाड़ी थानांतर्गत चौरा गांव निवासी दीपक बुखार-जुखाम से पीडित अपनी चार वर्षीय पुत्री कोमल का इलाज कराया। डाक्टर ने पूरी दवाएं मेडिकल स्टोर से लिख दिया। जबकि मरीज की आर्थिक स्थिति बहुत ही कमजोर है। इसके बावजूद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी में पदस्थ डाक्टरों द्वारा बाहर की दवा लिखी जाती है। ग्रामीणो ने जिलाधिकारी से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी में बाहर की दवा लिखने पर प्रतिबंध की मांग करती है।

## क्विक न्यूज

### लापरवाही पर आठ पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

**सहारनपुर (भाषा)।** सहारनपुर जिले मे मादक द्रव्यों की तस्करी पर रोकथाम संबंधी ड्यूटी में लापरवाही और निष्क्रियता बरते जाने पर कड़ी कार्यवाही करते हुए आठ पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर किया गया है। पुलिस अधीक्षक (नगर) अभिमन्यु मांगलिक ने बताया, जिन पुलिसकर्मियो को लाइन हाजिर किया गया है, उन सभी के ड्यूटी वाले क्षेत्रों मे स्मैक की तस्करी हो रही थी। मादक पदार्थो की तस्करी में पुलिस की संलिप्तता की भी शिकायतें मिल रही थी। सहारनपुर जिले मे स्मैक के बढते प्रचलन को देखते हुए सहारनपुर और देवबंद से कई तस्करो को करोड़ो रुपए की स्मैक के साथ भी दबोचा गया था। मांगलिक ने बताया कि स्मैक की तस्करी को न रोक पाने वाले थाना प्रभारियो पर भी अब शिकंजा कसा जाएगा। उन्होंने बताया कि जिन पुलिसकर्मियो का लाइन हाजिर किया गया है वे सरसावा थाना सदर बाजार, बेहट, कुतुबशेर, देवबद मे तैनात पुलिसकर्मी है, उन्हे लाइन हाजिर करते हुए उनके खिलाफ विभागीय जांच भी बैठा दी गई है।

### टेनरी में प्रदूषण टैंक की सफाई के दौरान तीन मजदूरों की मौत

**कानपुर (भाषा)।** जिले के जाजमऊ इलाके में एक टेनरी में प्रदूषण टैक की सफाई के दौरान बृहस्पतिवार रात जहरीली गैस के कारण तीन मजदूरों की मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (पूर्वी) रवींद्र कुमार ने बताया कि सुखबीर सिंह (35), सोनू बाल्मीकि (28) और सत्यम यादव (26) टेनरी (चमड़ा शोधन कारखाना) के प्रदूषण टैंक की सफाई कर रहे थे, उसी दौरान वे जहरीली गैस के कारण बेहोश हो गए। उन्होंने कहा कि घटना के बाद, टेनरी के कर्मचारियो ने किसी तरह तीनो को टैंक से बाहर निकाल कर लाला लाजपत राय (एलएलआर) अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कहा कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पीड़ित परिवार के सदस्यों को घटना के बारे में सूचित कर दिया गया है। कुमार ने कहा कि अगर मृतक के परिवार वाले लिखित शिकायत देते हैं तो प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

### जमीन विवाद के मामले में पुलिसकर्मियों समेत 31 के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**भदोही (भाषा)।** जमीन विवाद के एक मामले में अदालत के एक आदेश के बाद सात पुलिसकर्मियों समेत 31 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार ने शुक्रवार को बताया कि ज्ञानपुर के वर्तमान क्षेत्राधिकारी भुवनेश्वर कुमार पांडे (तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक सुरयावा), उपनिरीक्षक परशुराम यादव, आरक्षी मनीष समेत 31 के खिलाफ बृहस्पतिवार को सूर्यवा थाने में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि मामला सूर्यवा थाना क्षेत्र के जोधपुर गांव का है, जहां कमरुद्दीन नामक एक व्यक्ति ने छह महीने पहले मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सबिहा खातून की अदालत मे एक याचिका दायर की थी और अदालत ने सात पुलिसकर्मियों समेत 31 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश दिया था। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सबीहा खातून ने इस मामले मे प्रभारी निरीक्षक भुवनेश्वर कुमार पांडेय, उप निरीक्षक परशु राम यादव, कांस्टेबल मनीष, आशुतोष, मुनेश, प्रदीप, घनश्याम और रमा शंकर शर्मा समेत 12 नामजद और 11 अज्ञात मनरेगा मज़दूरों समेत कुल 31 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। कुमार ने बताया की मामले मे अदालत के आदेश पर कुल 31 के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उप निरीक्षक द्वारा विवेचना की जा रही है।

### सोमनाथ भारती के हाजिर नहीं होने पर अदालत ने दी चेतावनी

**सुलतानपुर (भाषा)।** सुलतानपुर की एमपीएमएलए अदालत ने दिल्ली के पूर्व कानून मंत्री सोमनाथ भारती को हाजिर नहीं होने पर चेतावनी दी है। अदालत मामले की अगली सुनवाई अब 17 नवंबर को करेगी। शासकीय अधिवक्ता कालिका प्रसाद मिश्र ने बताया कि आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सोमनाथ भारती जनवरी 2021 मे उत्तर प्रदेश के दौरे पर आए थे। आरोप है कि उन्होंने जगदीशपुर में उत्तर प्रदेश के अस्पतालों में बच्चे के जन्म को लेकर अशोभनीय टिप्पणी की थी। उन्होने बताया कि भारती की टिप्पणी से आहत जगदीशपुर के हरपालपुर गांव निवासी सोमनाथ शाहू ने पुलिस में तहरीर लेकर पूर्व कानून मंत्री सोमनाथ भारती के खिलाफ जगदीशपुर थाने में नौ जनवरी, 2021 को मामला दर्ज कराया था। मिश्र ने बताया कि इस मामले मे सोमनाथ भारती के बार-बार अदालत मे हाजिर नही होने पर अदालत ने बृहस्पतिवार को नाराज होते हुए उन्हे चेतावनी दी है।

### पेट्रोल पम्प पर तौल के मानक की हुई जांच

**मेंहदावल।** जिला अधिकारी प्रेम रंजन सिंह के निर्देश के क्रम में एसडीएम मेहदावल योगेश्वर सिंह एवं वरिष्ठ बांट माप निरीक्षक विशुन कुमार वर्मा द्वारा इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप अवध ऑटोमोबाइल्स दुर्गजोत का निरीक्षण किया गया। मौके पर सप्लाई विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। मौके पर हवा मशीन, ग्राहक सुविधाएं यथा पानी व टॉयलेट की व्यवस्था देखी गई। वेंडिंग मशीनों की भी जांच की गई एवं सफाई, रखरखाव हेतु निर्देशित किया गया। पेट्रोल और डीजल का मानक के अनुरूप तापमान एवं घनत्व को भी परखा गया।

### जिला जज ने तांत्रिक की अग्रिम जमानत अर्जी की निरस्त

**संतकबीरनगर।** तंत्र मंत्र के जाल में फंसा कर बलात्कार करने वाले तांत्रिक की अग्रिम जमानत अर्जी जिला एवं सत्र न्यायाधीश हरीश त्रिपाठी ने निरस्त कर दी। जिला शासकीय अधिवक्ता विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि गोरखपुर के सहजनवा थाना अंतर्गत रहने वाली एक महिला ने थाना धनघटा में प्रार्थना पत्र दी कि उसके पति काफी बीमार हो गए थे। काफी इलाज के बाद भी ठीक नही हो रहे थे। कुछ लोगो ने बताया कि थाना धनघटा के सेवईपर का सुरेश चंद्र झाड़, फूंक तंत्र से ठीक कर देगा। वह सुरेश चंद्र के घर पहुंची और अपने पति को दिखाई। सुरेश चंद्र ने बताया कि उसके पति के ऊपर मूक बाड़ चलाया गया है। झाड़ फूंक पूजा पाठ में तीन लाख रुपए खर्च आएंगे तभी उसके पति को बचाया जा सकता है। उसने किसी तरह से तीन लाख रुपए व्यवस्था करके अपने पति की जान बचाने के लिए तांत्रिक को दी तो उक्त तांत्रिक उसका शारीरिक मानसिक शोषण करता रहा। जब पति का स्वास्थ ठीक नहीं हुआ तो तांत्रिक से अपना पैसा मांगी तो तांत्रिक ने कहा कि उसका पति ठीक हो जाएगा। पैसा मांगने गई तो उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा तथा उसके साथ बलात्कार किया व उसे जान से मारने की धमकी दिया। मामले में थाना धनघटा में मुकदमा पंजीकृत हुआ तथा आरोपी तांत्रिक सुरेश चंद्र ने अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जिसे सत्र न्यायाधीश हरीश त्रिपाठी ने निरस्त कर दिये।

### राइस मिल की नीलामी 15 को

**संतकबीरनगर।** जिला के अंतर्गत ग्राम कोल्हुआ लकड़ा, पोस्ट उतरावल तहसील खलीलाबाद में स्थित मेसर्स शिव शक्ति राइस मिल कोल्हुआ लकड़ा का उपजिलाधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी द्वारा निरीक्षण किया गया। शिव शक्ति राइस मिल पर बकाया मूल्य रू 10686547.80 की वसूली के आधार पर चल व अचल संपत्ति की नीलामी आगामी 15, नवम्बर, 2022 को नीलामी अधिकारी द्वारा तहसील खलीलाबाद में की जाएगी की जानकारी उपजिलाधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी द्वारा दी गई। मौके पर क्षेत्रीय लेखपाल यदुनाथ त्रिपाठी, क्षेत्रीय अमीन दिलीप सिंह, ग्रामवासी नारद राय, गुंजेस्वरी राय, संतोष राय आदि उपस्थित रहे।

# श्री बाराही देवी मेला, विकास प्रदर्शनी के आयोजन कराने की फिर उठी मांग

## बुंदेलखंड मुक्ति मोर्चा ने डीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

संवाददाता। जालौन (उरई)

**नगर पालिका** की उदासीनता के चलते नगर में गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल बना रहा श्रीबाराहीं देवी मेला एवं विकास प्रदर्शनी का आयोजन पिछले तीन वर्ष से नहीं हो रहा है। जिसके चलते युवाओं में जहां रोष है। वहीं, दुकानदार भी परेशान हैं। नगर में गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल बने उक्त श्रीबाराहीं देवी मेला एवं विकास प्रदर्शनी के आयोजन की मांग को लेकर बुंदेलखंड मुक्ति मोर्चा ने डीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।



एसडीएम सना अख्तर को ज्ञापन देते बुंदेलखंड मुक्ति मोर्चा के सदस्य

बुंदेलखंड मुक्तिमोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रदुम्न दीक्षित इटहिया समेत लला पाटकार, वसीम हक आदि ने जिलाधिकारी चांदनी सिंह को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सना अख्तर को सौंपकर बताया कि नगर में फौजी पड़ाव की भूमि पर ऐतिहासिक श्रीबाराहीं देवी मेला का आयोजन दशकों से किया जाता रहा है। फौजी पड़ाव की इस भूमि पर एक ओर जहां श्रीबाराहीं देवी का मंदिर है तो इसी के समीप मजार भी है। दोनों स्थानों पर पूजा अर्चना के साथ ही श्रीबाराहीं देवी मेला एवं विकास प्रदर्शनी की शुरूआत होती थी। यह मेला नगर व क्षेत्र में गंगा जमुनी तहजीब की मिसान बना हुआ था। पहले दो वर्ष कोरोना के चलते श्रीबाराहीं देवी मेला एवं विकास प्रदर्शनी का आयोजन नगर पालिका द्वारा नहीं कराया गया। पिछले वर्ष नगर पालिका की उदासीनता के चलते उक्त मेले का आयोजन नहीं हो सका। अबकी बार पुनः नगर पालिका उदासीनता दिखाते हुए मेले का आयोजन न कराने की जुगत में हैं। जबकि मेले के आयोजन से जहां विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा मिलता था। वहीं, विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं से खेल प्रतिस्पर्धाओं को भी बढ़ावा मिलता था। इसके अलावा प्रदेश सरकार के स्टॉल के माध्यम से लोगों को प्रदेश सरकार की गतिविधियों और योजनाओं की जानकारी मिलती थी। लेकिन तीन वर्षों से मेले का आयोजन न होने से जहां लोक कलाकार मायूस हैं। तो खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन न होने से युवाओं में भी रोष है। इसके अलावा छोटे दुकानदारों को भी मेले में रोजगार मिलता है। वह भी परेशान हैं। उन्होंने एसडीएम से मांग करते हुए कहा कि नगर में प्राचीन संस्कृति के प्रतीक और गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल बने उक्त मेले का आयोजन इस वर्ष अनिवार्य रुप से कराया जाए ताकि सभी वर्ग के लोगों में उत्साह का संचार हो सके।

### नगर पालिका द्वारा अनुमति न देना बना चर्चा का विषय

**जालौन।** नगर में एक तो नगर पालिका स्वयं भी मेला नहीं लगवा रही है। वहीं दूसरी ओर औरैया निवासी अजय बाजपेई ने मेला लगवाने का प्रयास किया था। उन्होंने न सिर्फ फौजी पड़ाव की भूमि के लिए एनओसी ले ली थी। बल्कि अन्य सभी जरूरी दस्तावेज तैयार कर लिए थे। तत्कालीन एसडीएम राजेश सिंह व पुलिस प्रशासन की ओर से भी मेला लगवाने की अनुमति मिल चुकी थी। लेकिन कुछ राजनैतिक लोगों ने वर्तमान एसडीएम सना अख्तर पर दबाव बनाकर उक्त अनुमति को कैंसिल करा दिया। साथ ही नगर पालिका भी मेला लगवाने के लिए तैयार नहीं हुई और उसने अनुमति नहीं दी। जिसके चलते मेला रूक गया। सभी जगहों से अनुमति मिलने के बाद भी नगर पालिका द्वारा अनुमति न देना नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# शोभा यात्रा के साथ सरस्वती मंदिर परिसर में भागवत कथा का शुभारंभ

**जालौन (उरई)।** नगर के एकमात्र सरस्वती मंदिर पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ शुभारंभ शुक्रवार को कलश यात्रा व गणेश पूजन के साथ हुआ। इस दौरान नगर के विभिन्न मार्गो से होकर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सैंकड़ों की संख्या में भक्तों ने भाग लिया। नगर के कोतवाली रोड पर स्थित एकमात्र सरस्वती मंदिर पर श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ हुआ। प्रात: काल शुभ मुहूर्त में कलश यात्रा का कथा स्थल से प्रारंभ हुई। जो नगर के देवनगर चौराहा, कांजी हाउस, पानी की टंकी, छोटी माता मंदिर, बड़ी माता मंदिर, द्वारिकाधीश मंदिर, नाना महाराज मंदिर होकर पुनः कथा स्थल पर



जालौन में निकाली गयी कलश यात्रा

पहुंची। कथाव्यास पंडित गगन द्विवेदी की अगुवाई में निकली शोभायात्रा में महिला व पुरुष भक्तगण डीजे के साउंड पर भक्तिभाव से झूमते हुए आगे बड़ रहे थे। कथा स्थल पर शोभा यात्रा पहुंचने के पश्चात् कथा व्यास ने कथा स्थल पर गणेश पूजन कराया। पारीक्षित निर्मला देवी, जेपी पचौरी ने पूजन कर अपने पूर्वजों का आवाहन किया। गणेश पूजन के साथ कथा का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर पुजारी हृदेश मिश्रा, योगेश पचौरी, मुन्ना तिवारी, मनीष गुप्ता, बृजकिशोर सोनी, प्रेमनारायण सोनी, अतुल, आशीष, डॉ. एलपी पाल, शिव कुमार निरंजन, महावीर सिंह, रंजीत सोनी, बाबूजी गुर्जर, रामेश्वर दयाल निगम, केके निगम आदि मौजूद रहे।

# ... खराब टीम चयन की वजह से हारा भारत!

## शीर्ष क्रम की धीमी बल्लेबाजी भी एक वजह

भाषा। मेलबर्न



**कहते है** पुरानी आदत आसानी से नहीं छूटती और टी20 विश्व कप में भारतीय टीम को बीते जमाने का रवैया अपनाने का खामियाजा भुगतना पड़ा। टीम के सबसे अनुभवी बल्लेबाजों के द्वारा पावर प्ले में धीमी बल्लेबाजी, विकेटकीपर के तौर पर किसी एक खिलाड़ी के चयन को लेकर ऊहापोह की स्थिति और कोच राहुल द्रविड़ के जोखिम न लेने की नीति से भारत को टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड ने गुरुवार को भारतीय टीम को 10 विकेट से रौंदा। कप्तान रोहित और को द्रविड़ अगर खुद से ईमानदारी से सवाल करेंगे तो उन्हें पता चलेगा कि यह टीम सेमीफाइनल में पहुंचने की हकदार नहीं थी। वैश्विक टूर्नामेंट में पिछले नौ साल में यह छठी बार है जबकि भारतीय टीम नॉकआउट चरण में हार कर प्रतियोगिता से बाहर हो गई है। शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और हरफनमौला रविन्द्र जडेजा के चोटिल होने से टीम को बड़ा झटका लगा लेकिन यह ऐसी चीज है जिस पर टीम का नियंत्रण नहीं है। टीम का जिन चीजों पर नियंत्रण है वे उसे सही रखने में नाकाम रहे। ऑस्ट्रेलिया में कलाई के स्पिनरों की सफलता के बाद भी टी20 में भारत के सबसे सफल गेंदबाजों में से एक युजवेंद्र चहल को मौका नहीं देना भी टीम को भारी पड़ा। टी20 विश्व कप में भारतीय टीम के हार के कुछ मुख्य कारण इस प्रकार रहे।) बल्लेबाजी क्रम के शीर्ष तीन खिलाड़ियों का रक्षात्मक खेल: लोकेश राहुल, रोहित शर्मा और, कुछ हद तक विराट कोहली भी इस बात को स्वीकार करेंगे कि वे पावरप्ले में अपने खेल के स्तर को ऊपर उठाने में विफल रहे। भारतीय टीम पावर प्ले में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो विकेट पर 33 रन, पाकिस्तान के खिलाफ तीन विकेट पर 31 रन बनाने के बाद सेमीफाइनल में एक विकेट पर 38 रन ही बना सकी। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली 16 टीमों में पावरप्ले में रन गति के मामले में भारतीय टीम 6.02 की रन रेट के साथ 15वें स्थान पर है। इस दौरान सिर्फ यूएई (4.71) का रन रेट भारत से खराब रहा। टी20 विश्व कप से पहले भारत ने ऋषभ पंत, दीपक हुड्डा और सूर्यकुमार यादव को भी सलामी बल्लेबाज के तौर पर आजमाया था और टीम ने इस दौरान अधिक आक्रामक बल्लेबाजी रवैया अपनाया था। विश्व कप में हालांकि रोहित और लोकेश राहुल जैसे खिलाड़ी बड़े मंच पर उम्मीद के मुताबिक नहीं खेल पाए।

2) ऋषभ पंत और दिनेश कार्तिक में से किसी एक के चयन को लेकर स्पष्टता की कमी: पंत सीमित ओवरों के क्रिकेट में सलामी बल्लेबाज के तौर पर ज्यादा आक्रामक रहे है। मध्यक्रम में उनकी लगातार लचर बल्लेबाजी से दिनेश कार्तिक को फिनिशर की भूमिका में टीम में शामिल किया गया। कार्तिक ने इंडियन प्रीमियर लीग और भारतीय पिचों में इस भूमिका को अच्छे से निभाया लेकिन ऑस्ट्रेलिया की उछाल भरी पिचों पर उनका बल्ला नहीं चला।टीम ने लीग चरण में कार्तिक को मौका दिया तो वहीं सेमीफाइनल में बाएं हाथ के बल्लेबाज के नाम पर पंत को टीम में शामिल कर लिया गया। ऐसा लगा कि यह सब कुछ राहुल को शीर्ष क्रम पर बरकरार रखने के लिए किया गया। 3) युजवेंद्र चहल का उपयोग नहीं करना:युजवेंद्र चहल टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत के शीर्ष विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, लेकिन मजेदार बात यह है कि पिछले टी20 विश्व कप में उन्हें मौका नहीं दिया गया और इस बार वह टीम के ड्रेसिंग रूम में ही बैठे रहे। इंग्लैंड के खिलाफ इस कलाई के स्पिनर के शानदार रिकॉर्ड के बाद भी उन्हें टीम में मौका नहीं मिला। पूरे टूर्नामेंट में उनकी जगह अक्षर को प्राथमिकता दी गई जो निराशाजनक रहा। राशिद और यहां तक की कामचलाऊ गेंदबाजी करने वाले लियाम लिविंगस्टोन ने भी भारतीय बल्लेबाजों को परेशान किया। 4) कोच द्रविड़ के फैसले: द्रविड़ ने पिछले एक साल में खुद को मुख्य कोच के पद पर मजबूती से स्थापित कर लिया है, लेकिन अब समय आ गया है कि वह मौजूदा मानकों को तोड़ कर कुछ नया करे।

## द्रविड़ को न्यूजीलैंड दौरे पर आराम, लक्ष्मण होंगे भारत के कोच





**एडीलेड।** राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण न्यूजीलैंड के आगामी दौरे पर भारतीय टीम के कार्यवाहक मुख्य कोच होंगे क्योंकि राहुल द्रविड़ की अगुआई वाले कोचिंग स्टाफ को टी20 विश्व कप के बाद ब्रेक दिया गया है। अब भारत को न्यूजीलैंड मे सफेद गेंद के छह मैच खेलने है जिसमे तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और इतने ही वनडे शामिल है जो 18 नवंबर से वेलिंगटन में शुरू होंगे। सीनियर खिलाड़ी जैसे नियमित कप्तान रोहित शर्मा, स्टार बल्लेबाज विराट कोहली, सलामी बल्लेबाज केएल राहुल और स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को दौरे पर आराम दिया गया है। साथ ही कोचिंग स्टाफ को भी टी20 विश्व कप के बाद ब्रेक दिया गया है। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के सूत्र ने पीटीआई से कहा, लक्ष्मण की अगुआई मे एनसीए टीम न्यूजीलैंड जाने वाली टीम से जुड़ेगी जिसमें ऋषिकेश कानिटकर (बल्लेबाजी कोच) और साईराज बहुतुले (गेंदबाजी कोच) शामिल हैं। यह पहली बार नही है जब लक्ष्मण को भारतीय टीम में यह जिम्मेदारी दी गई है। इस पूर्व क्रिकेटर ने पिछली बार जिम्बाब्वे और आयरलैंड के दौरे तथा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हालिया वनडे घरेलू श्रृंखला के दौरान भी टीम को कोचिंग दी थी। आल राउंडर हार्दिक पंड्या टी20 श्रृंखला में टीम की अगुआई करेंगे जबकि अनुभवी सलामी बल्लेबाज शिखर धवन वनडे टीम के कप्तान होंगे।नियमित कप्तान रोहित बांग्लादेश दौरे के लिए वापसी करेंगे। कोहली और अश्विन भी बांग्लादेश दौरे के लिए टीम मे वापसी करेंगे जिसमे भारत तीन वनडे और दो टेस्ट मैच खेलेगा। यह दौरा चार दिसंबर शुरू होगा। जो खिलाड़ी न्यूजीलैंड दौरे का हिस्सा नही है, वो टी20 विश्व कप से टीम के बाहर होने के बाद रवाना होना शुरू हो गए है। कोहली एडीलेड से रवाना हो चुके है जबकि राहुल और रोहित के भी जल्द ही रवाना होने की उम्मीद है। टीम के काफी खिलाड़ी सिडनी और पर्थ से जाएंगे।

## कपिल ने भारतीय टीम को चोकर्स करार दिया



**नई दिल्ली।** महान हरफनमौला कपिल देव ने टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड से 10 विकेट की करारी शिकस्त झेलने वाली मौजूदा भारतीय टीम को चोकर्स करार दिया। खेलो मे चोकर्स ऐसी टीमो को कहा जाता है जो अहम मैचो को जीतने में नाकाम रहती है। पिछले छह विश्व कप मे भारतीय टीम पांचवी बार नॉकआउट चरण में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हुई है। कपिल ने एबीपी न्यूज से कहा, मै ज्यादा कड़े शब्दो मे आलोचना नही करूंगा क्योकि ए वही खिलाड़ी है जिन्होंने हमें अतीत मे जश्न मनाने का मौका दिया है लेकिन हां, हम उन्हें चोकर्स कह सकते है। वह ठीक है। इस बात से कोई इंकार नही है करेगा कि हम लगातार इतने करीब आने के बाद हार का सामना कर रहे है।

## एबी डिविलियर्स की सेवाएं लेनी चाहिए : वासन

**नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर अतुल वासन ने भारत की टी20 टीम के लिए पूरी तरह से भिन्न कोचिंग स्टाफ रखने की वकालत करते हुए कहा कि इस छोटे प्रारूप के विश्वकप के लिए एबी डिविलियर्स जैसे पूर्व क्रिकेटरो की सेवाएं लेनी चाहिए। वासन ने पीटीआई से कहा, हमें टी20 और टेस्ट क्रिकेट के लिए एक ही कोचिंग स्टाफ नही रखना चाहिए। आपको टी20 प्रारूप के लिए अपने जमाने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियो की सेवाएं लेनी चाहिए। हम आखिर टी20 विश्व कप के लिए एबी डिविलियर्स की मेंटर (मार्गदर्शक) के रूप में सेवाएं क्यो नही ले सकते है। वह टीम को बेहतर दिशा दे सकते है। वह खिलाड़ियो को शॉट खेलने के बारे मे बता सकते है।

## भारत की हार के बाद वाट्सएप पर निराश प्रशंसकों ने मीम्स से बयां किया दर्द

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय क्रिकेट** टीम के टी20 विश्व कप से बाहर होने के बाद प्रशंसकों के ज्ञान की बाढ़ सी आ गई है जिसमें टीम के प्रदर्शन की आलोचना के लिए कुछ मजाकिया तो कुछ काफी खराब और कुछ काफी बकवास टिप्पणियां देखने को मिल रही हैं। ये सभी वाट्सएप पर देखने को मिल रही हैं क्योंकि रोहित शर्मा की टीम के सेमीफाइनल में 10 विकेट से हारने के बाद लाखों प्रशंसक निराश हो गए, लेकिन ऐसा केवल थोड़े समय के लिए हुआ। क्योंकि कुछ ही घंटों के बाद वाट्सएप पर चुटकुलों की भरमार देखने को मिली और मीम्स आने का सिलसिला शुरू हुआ। एक मीम में लिखा हुआ था, इतना एक तरफा मैच देख कर कॉलेज का प्यार याद आ गया। इनमें से एक मीम में लोकप्रिय गेमिंग साइट की तर्ज पर इंग्लैंड भारत से कहता है, फाइनल हम खेल लेते हैं, आप ड्रीम इलेवन पर टीम बनाओ। भारतीय क्रिकेट प्रशंसक राष्ट्रीय टीम के इतने बड़े अंतर से हारने के बाद विरले ही खिलाड़ियों को इतनी आसानी से माफ करते हैं और इतने मजाकिया अंदाज में टिप्पणियां करते हैं। शायद इस बार हारना थोड़ा अलग था क्योंकि अंतिम गेंद में हारने का कोई दर्द नहीं था जिस तरह से पाकिस्तान को लीग चरण में भारत के हाथों हार मिली थी। आसानी से मिली हार ने पूरे मैच को भुला देने वाला बना दिया और यहां तक इसका मजाक उड़ाया जाने लगा जो वाट्सएप पर देखने को मिले। यहां तक कि विराट कोहली को भी नहीं बख्शा गया जिन्होंने अर्धशतक बनाकर हार्दिक पंड्या के साथ मिलकर भारत को 168 रन के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। इस फोटो वाली मीम में विराट की पत्नी अनुष्का शर्मा उनके पास नीचे बैठी हैं (फिल्म सुई धागा में जैसे वह बैठी हैं) जो क्रिकेट गियर पहने पेट के बल लेटे हैं। इसमें वह पूछती हैं कि कितने आदमी थे? (शोले फिल्म का डायलॉग) तो कोहली जवाब देत हैं, सिर्फ दो। इंग्लैंड के दो ही खिलाड़ियों ने भारत को हरा दिया था।




## यूपी योद्धाज की जीत में चमके सुरेंदर और प्रदीप

**पुणे।** यूपी योद्धाज ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) मे शुक्रवार को यहां हरियाणा स्टीलर्स को 40-34 से हराया। हरियाणा की यह लगातार तीसरी हार है। यूपी योद्धाज के लिए सुरेंदर गिल ने 11 अंक बनाकर टीम की जीत मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके अलावा प्रदीप नरवाल ने भी आठ अंक का योगदान दिया।गिल ने शुरू से ही अच्छा खेल दिखाया जिससे यूपी योद्धाज मध्यांतर तक 20-12 से आगे था।

## जग्गा का अंडर-16 चक्का फेंक में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

**गुवाहाटी।** पंजाब के देवांश जग्गा ने 37वी एएफआई राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप मे लड़को के अंडर-16 चक्का फेंक स्पर्धा मे शुक्रवार को यहां नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। सीमावर्ती शहर फाजिल्का के 10वी कक्षा के छात्र देवांश ने चार बार मीट और राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा। देवांश ने 55.02 मीटर के थ्रो के साथ शुरुआत की।

## अन्वी ने महिला ओपन एमेच्योर गोल्फ जीती

**नई दिल्ली।** भारत की 14 वर्षीय अन्वी दहिया ने शुक्रवार को यहां 12वी डीजीसी महिला ओपन एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप का खिताब जीता। दिल्ली गोल्फ क्लब मे आयोजित की गई इस तीन दिवसीय चैंपियनशिप मे 10 से 80 वर्ष तक की 125 महिला गोल्फरो ने भाग लिया। दहिया ने 230 का स्कोर बनाया और ट्रॉफी जीती जबकि 13 वर्षीय आयशा गुप्ता को दूसरा और 17 वर्षीय रेनी राणे को तीसरा स्थान मिला।

## कबड्डी विश्व कप-25 की मेजबानी करेगा वेस्ट मिडलैंड्स

**नई दिल्ली।** विश्व कबड्डी महासंघ (डब्ल्यूकेएफ) के तत्वाधान में खेले जाने वाले 2025 कबड्डी विश्व कप की मेजबानी ब्रिटेन का वेस्ट मिडलैंड्स करेगा। कबड्डी विश्व कप मे भारतीय पुरुष टीम का दबदबा रहा है जिसने 10 मे से नौ बार विश्व कप का खिताब जीता है। इन सभी विश्व कप का आयोजन अंतरराष्ट्रीय कबड्डी महासंघ (आईकेएफ) के तत्वावधान मे हुआ था और इसे एशियाई सरजमी पर खेला गया था।

## उरूग्वे की टीम में सुआरेज और कवानी

**मोंटेवीडियो (उरूग्वे)।** उरूग्वे के कोच डिएगो अलोसो ने कतर मे फुटबॉल विश्व कप के लिए गुरुवार को टीम की घोषणा की जिसमे स्ट्राइकर लुई सुआरेज, एडिन्सन कवानी और अन्य अनुभवी खिलाड़ियों को शामिल किया गया। सुआरेज और कवानी दोनो 35 वर्ष के है और हो सकता है यह उनका चौथा और अंतिम विश्व कप होगा।

## युवेंटस ने वेरोना को हराया, शीर्ष चार में पहुंचा

**मिलान।** युवेंटस ने गुरुवार को यहां सीरी ए फुटबॉल लीग मे हेलास वेरोना पर।-0 से जीत दर्ज की। इस जीत से युवेंटस लीग तालिका मे चौथे स्थान पर पहुंच गया है। सत्र में खराब शुरुआत के बावजूद युवेंटस इस साल अपने अभियान का अंत सीरी ए में शीर्ष चार स्थान में कर सकता है। युवेंटस ने मोइसे कीन के गोल की मदद से वेरोना पर जीत दर्ज की जो उसकी लगातार पांचवी जीत रही। टीम एसी मिलान और लाजियो से महज दो अंक पीछे है। इंटर मिलान और अटलांटा क्लब युवेंटस से एक अंक पीछे है।

# पाकिस्तान व इंग्लैंड के पास आंकड़े दुरुस्त करने का मौका

भाषा। मेलबर्न

**पाकिस्तान की** टीम ने 1992 में मेलबर्न क्रिकेट मैदान पर इंग्लैंड को हराकर अपना पहला वैश्विक खिताब जीता था। मौजूदा टी20 विश्व कप के फाइनल में उसके पास इस परिणाम को दोहराने का मौका होगा तो वहीं इंग्लैंड की टीम 30 साल पहले की कसक को पूरा करना चाहेगी। दोनों टीमों ने टी20 विश्व कप खिताब को एक-एक बार जीता है। साल 2009 और 2010 की चैम्पियन टीमों के बीच होने वाले मुकाबले से पहले से कुछ आंकड़े इस प्रकार है। 1) इंग्लैंड और पाकिस्तान 30 साल बाद फिर से विश्व कप फाइनल में भिड़ेंगे। 2) एमसीजी के इसी मैदान पर पाकिस्तान ने 1992 में इंग्लैंड को 22 रन से हराकर अपना इकलौता एकदिवसीय विश्व कप जीता था। 3) पाकिस्तान की टीम 1992 विश्व कप की तरह इस बार भी न्यूजीलैंड को हराकर फाइनल में पहुंची है। 4) टी20 विश्व कप में, इंग्लैंड और पाकिस्तान ने दो बार एक-दूसरे का सामना किया है। दोनो मौके पर इंग्लैंड ने जीत का स्वाद चखा है। 5) एकदिवसीय विश्व कप में दोनों के बीच हुए 10 मुकाबलों में जीत के मामले में पाकिस्तान 5-4 से आगे है। एक मैच कोई नतीजा नहीं निकला। 6) दोनों टीमों को सुपर 12 चरण में कमजोर टीमों से हार का सामना करना पड़ा। पाकिस्तान को जिम्बाब्वे जबकि इंग्लैंड को आयरलैंड ने हराया था। 7) टी20 जीत हार के मामले में इंग्लैंड की टीम पाकिस्तान से 18-9 से आगे है। एक मैच का कोई नतीजा नहीं निकला। 8) प्रतिष्ठित मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर दोनों टीमों ने कोई भी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं जीता है। 9) खेल के इस सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में इंग्लैंड के विरुद्ध पाकिस्तान का सर्वोच्च स्कोर 232 और न्यूनतम स्कोर 89 रन का है। पाकिस्तान के खिलाफ इंग्लैंड का सर्वश्रेष्ठ 221 न्यूनतम 135 रन है। 10) कप्तान बाबर आजम (560) ने इंग्लैंड के खिलाफ पाकिस्तान के लिए सबसे अधिक टी20 अंतरराष्ट्रीय रन बनाए हैं। इस टीम के खिलाफ उनका सर्वोच्च स्कोर इस साल सितंबर में कराची में 66 गेंदों में नाबाद 110 रन का है।

### टी20 विश्व कप फाइनल में पहुंचे इंग्लैंड और पाकिस्तान के कुछ आंकड़ें

## भारत सफेद गेंद के इतिहास में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली टीम : वॉन

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का कहना है कि सफेद गेंद के क्रिकेट के इतिहास में भारत सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली टीम है। उन्होंने आलोचना करते हुए कहा कि टी20 विश्व कप में भारतीय टीम ने पुरानी शैली का क्रिकेट खेला। एक और आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) में भारत का अभियान निराशाजनक रहा। इस बार इंग्लैंड ने पूर्व चैम्पियन भारत को गुरूवार को टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में 10 विकेट से हरा दिया। वॉन ने द टेलीग्राफ में लिखे अपने कॉलम में कहा, भारत इतिहास में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली सफेद गेंद की टीम है। हर खिलाड़ी जो इंडियन प्रीमियर लीग में खेलने जाता है, कहता है कि इससे उनके खेल में कितना सुधार हुआ लेकिन भारत ने इससे क्या हासिल किया है? 2011 मेमं घरेलू सरजमीं पर 50 ओवर का विश्व कप जीतने के बाद उन्होंने क्या किया है? कुछ नहीं। भारत सफेद गेंद में वैसा ही पुरानी शैली का क्रिकेट खेल रहा है जो उसने वर्षों से खेला है। वॉन ने साथ ही भारतीय टीम प्रबंधन की ऋषभ पंत का प्रभावी रूप से इस्तेमाल नहीं करने की भी आलोचना की। उन्होंने ऋषभ पंत जैसे खिलाड़ी का भरपूर इस्तेमाल नहीं किया। इस दौर में उसे शीर्ष पर रखिए।

# बोर्ड युवा खिलाड़ियों को अनुभव के लिए विदेशी लीग खेलने की अनुमति दें : कुंबले



भाषा। नई दिल्ली

**भारत के** पूर्व कप्तान अनिल कुंबले चाहते हैं कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) युवा खिलाड़ियों को वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले 2024 टी20 विश्व कप से पहले अनुभव हासिल करने के लिए दुनिया भर में विभिन्न टी20 लीग में भाग लेने की अनुमति दे। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की 2008 में शुरुआत के बाद कई देशों ने अपनी घरेलू टी20 लीग शुरू की जिसमें ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग (बीबीएल), पाकिस्तान प्रीमियर लीग (पीएसएल), कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) जैसे टूर्नामेंट शामिल है। आईपीएल में दुनिया भर के खिलाड़ियों को भाग लेने की अनुमति होती है लेकिन बीसीसीआई किसी भी सक्रिय भारतीय क्रिकेटर को इन विदेशी लीग में भाग लेने की मंजूरी नहीं देता है। कुंबले ने ईएसपीएनक्रिकइंफो से कहा, मुझे लगता है कि एक्सपोजर (वहां के हालात में खेलने का अनुभव) निश्चित रूप से मदद करता है। हमने इसे भारतीय क्रिकेट के विकास में मदद करते हुए देखा है। आईपीएल में विदेशी खिलाड़ियों के आने से भारतीय क्रिकेट को निश्चित रूप से मदद मिली है। अगर किसी युवा खिलाड़ी को विदेश भेजने से उसके खेल में सुधार होता है तो फिर हमें ऐसा करना चाहिए। भारतीय टीम के इस पूर्व कोच ने कहा, मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है कि आपके पास वह सब कुछ होना चाहिए जो आपके लिए 2024 के विश्व कप में जरूरी होगा। आपको विश्व कप के लिए अच्छे से तैयार रहना होगा। इस विश्व कप में भारतीय टीम में कई ऐसे खिलाड़ी थे जिसे ऑस्ट्रेलिया में खेलने का अनुभव नहीं था वही दूसरी तरफ इंग्लैंड के खिलाड़ियों को बीबीएल में खेलने का अनुभव है। इसमें कप्तान जोस बटलर और सलामी बल्लेबाजी में उनके जोड़ीदार एलेक्स हेल्स भी शामिल है।

## ऐसे बल्लेबाजों की जरूरत जो गेंदबाजी कर सकें

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय कोच अनिल कुंबले ने कहा कि भविष्य में टी20 क्रिकेट में पावरहिटिंग (ताबड़तोड़ बल्लेबाजी) का ही दबदबा रहेगा और उन्होंने सुझाव दिया कि भारतीय टीम को ऐसा क्रिकेट खेलने की जरूरत है जिसमें लप्पेबाज टीम में संतुलन के लिए गेंद से भी योगदान कर सकें। एडीलेड में गुरूवार को टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड के पावर हिटर एलेक्स हेल्स और जोस बटलर के धमाकेदार प्रदर्शन से भारत को 10 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। भारत के बल्लेबाजी में धीमे रवैए की भी चारों ओर से आलोचना हो रही है जिससे टीम करारी हार से टूर्नामेंट से बाहर हो गई। कुंबले ने ईएसपीएनक्रिकइंफो डॉट कॉम से कहा, मुझे लगता है कि ऐसा निश्चित रूप से किए जाने की जरूरत है, हम गेंदबाजों के बल्लेबाजी करने के बारे में बात करते रहते हैं। लेकिन मुझे लगता है कि भारतीय क्रिकेट में आपको ऐसे बल्लेबाजों की जरूरत है जो टीम के संतुलन के लिए गेंदबाजी भी कर सकें। इंग्लैंड के पास यही चीज थी।

## भारत को विदेशी टी20 लीग में खेलना चाहिए: फ्लेमिंग

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान स्टीफन फ्लेमिंग का मानना है कि भारत को अगले टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए विदेशी लीग विशेषकर कैरेबियाई प्रीमियर लीग में खेलने पर विचार करना चाहिए। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अपने खिलाड़ियों को विदेशी लीग में खेलने की अनुमति नही देता है। भारतीय खिलाड़ियों की कमजोरी टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में खुलकर सामने आई जहां उसे इंग्लैंड के हाथों 10 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। बिग बैश लीग में खेलने वाले एलेक्स हेल्स और जोस बटलर ने भारतीय गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा दी थी। फ्लेमिंग ने ईएसपीएन क्रिकइंफो से कहा, इस पर विचार किया जा सकता है विशेषकर तब जबकि आप कमेंटेटरों से एडिलेड ओवल में हेल्स के अनुभव के बारे में सुनते है।

## मसौदा अपनाने से जुड़ी याचिका पर सात दिसंबर को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के संविधान के मसौदे से संबंधित आपत्तियों और मुद्दों पर सुनवाई सात दिसंबर को करेगा। आईओए की यहां आम सभा की विशेष बैठक के दौरान संविधान के मसौदे को अपनाया गया था। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने हालांकि एक अंतरिम याचिका में तत्काल सुनवाई खारिज कर दी जिसमें खेल संस्था के संविधान के मसौदे में कुछ अनधिकृत बदलाव का आरोप लगाया गया है।

# मैच रद्द होने पर संयुक्त विजेता बन सकते हैं इंग्लैंड व पाक

भाषा। मेलबर्न

**इंग्लैंड और** पाकिस्तान के बीच रविवार को यहां एमसीजी में होने वाले टी20 विश्व कप फाइनल और अगले दिन रिजर्व डे (सुरक्षित दिन) दोनों दिनों में बारिश का खतरा मंडरा रहा है जिससे इन दोनों टीमों को संयुक्त विजेता घोषित किया जा सकता है। इस समय मेलबर्न में रविवार को बारिश की 95 प्रतिशत संभावना है जिसमें 25 मिली मीटर तक बारिश हो सकती है। मौसम विभाग का कहना है, बारिश आने की संभावना बहुत ज्यादा (करीब 100 प्रतिशत) है। गरज के साथ तेज बारिश पड़ने की संभावना काफी अधिक है। दुर्भाग्य से मैच के लिए सोमवार को रखे गए रिजर्व डे में भी बारिश की संभावना 95 प्रतिशत है । जिसमें पांच से 10 मिलीमीटर बारिश हो सकती है। फाइनल के लिए टूर्नामेंट का नियम कहता है कि नॉकआउट चरण के मैच में प्रत्एक टीम को कम से 10 ओवर खेलने जरूरी है। अगर बारिश से दोनों दिन का खेल नहीं हो पाता तो इंग्लैंड और पाकिस्तान को ट्राफी साझा करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।



## इमरान की टीम की तरह दमखम नहीं, लेकिन बाबर की अगुवाई में इतिहास दोहराने को तैयार पाकिस्तान

**मेलबर्न।** बाबर आजम की अगुवाई मे पाकिस्तान की क्रिकेट टीम के टी20 विश्व कप फाइनल मे पहुंचने के साथ ही लगभग उसी तरह का मंच तैयार हो गया है जैसा कि तीस साल पहले करिश्माई कप्तान इमरान खान की अगुवाई वाली टीम के साथ यहां हुआ था। बाबर अपने देश को पहला वैश्विक खिताब दिलाने वाले इमरान की बराबरी करने से एक कदम दूर है। इमरान ने 39 साल की उम्र मे 1992 मे अपने नेतृत्व कौशल से ग्रहम गूच की अगुवाई वाली बेहद मजबूत इंग्लैंड की टीम को मेलबर्न के इसी मैदान मे शिकस्त देकर पाकिस्तान को एकदिवसीय विश्व कप का चैम्पियन बनाया था। ऑक्सफोर्ड मे पढ़ाई करने वाले इमरान का रूतबा और रवैया बाबर से काफी अलग था लेकिन बाबर अपने देश के सबसे बड़े खेल नायको मे एक की बराबरी करने के करीब है। इमरान उस टीम के हर खिलाड़ी के लिए कप्तान थे और टीम को उनके हर फैसले को मानती थी।

## दिव्यांश ने एशियाई एयरगन चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण, किरण जाधव को मिला रजत

**नई दिल्ली।** भारतीय निशानेबाजों ने कोरिया के डेइगू में शुक्रवार को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर 15वें एशियाई एयरगन चैम्पियनशिप अपने अभियान की सकारात्मक शुरुआत की। पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल जूनियर स्पर्धा में ओलंपियन दिव्यांश सिंह पंवार ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि किरण अंकुश जाधव ने इसी स्पर्धा के सीनियर प्रतियोगिता में रजत पदक अपने नाम किया। श्री कार्तिक सबरी राज रविशंकर ने जूनियर पुरुष एयर राइफल में कांस्य पदक जीता। दिव्यांश ने 260.7 के स्कोर के साथ रैंकिंग राउंड में शीर्ष पर रहने के बाद स्वर्ण पदक मैच में स्थानीय दावेदार बंग सेंघो को 17-9 से हराया। श्री कार्तिक ने 258.8 के स्कोर के साथ सेंघो के बाद तीसरे स्थान पर रहे। पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में किरण अंकुश जाधव 262.4 के स्कोर के साथ रैंकिंग राउंड में दूसरे स्थान के साथ फाइनल में पहुंचे। स्वर्ण पदक की भिड़ंत में किरण को कोरिया के पार्क हाजुन ने 10-16 से हराया।

## नेशंस कप से एफआईएच प्रो लीग के लिए क्वालीफाई करना लक्ष्य : सविता

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता आगामी नेशंस कप के जरिए 2023-24 के सत्र के एफआईएच प्रो लीग के लिए क्वालीफाई करना चाहती हैं जिससे कि टीम को अगले साल होने वाले एशियाई कप की तैयारियों में मदद मिलेगी। एफआईएच नेशंस कप अंतरराष्ट्रीय हॉकी कैलेंडर में महत्वपूर्ण स्थान रखता है क्योंकि इसमें प्रमोशन और रेलीगेशन प्रणाली अपनाई जाती है। इस प्रतियोगिता का चैंपियन एफआईएच हॉकी लीग के 2023-24 सत्र के लिए क्वालीफाई करेगा। एफआईएच नेशंस कप 11 से 17 दिसंबर के बीच वैलेंसिया में खेला जाएगा। भारत को कनाडा, जापान और दक्षिण अफ्रीका के साथ पूल बी में रखा गया है। पूल ए में आयरलैंड, इटली, कोरिया और मेजबान स्पेन शामिल हैं।

## भारतीय फुटबॉल कोच स्टिमक ने कहा, एशियाई कप के लिए सोच समझकर योजना बनाने की जरूरत

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के कोच इगोर स्टिमक ने 2023 में होने वाले एशियाई कप के लिए सोच समझकर योजना बनाने की अपील करते हुए कहा कि वह आगामी फीफा विश्व कप का गहराई से अध्ययन करेंगे जिससे महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए टीम को तैयार करने में मदद मिलेगी। भारत के पास एशियाई कप की तैयारियों के लिए लगभग एक साल का समय है।

# लवलीना, परवीन, स्वीटी व अल्फिया को स्वर्ण

### एशियाई चैंपियनशिप

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय मुक्केबाज** लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा), परवीन हुड्डा (63 किग्रा), स्वीटी (81 किग्रा) और अल्फिया खान (81 किग्रा से अधिक) ने जॉर्डन के अम्मान में चल रही एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शुक्रवार को स्वर्ण पदक जीते। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और 75 किग्रा भार वर्ग में पहली बार किसी टूर्नामेंट में भाग ले रही लवलीना ने उज्बेकिस्तान की रुजमेतोवा सोखीबा पर 5-0 से सर्वसम्मत निर्णय से जीत हासिल की जबकि परवीन ने जापान की किटो माई को इसी अंतर से हराया। इसके बाद स्वीटी और अल्फिया ने क्रमश: कजाकिस्तान की गुलसाया एरजान और जॉर्डन की इस्लाम हुसैली को हराकर स्वर्ण पदक जीता। स्वीटी ने एरजान को आसानी से हराया जबकि अल्फिया की प्रतिद्वंद्वी पहले राउंड में अयोग्य घोषित किए जाने के कारण बाहर हो गई। दूसरी तरफ मीनाक्षी ने एशियाई चैम्पियनशिप में पदार्पण पर अपना अभियान फ्लाईवेट वर्ग (52 किग्रा) में रजत पदक जीतकर समाप्त किया। यह जीत 25 वर्षीय लवलीना के लिए मनोबल बढ़ाने वाली रही क्योंकि तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद वह खराब फॉर्म में चल रही थी। वह विश्व चैंपियनशिप और राष्ट्रमंडल खेलों में शुरू में ही बाहर हो गई थी। असम की यह मुक्केबाज 69 किग्रा से 75 किग्रा में खेलने लगी थी क्योंकि उनका पिछला भार वर्ग पेरिस ओलंपिक में शामिल नहीं है।



लवलीना

# ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया बिली जीन किंग कप सेमीफाइनल में

भाषा। ग्लास्गो

**ब्रिटेन ने** स्पेन को 3-0 से हराकर बिली जीन किंग कप महिला टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। महिला टेनिस के इस शीर्ष स्तरीय टीम टूर्नामेंट में ब्रिटेन ने 41 साल में पहली बार अंतिम चार में जगह बनाई है। आस्ट्रेलिया ने भी गुरूवार को ग्लास्गो में अंतिम चार में प्रवेश किया। लेकिन ग्रुप सी में ब्रिटेन ने शानदार वापसी करते हुए जीत हासिल की। ब्रिटेन के लिए एलिसिया बार्नेट और ओलिविया निकोल्स की जोड़ी ने अलियोना बोलसोवा और रेबेका मासारोवा पर 7-6, 6-2 से जीत दर्ज की। इससे पहले हीथर वाटसन और हैरियट डार्ट ने अपने से ऊंची रैंकिंग की प्रतिद्वंद्वियों को पराजित किया। डार्ट ने 13वीं रैंकिंग की पाउला बाडोसा पर 6-3 6-4 से जीत दर्ज की जबकि दोनों के बीच रैंकिंग का अंतर 85 स्थान है। शुरूआती मैच में वाटसन ने नुरिया पारिजास डायज पर 6-0 6-2 से जीत हासिल की। इससे पहले आस्ट्रेलियाई टीम बेल्जियम को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी।